

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर, गुरुवार 12 फरवरी 2026 ■ फाल्गुन कृष्ण पक्ष-11 ■ वर्ष -41 ■ अंक-312 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 13 फरवरी 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


समाज के एक वर्ग को बदनाम मत कीजिए

## 'घूसखोर पंडित' के मेकर्स पर बरसा सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली, 12 फरवरी।** फिल्म 'घूसखोर पंडित' के टाइटल को लेकर जारी विवाद के बीच सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को फिल्म के मेकर्स को फटकार लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने फिल्ममेकर नीरज पांडे को फटकार लगाते हुए कहा है कि इस तरह के टाइटल का इस्तेमाल करके समाज के एक वर्ग को बदनाम नहीं किया जा सकता है। उच्चतम न्यायालय ने यह भी कहा है कि इस तरह का शीर्षक नैतिकता और लोक व्यवस्था के खिलाफ है। इससे पहले गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में मनोज बाजपेयी अभिनीत इस फिल्म की ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई हुई। याचिका में आरोप लगाया गया है कि फिल्म जाति और धर्म आधारित स्टीरियोटाइप को बढ़ावा देती है और इससे लोक व्यवस्था, सांप्रदायिक सौहार्द और संवैधानिक मूल्यों को खतरा है। शीर्ष अदालत में यह जनहित याचिका ब्राह्मण समाज ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय संगठन सचिव अतुल मिश्रा ने दायर की है। उन्होंने नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली इस फिल्म पर रोक लगाने की मांग की है।

याचिका में कहा गया है कि फिल्म का शीर्षक और कहानी पहली नजर में आपत्तिजनक और अपमानजनक है, जो ब्राह्मण समाज को बदनाम करने वाली है। याचिका में खास तौर पर 'पंडित' शब्द के इस्तेमाल पर आपत्ति जताई गई है, जिसे जाति और धर्म से जुड़ी पहचान बताया गया है और उसके साथ 'घूसखोर' जैसे शब्द को जोड़ने को रिश्वत और नैतिक भ्रष्टाचार से जोड़ने की बात भी कही गई है।

सुप्रीम कोर्ट में याचिका पर सुनवाई के दौरान जस्टिस बी वी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय, केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड और नीरज पांडे को नोटिस जारी किया है। इस दौरान पीठ ने मेकर्स को फटकार लगाते हुए कहा, "आप ऐसे शीर्षक का इस्तेमाल कर समाज के एक वर्ग को क्यों अपमानित कर रहे हैं। जब तक आप हमें बदला हुआ शीर्षक नहीं बताते, हम फिल्म को रिलीज की इजाजत नहीं देंगे।" कोर्ट ने नीरज पांडे को यह हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है कि फिल्म 'घूसखोर पंडित' किसी भी समाज के वर्ग को अपमानित नहीं करती है।

बता दें कि 'घूसखोर पंडित' का निर्माण नीरज पांडे ने किया है। हाल ही में मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में नेटफ्लिक्स ने इस फिल्म की घोषणा की थी। फिल्म में मनोज बाजपेयी के साथ नुसरत भरूचा, साकिब सलीम, अक्षय ओबेरॉय और दिव्या दत्ता भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। सुप्रीम कोर्ट में मामले की अगली सुनवाई 19 फरवरी को होगी।

## कोयला व्यवसायी के ठिकानों पर आयकर का छापा

### एसआईआर स्टीकर लगी गाड़ियों से पहुंचे अधिकारी

**बिलासपुर, 12 फरवरी।** शहर में आज आयकर विभाग की कार्रवाई से कारोबारी जगत में हड़कंप मच गया। कोयला व्यवसायी प्रवीण झा के फील ग्रुप से जुड़े कई ठिकानों पर आयकर विभाग की टीम ने एक साथ दबिश दी। कार्रवाई की सूचना मिलते ही शहर के व्यापारिक हलकों में चर्चा तेज हो गई। जानकारी के अनुसार आयकर विभाग की टीम सुबह अचानक शहर पहुंची और फील ग्रुप के ऑफिस, आवास और फैक्ट्रियों में सघन जांच शुरू कर दी। अधिकारियों की गाड़ियां एसआईआर सर्वे टीम के स्टीकर के साथ विभिन्न स्थानों पर पहुंचीं। बताया जा रहा है कि विभाग की अलग-अलग टीमें एक साथ कई ठिकानों पर दस्तावेजों और वित्तीय लेन-देन से जुड़े रिकॉर्ड खंगाल रही हैं।

**घुटकू स्थित प्लांट और रामा वर्ल्ड स्थित आवास पर भी पहुची टीम**-घुटकू स्थित प्लांट और रामा वर्ल्ड स्थित आवास पर भी टीम ने जांच की कार्रवाई की है। वहां कंप्यूटर हार्ड डिस्क, फाइलों और अन्य दस्तावेजों की पड़ताल की जा रही है। कार्रवाई के दौरान बाहरी लोगों की आवाजाही सीमित कर दी गई है और सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। प्रवीण झा शहर के प्रमुख कोयला व्यापारियों में गिने जाते हैं। ऐसे में इस कार्रवाई को लेकर व्यापारिक वर्ग में हलचल बनी हुई है।

### तिरुपति मिनरल्स में भी रेड

जांजगीर-चांपा। जिले से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है। चांपा-बिर्रा रोड स्थित तिरुपति मिनरल्स के कार्यालय में आयकर विभाग ने छापा मारा है। आईटी की टीम ने कोयला व्यापारी अंशुमान मुरारका के दफ्तर में दबिश दी है, जहां सुबह से दस्तावेजों और लेन-देन की गहन जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि कार्यालय के भीतर अधिकारियों की टीम खातों और आय-व्यय से जुड़े रिकॉर्ड खंगालने में जुटी हुई है।

## पिकअप ने मॉर्निंग वॉक कर रहे 3 लोगों को रौंदा, दो की मौत

**जशपुर, 12 फरवरी।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर गम्हरिया में गुरुवार सुबह लगभग 6 बजे एक हृदयविदारक सड़क दुर्घटना ने क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया। मॉर्निंग वॉक पर निकले स्थानीय नागरिकों को एक तेज रफ्तार पिकअप ने निर्ममता से कुचल दिया। इस भीषण हादसे में दो लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया है। मृतकों की शिनाख्त




गम्हरिया निवासी लकड़ा मिस्त्री एवं हिरा मिस्त्री के रूप में की गई है। दोनों पेशे से वाहन मिस्त्री बताए जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पिकअप वाहन की रफ्तार बहुत तेज थी। चालक ने नियंत्रण खोते हुए पैदल चल रहे लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन सहित घटना स्थल से फरार हो गया, जिससे क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। हादसे की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस दल मौके पर पहुंचा और पंचनामा कार्रवाई उपरांत शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने अज्ञात पिकअप चालक के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध कर लिया है। आरोपी की धरपकड़ के लिए विशेष टीम गठित की गई है। साथ ही घटना की तह तक पहुंचने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शीघ्र ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### बकाया कर नहीं देने पर 5 बसें जब्त

**जशपुर, 12 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में परिवहन विभाग ने मोटरयान कराधान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन स्वामियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। लंबे समय से कर और पैनल्टी बकाया होने के कारण विभाग ने जिले की पांच बड़ी बसों को जब्त कर लिया है। विभाग ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि बकाया राशि एक सप्ताह के भीतर जमा नहीं होने पर इन वाहनों की सार्वजनिक नीलामी की जाएगी। छत्तीसगढ़ मोटरयान कराधान अधिनियम 1991 की धारा 15 के तहत यह कार्रवाई की गई है। विभाग का कहना है कि नियमों के अनुसार कर, पैनल्टी या ब्याज का भुगतान नहीं करने वाले वाहनों को कुर्क कर नीलामी के माध्यम से राजस्व की वसूली की जाएगी। परिवहन विभाग ने यह भी कहा कि समय-सीमा समाप्त होने के बाद किसी प्रकार की रियायत नहीं दी जाएगी और जो भी वाहन बिना वैध कर भुगतान के सड़कों पर पाए जाएंगे, उन पर इसी तरह की सख्त कार्रवाई की जाएगी। परिवहन विभाग ने साफ कर दिया है कि समय-सीमा समाप्त होने के बाद किसी भी प्रकार की रियायत नहीं दी जाएगी। निर्धारित अवधि के भीतर कर जमा न करने की स्थिति में कानूनी प्रावधानों के तहत नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

## राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार प्रस्ताव पर भड़की कांग्रेस

**नई दिल्ली, 12 फरवरी।** कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने भाजपा को कल लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के उस भाषण पर जवाब देने की चुनौती दी है, जिसमें उन्होंने निर्मला सीतारमण द्वारा उनके सवालों का जवाब न देने की आलोचना की थी। उन्होंने किरेन रिजिजू पर संसदीय फुटेज को गलत तरीके से इस्तेमाल करने का आरोप भी लगाया और संसदीय कार्य मंत्री के इस कृत्य को असंसदीय बताया। उनकी यह टिप्पणी केंद्रीय मंत्री रिजिजू के उस बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कल कहा था कि लोकसभा में भाजपा सदस्य कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ "सदन को गुमराह करने और निराधार बयान देने" के लिए विशेषाधिकार नोटिस भेजेंगे।इस पर प्रतिक्रिया देते हुए वेणुगोपाल ने कहा कि मैं उन्हें राहुल गांधी के भाषण का जवाब देने की चुनौती देता हूं। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कल अपने भाषण में सबसे महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए। निर्मला सीतारमण ने उनके सवालों का जवाब नहीं दिया। सदन स्थगित होने के बाद किरेन रिजिजू ने एक वीडियो ट्वीट किया। उन्होंने संसद का वीडियो कैसे हासिल



किया? संसदीय कार्य मंत्री अब असंसदीय हो गए हैं। उनका कर्तव्य संसद के सुचारू संचालन के लिए विपक्ष के साथ समन्वय करना है, लेकिन वे खुद ये सब कर रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा कि मैंने राहुल गांधी को सदन में बुलाकर उनके द्वारा उठाए गए बिंदुओं को प्रमाणित करने का अनुरोध किया है। राहुल गांधी ने सरकार और प्रधानमंत्री के खिलाफ निराधार और झूठे आरोप लगाए हैं, उनका कहना है कि प्रधानमंत्री ने भारत और भारतीय हितों को बेच दिया है।

## मजदूरों-किसानों की देशव्यापी हड़ताल से कई राज्यों में जनजीवन प्रभावित

**नई दिल्ली, 12 फरवरी।** केंद्रीय श्रमिक संगठनों और किसान समूहों के आह्वान पर आज देशभर में भारत बंद के तहत व्यापक हड़ताल और प्रदर्शन देखे जा रहे हैं। हम आपको बता दें कि श्रमिक संगठनों का आरोप है कि केंद्र सरकार की नीतियां मजदूर और किसान हितों के खिलाफ तथा बड़ी कंपनियों के पक्ष में हैं।

इसी के विरोध में दस केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के साझा मंच ने यह राष्ट्रव्यापी कदम उठाया है जिसे कई किसान संगठनों, छात्र समूहों और युवा संगठनों का भी समर्थन मिला है। आज हो रही हड़ताल के दौरान उठ रही मांगों में मुख्य जोर चार श्रम संहिताओं को रद्द करने, बिजली संशोधन विधेयक 2025 और बीज विधेयक 2025 को वापस लेने, नए परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं को रोकने, पुरानी पेंशन योजना बहाल करने और मजदूरों के लिए न्यूनतम वेतन सुनिश्चित करने पर है।

साथ ही मनरेगा जैसी ग्रामीण रोजगार योजना के लिए अधिक धन और मजबूत प्रावधान की मांग भी उठाई जा रही है। श्रमिक संगठनों ने जरूरी सामान, पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दाम कम करने की भी मांग रखी है।

हड़ताल के कारण कई जगह जनजीवन पर असर देखा गया। बैंकिंग, बीमा, डाक, परिवहन, खनन, गैस पाइपलाइन और बिजली जैसे क्षेत्रों में आंशिक बाधा की आशंका पहले




ही जताई गई थी। हालांकि अस्पताल, आपात सेवाएं, निजी कार्यालय, मेट्रो सेवा और जरूरी आपूर्ति सेवाएं चालू हैं ताकि आम लोगों को बहुत अधिक कठिनाई न हो। केरल में हड़ताल का व्यापक असर दिखा है। राज्य में सरकारी बसें और अधिकतर निजी बसें सड़कों से गायब रहीं, जिससे कार्यालयों में उपस्थिति कम रही। राज्य सरकार ने पहले ही आदेश जारी कर कहा था कि बिना अनुमति अनुपस्थिति रहने पर उस दिन का वेतन काटा जा सकता है। फिर भी परिवहन सेवा ठप रहने से कई कर्मचारी ड्यूटी तक नहीं पहुंच सके। ऑटो यूनियन ने भी सेवा नहीं देने की घोषणा की।

## कृषि भवन से हटाई जाएगी 100 साल पुरानी कदीमी मस्जिद

**नई दिल्ली, 12 फरवरी।** सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना के अंतर्गत नई दिल्ली के कृषि भवन परिसर में स्थित 100 साल से अधिक पुरानी 'कदीमी मस्जिद' के अस्तित्व पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा दिल्ली वक्फ बोर्ड की याचिका खारिज करने और केंद्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा हाल ही में जारी टेंडर के बाद मस्जिद को हटाए जाने की आशंका बढ़ गई है। हालांकि, केंद्र सरकार ने पूर्व में मस्जिद को सुरक्षित रखने का आश्वासन दिया था।



2024 में दिल्ली हाईकोर्ट ने वक्फ बोर्ड की याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी थी कि बोर्ड तब दोबारा कोर्ट आ सकता है जब उसे सेंट्रल विस्टा परियोजना में अपनी संपत्ति पर खतरा महसूस हो। याचिका में कृषि भवन की मस्जिद सहित छह धार्मिक स्थलों को सुरक्षा देने की मांग की गई थी। सुनवाई के दौरान 1 दिसंबर 2021 को सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को आश्वस्त किया था कि उन धार्मिक स्थलों के साथ कुछ नहीं हो रहा है और सरकार अभी वहां तक नहीं पहुंची है।

लेकिन, अब स्थिति बदलती दिख रही है। इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 19 जनवरी 2026 को CPWD द्वारा कृषि भवन और शास्त्री भवन के पुनर्विकास के लिए जारी किए गए टेंडर दस्तावेजों में, मस्जिद को हटाए जाने वाली संरचनाओं की सूची में स्पष्ट रूप से शामिल नहीं किया गया है। इसके बावजूद, टेंडर के साथ संलग्न विस्तृत ड्रॉइंग्स में मस्जिद को नए प्रस्तावित भवन के नक्शे में उसके मूल स्थान पर नहीं दिखाया गया है। कदीमी मस्जिद कृषि भवन के खुले प्रांगण में स्थित है। यह मुख्य रूप से केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों द्वारा नमाज अदा करने के लिए उपयोग की जाती है। हालांकि यह भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के तहत एक संरक्षित स्मारक नहीं है, लेकिन यह 1970 के दिल्ली प्रशासन के राजपत्र में प्रकाशित वक्फ संपत्तियों की सूची में दर्ज है। वक्फ बोर्ड ने अदालत को बताया था कि यह मस्जिद सरकारी इमारत से भी पुरानी है। बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष अमानतुल्ला खान ने कहा, "सरकार ने अदालत में कहा था कि मस्जिदों को प्रभावित नहीं किया जाएगा। अगर अब वे इसे ध्वस्त करने जा रहे हैं, तो यह गलत है।"

## महानदी में अवैध उत्खनन बेलगाम, हाईकोर्ट सख्त

### निसदा में 15 चूना पत्थर खदानें बिना पर्यावरण मंजूरी संचालित, गांव पर बाढ़ का खतरा

**बिलासपुर, 12 फरवरी।** आरंग क्षेत्र में महानदी के तट पर अवैध उत्खनन खुलेआम जारी है। स्वीकृत क्षेत्र से अधिक खुदाई और बिना पर्यावरण स्वीकृति के खनन को लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन से शिकायत करने के बाद जनहित याचिका दायर की थी। प्रशासन ने कोर्ट में दावा किया कि कार्रवाई हो चुकी है, लेकिन हाईकोर्ट ने इस जवाब को शपथ पत्र में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

**बिना अनुमति 2 साल से खनन**-ग्राम पंचायत निसदा के अंतर्गत पिछले दो वर्षों से 15 चूना पत्थर खदानें पर्यावरण विभाग की स्वीकृति के बिना संचालित होने की शिकायत ग्रामीणों ने की थी। रायपुर कलेक्टर, खनिज विभाग और अन्य संबंधित विभागों से गुहार लगाने के बावजूद कार्रवाई सिर्फ जुर्माना वसूली तक सीमित रही।

**जल आपूर्ति पर खतरा, नदी की चौड़ाई सिमटी**-निसदा में महानदी पर बना बैराज महासमुंद और आरंग-रायपुर जिलों की जल आपूर्ति का प्रमुख स्रोत है। बावजूद इसके, खदानों का अपशिष्ट नदी तट पर डंप किया जा रहा है। रोजाना सैकड़ों वाहन कटिंग पत्थर नदी में भर रहे हैं, जिससे महानदी की चौड़ाई तेजी से सिमट रही है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि समय रहते रोक नहीं लगी तो गांव में बाढ़ जैसी स्थिति बन सकती है।

**औचक कार्रवाई, मशीनें जब्त**-प्रशासन का कहना है कि खनिज विभाग की टीम ने समोदा, कागदेही और हरदीडीह रेत खदान क्षेत्रों में औचक निरीक्षण कर मोटर बोट सक्शन मशीन (पनडुब्बी) और चेन माउंट मशीन जब्त की, खनन कार्य बंद कराया और कागदेही रेत खदान को सील किया गया।



**हाईकोर्ट की दो टूक**-हाईकोर्ट पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि अवैध रेत खनन, भंडारण और परिवहन करने वालों को सिर्फ जुर्माना लगाकर नहीं छोड़ा जा सकता, बल्कि आपराधिक प्रकरण दर्ज होना चाहिए। कोर्ट ने मुख्य सचिव को अवैध खनन पर कड़ी निगरानी और सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

राष्ट्रीय भारोत्तोलन स्पर्धा-2026, ज्ञानेश्वरी यादव ने जीता स्वर्ण पदक

## ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में छत्तीसगढ़ की प्रतिभा पदक जीतने के करीब

✍ जसवंत क्लाडियस, तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

समूह खेल और एकल खेल में सफलता या असफलता का अर्थ एक ही होता है। जहां तक श्रेय लेने की बात आती है तो एकल खेल में भाग लेने वाले प्रतिभागी की उपलब्धि के लिए उसकी मेहनत, परिश्रम, अनुशासन, त्याग, पक्का इरादा जिम्मेदार होता है जबकि समूह खेल में मिली सफलता के लिए टीम के सभी प्रतिभागियों का सामूहिक प्रदर्शन इसके लिए शाबासी प्राप्त करता है। आधुनिक ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में शामिल 28 कोर गेम्स में भारोत्तोलन भी शामिल है। यह एकल खेल है .सिडनी 2000 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में भारत की कर्णम मल्लेश्वरी ने 67 कि.ग्रा. वजन वर्ग में कांस्य पदक जीता और इसके साथ ही हमारे देश में यह खेल तेजी से लोकप्रिय हो गया। भारोत्तोलन खेल मानव सभ्यता का बहुत ही पुराना खेल है। हम कह सकते हैं कि प्राचीन काल में मिस्र तथा यूनान में मकान, दीवाल, पुल, सड़क आदि के निर्माण के समय जब वजनी पत्थर, लकड़ी आदि को उठाने के लिए आधुनिक युग की तरह भारी-भरकम मशीन नहीं थी तब मनुष्य स्वयं आपसी समझ से यह कार्य करता था। धीरे-धीरे इस शक्ति प्रदर्शन के स्वरूप ने भारोत्तोलन नामक खेल को जन्म दिया। इस खेल के महत्व और प्रसिद्धि को




इस तथ्य से साबित किया जा सकता है कि यह खेल 1896 के पहले आधुनिक ओलंपिक खेलों में सम्मिलित कर लिया गया। हमारे देश के भारोत्तोलकों को सबसे पहले 2000 के सिडनी ओलंपिक खेलों में भाग लेने योग्यता हासिल हुई। पहले ही ओलंपिक खेल में भाग लेकर भारत की कर्णम मल्लेश्वरी ने जिस तरह कांस्य पदक जीता उससे इस खेल ने भारतीय युवाओं के दिल में जगह बना ली। इसके प्रभाव से छत्तीसगढ़ की प्रतिभाएं भी उभरकर आई। अब स्थिति यह है कि इस खेल में छत्तीसगढ़ की ज्ञानेश्वरी यादव ने 53 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। राजनांदगांव में एक छोटी सी जगह में अभ्यास आरंभ करके ज्ञानेश्वरी ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई फिर छत्तीसगढ़ की सरकार ने उन्हें पुलिस विभाग में नियुक्ति दी। इन दिनों वह एशियाई खेलों, ओलंपिक खेलों में भारत की तरफ से विश्व योग्यता हासिल करने के लिए इंडिया कैंप में रात-दिन पसीना बहा रही है। छत्तीसगढ़ की खेल नगरी राजनांदगांव में भारोत्तोलन के प्रति समर्पण, नियमित अभ्यास, अनुशासन के साथ पली बढ़ी अपने राज्य के साथ भारत देश का नाम रौशन करने की चाहत के कारण अखिल भारतीय पुलिस सेवा का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप में भारत को स्वर्ण पदक दिलाया है। 2026 की सीनियर राष्ट्रीय स्पर्धा में ज्ञानेश्वरी ने 53 किग्रा वर्ग में 186 किलोग्राम स्नैच में 83 किग्रा, क्लीन व जर्क 103 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। एक साधारण परिवार की ज्ञानेश्वरी यादव ने पिछले सात वर्षों से भारोत्तोलन के लिए अपने आपको समर्पित कर दिया और आर्थिक तंगी के बावजूद राजनांदगांव के खेलप्रेमियों के सहयोग साथ ही केंद्र सरकार , केन्द्रीय खेल मंत्रालय तथा भारतीय खेल प्राधिकरण नई दिल्ली के सहयोग से आज विश्व में उन्हें चौथी वरीयता प्राप्त है। भारत में भारोत्तोलन के खेल में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। 2000 सिडनी ओलंपिक के बाद 2020 में मणिपुर की मीराबाई चानू ने टोक्यो 2020 में रजत जीता है। उनके अलावा कुंजरानी देवी, जेरेमी लालरिनुंगा, संगीता चानू, सतीश शिवलिंग और रागला वेंकट राहुल ने भी भारोत्तोलन में भारत का नाम रौशन किया है। छत्तीसगढ़ में उचित प्रशिक्षण व सुविधा मिलने पर अनेक छिपी हुई प्रतिभाएं सामने आ सकती है।

# किसी को बिना कुछ बताए चलीं गईं बच्चियों को पुलिस ने तलाश कर घर पहुंचाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 12 फरवरी।** भिलाई अर्जुन नगर कैम्प-1 में रहने वाली 10 साल की पांचवीं क्लास की एक बच्ची, उसकी 8 साल की तीसरी क्लास में पढ़ने वाली छोटी बहन और पड़ोस की 11 साल की एक लड़की। ये तीनों घर से बिना किसी को बताए घूमने निकल गईं इसी दौरान तीनों एक दुकान पर रुकीं वहाँ एक बच्ची ने बिना बताए एक चॉकलेट उठा ली दुकानदार ने यह देख लिया और तुरंत बच्ची के पिता को फोन कर दिया फोन पर पिता से बात हुई तो उन्होंने गुस्से में बच्ची को डाँट लगाई डाँट सुनकर बच्ची बहुत नाराज़ हो गई उसे लगा कि घर जाकर तो और डाँट पड़ेगी बस, यहीं से तीनों ने घर लौटने का मन बदल दिया जब बच्ची का पिता दुकान पर पहुँचे तो बच्चियाँ वहाँ से जा चुकी थीं परिवार और पड़ोस वाले मिलकर उन्हें ढूँढने लगे, लेकिन रात बीत गई और कहीं कोई सुराग नहीं मिला अगले दिन यानी शनिवार को माता-पिता थाने पहुँचे और गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई सूचना मिलते ही दुर्ग के डीआईजी विजय अग्रवाल ने तुरंत चार विशेष टीमें बनाईं और बच्चियों की तलाश शुरू कर दी पुलिस ने दर्जनों सीसीटीवी फुटेज खंगाले फुटेज में तीनों बच्चियाँ गुम होने की जगह से होते हुए अलग-अलग चौराहों और सड़कों पर दिखीं, लेकिन वे कहीं रुकती नहीं दिख रही थीं बाद में पता चला पता चला कि 6 तारीख़ की शाम को ही तीनों बच्चियाँ पावर हाउस रेलवे स्टेशन से ट्रेन संख्या 12853 दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस पकड़कर निकल गई थीं ट्रेन जब उसी शाम उसलापुर (बिलासपुर) स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर रुकी, तो आरपीएफ के हेड कांस्टेबल एस.के. साहू की नज़र उन तीनों पर पड़ी पूछताछ करने पर बच्चियों ने अपन पता और घर से भागने की वजह बता दी आरपीएफ ने उन्हें तुरंत चाइल्डलाइन बिलासपुर की टीम को सौंप दिया। बाल कल्याण समिति ने रात में उन्हें अस्थायी संरक्षण के लिए बालिका नूतन गृह में रखवाया अगले दिन पुलिस के सर्कुलेशन और सूचना के आधार पर बिलासपुर से दुर्ग पुलिस को खबर मिली जल्द ही तीनों बच्चियों को सुरक्षित दुर्ग लाया गया और उनके परिजनों को सौंप दिया गया दुर्ग डीआईजी विजय अग्रवाल ने खुद बच्चों के घर पहुँच कर बहुत प्यार से बच्चों से मुलाकात की उन्होंने बच्चों के लिए चॉकलेट भी लाकर दीं बच्चों से दिल की बातें कीं और उनके माता-पिता से भी बातचीत की काउंसलिंग के दौरान बच्चों ने वादा किया कि अब वो कभी भी बिना बताए घर से कहीं नहीं जाएंगी।



## एक नजर

### बंदी प्रधान आरक्षक ने बेटे को जन्म दिया

**भिलाई, 12 फरवरी (तछसं.)।** केंद्रीय जेल दुर्ग में बंद पूर्व प्रधान आरक्षक मोनिका गुप्ता ने जिला अस्पताल में बेटे को जन्म दिया है आरोपिया के खिलाफ अमानत में खयामत का मामला दर्ज कर उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया था गिरफ्तारी के समय वह 9 माह की गर्भवती थी उल्लेखनीय है कि 4 जुलाई को 2020 को सिंधिया नगर निवासी सोनल द्विवेदी के घर चोरी की घटना हुई थी अज्ञात चोर ने 79 ग्राम ज्वेलरी की चोरी की थी। जांच की जिम्मेदारी मोहन नगर थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक मोनिका गुप्ता को मिली थी सोने के जेवरात जब्त करने के बाद उसने जब्त सामान को थाने में जमा करने की जगह अपने पास रख ली थी। जांच के दौरान पाया गया कि प्रधान आरक्षक मोनिका गुप्ता ने माल खाने में जमा करने की जगह अपने पास रख लिए थे साक्ष्य के आधार पर महिला प्रधान आरक्षक मोनिका गुप्ता के खिलाफ जांच प्रारंभ कर दी गई थी गबन का मामला होने पर मोनिका गुप्ता को गिरफ्तार किया गया और उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया था ।



### चोर से 6 लाख रुपए के मोबाइल जब्त



**भिलाई, 12 फरवरी (तछसं.)।** भिलाई आरोपी खेल मैदानों एवं परीक्षा केंद्रों के बाहर खड़े वाहनों को निशाना बनाकर मोबाइल चोरी करता था और चोरी किए गए मोबाइल अनलॉक कर खातों से ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करता था पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लगभग 6 लाख रु. के मोबाइल जब्त किया है भिलाई नगर टीआई जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि 30 नवंबर 2025 को थाना भिलाई नगर क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर-7 भिलाई में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान खड़ी गाड़ियों से 3 मोबाइल फोन, कार की चाबी एवं अन्य सामान चोरी होने संबंधी रिपोर्ट पर धारा 303 (2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। संदेही शुभम श्रीवास (24 साल ) निवासी कातुलबोर्ड हरिनगर दुर्ग, स्थायी पता थाना ओमती जिला जबलपुर (म.प्र.) को हिरासत में लेकर पूछताछ की आरोपी ने बताया कि खेल मैदानों व परीक्षा केंद्रों के बाहर खड़ी स्कूटी वाहनों की डिक्की से मोबाइल, पर्स, आधार कार्ड, एटीएम कार्ड चोरी करता था ।

### मनोज राजपूत को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भिलाई, 12 फरवरी (तछसं.)।** भिलाई शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने वाले को गिरफ्तार कर मुचलके पर पुलिस ने छोड़ा दिया दुर्ग सिटी कोतवाली टीआई नवीन राजपूत ने बताया कि 1 दिसंबर 2025 को किए गए चक्काजाम में बिना अनुमति के किया गया था पटेल चौक बीएसएनएल आफिस के पास जमीन रजिस्ट्री के मुद्दे को लेकर जमकर प्रदर्शन किया गया था इस दौरान पुलिस कर्मियों के साथ प्रदर्शनकारियों ने हाथापाई कर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाया था घटना में प्रधान आरक्षक राधेश्याम चंद्राकर, आरक्षक केशव कुमार, आरक्षक तुषार सलामे, आरक्षक अजय साहू, आरक्षक हिमांशु जंघेल को चोट आईं थी शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर वार्ड 16, सिकोला भाठा निवासी मनोज राजपूत को गिरफ्तार कर मुचलके पर छोड़ गया। मनोज राजपूत ने हाई कोर्ट से अग्रिम जमानत ले चुका था। इसके पहले पुलिस ने अंबेडकर नगर, दुर्ग निवासी अनिल वासनिक, शीतला नगर दुर्ग विक्की चंद्राकर, गयानगर दिनेश पाण्डेय, राकेश यादव, सिंधी कॉलोनी जितेन्द्र बत्रा गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इन में फरार आरोपियों में कर्मचारी नगर शुभम सिंह राजपूत, बोरसी यशवंत सिंह राजपूत, ओमप्रकाश कोटवानी, गीतेश ठाकुर समेत अन्य हैं।



### युवती से गालीगलौज करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई, 12 फरवरी (तछसं.)।** भिलाई युवती से गाली गलौच करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है दुर्ग सिटी कोतवाली टीआई नवीन राजपूत ने बताया कि उरला राम नगर निवासी शिवम चन्द्राकर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी ने घटना करना स्वीकार किया। पुलिस ने उसे पकड़कर दुर्ग न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया ।



# अन्नदाताओं के चेहरे पर मुस्कान लाना भाजपा सरकार की प्रतिबद्धता:हर्षा चंद्राकर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 12 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी जिला दुर्ग की उपाध्यक्ष श्रीमती हर्षा लोकमनी चंद्राकर ने एक विज्ञप्ति जारी कर बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश के अन्नदाताओं के हित में एक बड़ा और स्वागतयोग्य निर्णय लेते हुए होली से पहले ही धान की अंतर राशि किसानों के खातों में जारी करने का ऐलान किया है। यह फैसला न केवल किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह सरकार की संवेदनशील और किसान-हितैषी सोच को भी दर्शाता है।



जहां पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार किसानों को धान की अंतर राशि चार-चार किश्तों में देकर उन्हें लंबे समय तक इंतजार करवाती थी, वहीं वर्तमान सरकार ने किसानों की जरूरत और त्योहारों की खुशियों को ध्यान में रखते हुए एकमुश्त राशि देने का निर्णय लिया है। इससे प्रदेश के लाखों किसान परिवार होली का पर्व पूरे उत्साह और सम्मान के साथ मना सकेंगे।यह निर्णय साबित करता है कि वर्तमान सरकार केवल घोषणाएं नहीं करती, बल्कि समय पर वचन निभाने का कार्य करती है। किसानों की मेहनत का उचित सम्मान और उनकी आय में वृद्धि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। धान खरीदी से लेकर भुगतान तक की पारदर्शी व्यवस्था ने किसानों का विश्वास मजबूत किया है।श्रीमती चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश के किसानों में इस निर्णय को लेकर भारी उत्साह है। यह कदम न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देगा, बल्कि बाजार में भी सकारात्मक प्रभाव डालेगा। छत्तीसगढ़ सरकार का यह निर्णय किसान कल्याण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। अन्नदाताओं के चेहरे पर मुस्कान लाना ही भाजपा सरकार की सच्ची प्रतिबद्धता है।

# अंतर विभागीय फुटबॉल प्रतियोगिता 24 फरवरी से

**भिलाई, 12 फरवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा अंतर विभागीय फुटबॉल प्रतियोगिता-2026 का आयोजन 24 फरवरी से 03 मार्च तक बीएसपी फुटबॉल ग्राउंड, पंत स्टेडियम, सेक्टर-01 में किया जाएगा।

प्रतियोगिता के आयोजन हेतु 19 फरवरी को प्रातः 11:30 बजे उप महाप्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद के कार्यालय में एक समन्वय बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रतियोगिता से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। प्रत्येक टीम को अपनी प्रविष्टि संबंधित विभाग के माध्यम से क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के कार्यालय, बोकारो हॉस्टल, सेक्टर-04 में कार्यालयीन समय के दौरान अंतिम तिथि 20 फरवरी तक अनिवार्य रूप से प्रेषित करनी होगी।

### वालीबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने चयन स्पर्धा आयोजित

**भिलाई, 12 फरवरी।** दुर्गापुर इस्पात संयंत्र द्वारा 24 से 27 फरवरी तक दुर्गापुर में सेल वालीबॉल प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम के गठन हेतु क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा 12 फरवरी को सायं 4 बजे वालीबॉल कॉम्प्लेक्स, पंत स्टेडियम, सेक्टर-1 में चयन स्पर्धा आयोजित की जाएगी।

# जोन-5 में ड्रोन से क्षेत्र की संपत्ति का सर्वे शुरू



**भिलाई, 12 फरवरी।** नगर निगम द्वारा क्षेत्र अंतर्गत संपत्तियों के सटीक निर्धारण एवं डेटा अद्यतन करने के उद्देश्य से जोन क्रमांक 5 में ड्रोन सर्वे का कार्य विधिवत प्रारंभ कर दिया गया है। आधुनिक तकनीक के माध्यम से किए जा रहे इस सर्वे से क्षेत्र की संपत्तियों की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जाएगा। सर्वे कार्य के शुभारंभ अवसर पर निगम एवं सर्वे टीम के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान जोन क्रमांक 5 के सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम, गणित बघेल, टेकराम हरिन्द्रवार सहित आईआईटी के सर्वे प्रभारी शैलेश कुमार एवं उनकी तकनीकी टीम मौजूद रही। ड्रोन सर्वे के माध्यम से संपत्तियों के क्षेत्रफल, निर्माण की स्थिति एवं उपयोग की सटीक जानकारी प्राप्त होगी। इससे डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किए जाएंगे, जिससे राजस्व वसूली में पारदर्शिता आएगी और कर संबंधी विसंगतियों को दूर किया जा सकेगा। नगर निगम प्रशासन के अनुसार यह डेटा भविष्य में शहरी नियोजन, आधारभूत संरचना के विकास एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। निगम प्रशासन ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे सर्वे टीम को पूरा सहयोग प्रदान करें, ताकि कार्य निर्धारित समय सीमा में सुचारु रूप से पूर्ण हो सके।

# जोन-3 में निर्माण एवं सफाई कार्य का अधिकारी ने किया निरीक्षण



**भिलाई, 12 फरवरी।** जोन-3 क्षेत्रांतर्गत नव निर्माण सुलभ शौचालय, केयरटेकर रूम निर्माण, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट, सब्जी मार्केट का निरीक्षण कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह द्वारा किया गया। जोन में चल रहे कार्यो को और बेहतर करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह ने वार्ड क्रं. 37 में डी.एम.एफ मद से नव निर्माण सुलभ शौचालय का निरीक्षण किये। इस शौचालय के निर्माण होने से सैकड़ो नागरिको का सुविधा मिलेगी। रविदास नगर सब्जी मंडी सुलभ इंटरनेशनल शौचालय में अतिरिक्त केयरटेकर के लिए रूम निर्माण किया जा रहा है जिसका निरीक्षण किया गया। नागरिको को किसी प्रकार की असुविधा होने पर केयरटेकर द्वारा तत्काल उसका मौके पर निराकरण कर सके। सर्कुलर, जवाहर, अनाज, सब्जी मार्केट की साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा किया गया है। दुकानों के सामने एवं सड़को पर फैले कचरे को एकत्र कर एस.एल.आर.एम. सेंटर में खाद बनाया जा सके। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उप अभियंता दीपक देवांगन, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक चुड़ामणी यादव, स्वास्थ्य एवं राजस्व विभाग के सुपरवाईजर उपस्थित रहे।

### युवती से मारपीट,आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 12 फरवरी।** युवती का पीछा कर उसके साथ छेड़खानी कर मारपीट, गालीगलौज करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है दुर्ग सिटी कोतवाली टीआई नवीन राजपूत ने बताया कि युवती जिला अस्पताल दुर्ग में बीएएमएस में इंटरशिप कर रही है। संतोषी चौक, वार्ड 6 जामुल निवासी दानिश निर्मलकर उर्फ दानेश्वर युवती को कुछ दिनों से पीछा कर अलग-अलग नंबरों से कॉल कर परेशान करता था जिला अस्पताल दुर्ग के पार्किंग में आरोपी ने युवती को बुरी नियत से पकड़कर जबरन साथ चलने का दबाव बनाया था। विरोध करने पर युवती के साथ मारपीट कर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी परेशान युवती ने घटना की शिकायत पुलिस से की थी आरोपी दानिश निर्मलकर को गिरफ्तार कर दुर्ग न्यायालय में पेश किया गया।

# मैत्री बाग फ्लावर शो में देशी-विदेशी फूल मन मोह रहे





**भिलाई, 12 फरवरी।** मैत्री बाग में आयोजित फ्लावर शो में इस वर्ष देसी और प्रवासी प्रजातियों के रंग-बिरंगे फूलों की शानदार झलक देखने को मिली। इस पुष्प प्रदर्शनी में देशी फूलों के साथ-साथ विदेशों से लाई गई दुर्लभ प्रजातियों को भी प्रदर्शित किया गया । फ्लावर शो के अंतर्गत बीएसपी एवं नॉन-बीएसपी के रेसीडेंशियल हाउस गार्डन सेक्टर-01 से 10, हॉस्पिटल सेक्टर, मरोदा सेक्टर, रिसाली तथा रूआबांधा क्षेत्र में निवासरत प्रतिभागियों ने प्रतियोगिताओं में भाग लिया। आयोजन के तहत हाई स्कूल एवं मिडिल स्कूल के स्कूल गार्डन, पॉटेड प्लांट, कट फ्लावर, फ्लोरल डेकोरेशन, फल एवं सब्जियों से बने मॉडल, रंगोली, फल एवं सब्जियों की विशेष प्रदर्शनी, माला निर्माण, बुके तथा सलाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें किंग ऑफ द शो और क्वीन ऑफ द शो सहित अन्य आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कारों का वितरण मुख्य अतिथि एवं अन्य सम्मानित अतिथियों द्वारा किया गया। मैत्री बाग चिड़ियाघर में आयोजित इस विशेष आयोजन ने प्रकृति प्रेमियों और पर्यटकों को खासा आकर्षित किया। पिछले 25 से 30 वर्षों से लगातार आयोजित हो रहे इस फ्लावर शो में इस बार 25 फीट ऊंचे शेर और 30 फीट ऊंचे बारासिंघा के मॉडल दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने। इसके साथ ही फूलों से बनी कई कलात्मक रचनाओं ने लोगों का दिल जीत लिया। मैत्री ट्रेन भी आकर्षण के केंद्र में रही। क्या बच्चे और क्या महिलाएं सभी के सभी इस ट्रेन में सैर करने के प्रति लालायित रहे। मैत्री ट्रेन का प्रबंधन करने वाले अजीत सिंह ने तरुण छत्तीसगढ़ को बताया कि यह फ्लावर शो भिलाई की पहचान बन चुका। हर वर्ष नई ऊर्जा और खुशी देता है। उन्होंने बताया कि मैत्री ट्रेन में इंजन के साथ तीन बोगियां है जो आकर्षक और सुविधाजनक है। मात्र बीस रुपये के टिकिट में अच्छा मनोरंज हो जाता है। उन्होंने झाड़ियों को हटवाकर कर रास्ते और प्लेटफार्म को नया लुक दिया है। सुरंग को भी अच्छा बनाया गया है। वहीं एक दर्शक ने बताया कि उनका परिवार पिछले 13 वर्षों से लगातार मैत्री बाग आ रहा है। यहां के रंग-बिरंगे फूल, सब्जियों की प्रदर्शनी और शानदार सजावट हर बार मन मोह लेती है।

## समाचार संक्षेप

### सरकार ने किसानों के हित में लिया अहम फैसला

**कवर्धा,12 फरवरी (तछसं.)।** विष्णु देव साय की अध्यक्षता मे मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य के किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को 3100 प्रति क्विंटल के मान से अंतर की राशि होली पर्व से पूर्व एकमुश्त प्रदान की जाएगी। इस निर्णय के तहत लगभग 10,000 करोड़ की राशि 25 लाख से अधिक किसानों के खातों में सीधे हस्तांतरित की जाएगी। पांडातराई मंडल अध्यक्ष प्रदीप पूरी गोस्वामी ने कहा कि इस निर्णय से किसानों को आर्थिक संबल मिलने के साथ ही उत्सव का उल्लास बढ़ेगा। किसान प्रदेश की आत्मा और अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव हैं। उनकी मेहनत और पसीने से ही राज्य की समृद्धि सुनिश्चित होती है। राज्य सरकार किसानों की खुशहाली, सम्मान और आर्थिक सशक्तिकरण के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। समर्थन मूल्य के अंतर की राशि होली के पहले एकमुश्त देने का निर्णय पर पांडातराई मंडल अध्यक्ष प्रदीप पूरी गोस्वामी ने सीएम को दिल से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा की बीजेपी की सरकार किसानो के हितों पर हमेशा ध्यान देती है ।



### कपड़े का थैला में ही सामान खरीदे,चंद्रायन हेल्थ केयर हॉस्पिटल डायरेक्टर ने की विनम्र अपील

**कवर्धा,12 फरवरी (तछसं.)।** चंद्रायन हेल्थ केयर हॉस्पिटल डायरेक्टर डॉक्टर विनोद चंद्रवंशी ने प्लास्टिक मुक्त अभियान पर चर्चा करते हुए कहा की पॉलीथिन का प्रयोग दैनिक जीवन में मार्केटिंग करते समय ज्यादा किया जा रहा है जो की चिंताजनक है । सड़को पर पॉलीथिन रहती है यदि गाय पॉलीथिन खाती है तो उनके स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है ओर पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है । जिलेवासियों से मेरी विनम्र अपील है की कपड़े का थैला में ही समान खरीदे जिसका यह फायदा होगा की स्वच्छता भी बेहतर रहेगी और पर्यावरण भी सुंदर होगा । चंद्रायन हेल्थ केयर हॉस्पिटल में दवाई कपड़े का थैला में थी जाती है जिसका तात्पर्य होता है की चंद्रायन हेल्थ केयर हॉस्पिटल पॉलीथिन मुक्त अभियान और कपड़े का थैला युक्त का संदेश देती है ।



### नशा जैसे कुरीतियां से दूर रहने की विनम्र अपील पूर्व नपाध्यक्ष ने की

**कवर्धा,12 फरवरी (तछसं.)।** युवाओं में नशा करने की आदत जो लगातार बढ़ रही है उस पर चिंता व्यक्त करते हुए पूर्व कवर्धा नपाध्यक्ष मानहरण कौशिक ने कहा की युवाओं को समझना होगा की गुटखा खाने से सिगरेट और शराब पीने से केंसर , लीवर , फेफड़ा खराब ओर बहुत सारी बीमारी होने की संभावना रहती है । सभी युवाओं से मेरी विनम्र अपील है की नशा जैसी कुरीतियो से दूर रहे ओर नशा मुक्त अभियान के प्रति परिवार ओर समाज को भी जागरूक करे ।



### प्रधानमंत्री आवास से आँखों में लौटी उम्मीद और विश्वास की चमक



**दुर्ग, 12 फरवरी ।** विकासखंड धमधा के बिरझापुर गांव की एक कच्ची गली में कभी राजकुमार का छोटा-सा घर हुआ करता था। मिट्टी की दीवारें और खपरैल की छत, जो हर बरसात में उसकी परेशानियों को और बढ़ा देती थीं। छत से टपकता पानी, दीवारों में पड़ती दरारें और हर तेज़ बारिश के साथ मन में बस एक ही डर, कहीं घर गिर न जाए। परिवार की सुरक्षा की चिंता में राते बेचैनी से कटती थीं। राजकुमार मेहनत-मज़दूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। आमदनी सीमित थी, लेकिन सपने बड़े थे। वह चाहता था कि उसके बच्चे सुरक्षित माहौल में रहें, शांति से पढ़ाई करें और बिना किसी डर के अपनी ज़िंदगी जिएं। मगर कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण पक्का घर उसके लिए सिर्फ एक सपना ही बना हुआ था।

### निजी कंपनियां करेगी सीधा साक्षात्कार, युवाओं को मिलेगा रोजगार का सुनहरा अवसर

**दुर्ग, 12 फरवरी ।** राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के युवाओं को निजी क्षेत्र में अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दुर्ग संभाग स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन 14 एवं 15 फरवरी 2026 को रुंगटा इंजीनियरिंग कॉलेज (आर-2), कोहका, भिलाई में किया जाएगा। प्रभारी संयुक्त संचालक (प्रशिक्षण) आईटीआई श्री टी.के.सातपुते ने बताया कि मेले में विभिन्न निजी कंपनियां भाग लेकर योग्य अभ्यर्थियों का सीधा साक्षात्कार एवं चयन करेंगी। इच्छुक अभ्यर्थियों को ई-रोजगार पोर्टल https://erojgar.cg.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन कर निर्धारित तिथि पर उपस्थित होना होगा। मेले की प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है। इन्छुक अभ्यर्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे किसी भी नियोजक-नियोक्ता को प्रोसेसिंग शुल्क, आवास, आवागमन, प्रशिक्षण अथवा किसी भी अन्य मद के लिए किसी प्रकार की राशि जमा न करें। अधिक जानकारी हेतु अभ्यर्थी आईटीआई भिलाई अथवा निकटतम आईटीआई से संपर्क कर सकते हैं।

### सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर साइबर सुरक्षा और एआई के सुरक्षित उपयोग के प्रति लोगों को किया जागरूक

**दुर्ग, 12 फरवरी ।** सुरक्षित इंटरनेट दिवस के उपलक्ष्य में विगत दिवस चिप्स जिला दुर्ग द्वारा कलेक्टोरेट के सभा कक्ष में एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति प्रशासनिक अमले को सचेत करना और इंटरनेट के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग की संस्कृति को बढ़ावा देना था। कलेक्टर श्री सिंह ने इस अवसर पर कहा कि वर्तमान में बैंकिंग, शिक्षा, स्वास्थ्य और समस्त सरकारी कार्य इंटरनेट पर आधारित हैं, इसलिए सुरक्षा के मानकों का पालन करना अब विकल्प नहीं बल्कि अनिवार्य आवश्यकता बन गया है। कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों ने विस्तृत प्रजेंटेशन के माध्यम से बताया कि साइबर अपराधी किस तरह नई तकनीकों के जरिए लोगों को निशाना बना रहे हैं। अधिकारियों को सलाह दी गई कि वे किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, संदिग्ध ईमेल और संदेशों से सावधान रहें और केवल आधिकारिक बैंकिंग ऐप्स का ही उपयोग करें।

वित्तीय लेनदेन की सुरक्षा पर जोर देते हुए बताया गया कि सार्वजनिक वाई-फाई का उपयोग करते समय बैंकिंग ट्रांजैक्शन से बचना चाहिए और अपने पासवर्ड व पिन को नियमित रूप से बदलते रहना चाहिए। इसके साथ ही, ओटीपी और सीवीवी जैसी गोपनीय जानकारी किसी से भी साझा न करने की सख्त हिदायत दी गई। यदि कोई साइबर ठगी का शिकार होता है, तो उन्हें तत्काल राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 या साइबर क्राइम की आधिकारिक वेबसाइट पर शिकायत दर्ज कराने हेतु प्रेरित किया गया।

## एक नजर

### जर्जर आंगनबाड़ी भवन बच्चों के भविष्य के लिए खतरा, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**डोंगरगढ़ 12 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 3 अंतर्गत सतनाम भवन के बगल में स्थित आंगनबाड़ी भवन की जर्जर स्थिति को लेकर पार्षद के. विनायक राव द्वारा जिला कलेक्टर, राजनांदगांव को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि उक्त आंगनबाड़ी भवन अत्यंत जर्जर अवस्था में है। भवन की छत दरक चुकी है, दीवारें कमजोर हो गई हैं और किसी भी समय गंभीर दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। इस भवन में प्रतिदिन छोटे-छोटे बच्चों का आना-जाना होता है, जिससे उनकी सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। पार्षद के. विनायक राव ने ज्ञापन के माध्यम से बच्चों के भविष्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तत्काल भवन का निरीक्षण कर जर्जर आंगनबाड़ी भवन को गिराकर नवीन, सुरक्षित एवं सुविधायुक्त आंगनबाड़ी भवन के निर्माण की मांग की है। उन्होंने कहा कि हाल ही में देश के अन्य हिस्सों में आंगनबाड़ी भवन से जुड़ी दुर्घटनाओं ने सभी को चिंतित किया है, ऐसे में डोंगरगढ़ में किसी भी प्रकार की अनहोनी न हो, इसके लिए समय रहते ठोस कदम उठाना अत्यंत आवश्यक है।

### वाणी सिस्टर्स म्यूजिकल ग्रुप जबलपुर की प्रस्तुति 14 फरवरी को

**डोंगरगढ़ 12 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मध्य प्रदेश के ख्याति प्राप्त भजन संध्या म्यूजिकल ग्रुप वाणी सिस्टर के द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी माँ बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के अगुवाई मे तीन दिवसीय भक्तिमय आयोजन माँ बमलेश्वरी नीचे मंदिर प्रांगण मे मध्य प्रदेश के ख्याति प्राप्त भजन संध्या म्यूजिकल ग्रुप वाणी सिस्टर सुरभि गुप्ता एवं नम्रता गुप्ता के द्वारा अंचल के लोगों को भक्ति मे सराबोर करने हेतु भक्तिमय प्रस्तुति आगामी 14 फरवरी दिन शनिवार को किया जाना है जिसमें आयोजक समिति के सदस्य में अंचल के लोगों से अधिक सभी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### मारपीट का आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 12 फरवरी।** प्रार्थी समीर सोनवानी निवासी ग्राम खम्हरिया यदू द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 09.02.2026 को रात्रि 09:00 बजे लगभग वह अपने दोस्तों के साथ ग्राम अमेरा जा रहा था, इस दौरान चौक में शादी कार्यक्रम में बहुत भीड़ भाड होने से प्रार्थी द्वारा रास्ता देने के लिए मोटरसाइकिल का हॉर्न बजाया गया, जिस पर आरोपी समीर ध्रुव एवं अन्य द्वारा हार्न क्यों बजा रहे हो कर कर अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया गया तथा अपने पास रखे धारदार वस्तु से वार करते हुए गंभीर चोट पहुंचाया है। कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 123/2026 धारा 296,351(2),118(1),3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कि प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमति भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी समीर ध्रुव को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा हार्न बजाने की बात को लेकर आवेश में आकर अपने साथियों के साथ मिलकर प्रार्थी के साथ गंभीर रूप से मारपीट करना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है।

### निजी हॉटल सहित अन्य आवासीय इकाइयों का टुरिज्म बोर्ड के साथ कराना होगा पंजीयन

**बलौदाबाजार 12 फरवरी।** राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ में पर्यटन की अपार सम्भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए पर्यटकों को सुरक्षित गुणवत्तापूर्ण एवं मानक सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने हेतु निजी होटलों, लॉज, रिसोर्ट, होम स्टे एवं अन्य आवासीय इकाईयों का छत्तीसगढ़ टुरिज्म बोर्ड साथ पंजीयन कराना आवश्यक किया गया है। कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले में संचालित निजी होटलों, लॉज, रिसोर्ट, होम स्टे एवं अन्य आवासीय इकाईयों का पंजीयन हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को समयबद्ध पंजीयन कराने के निर्देश दिये है।पंजीयन की प्रक्रिया ऑनलाइन टुरिज्म बोर्ड के वेबसाईट tourism. cgstate. gov. in/hotel- registration से एवं ऑफ्लाइन दोनों माध्यम से किया जा सकेगा।

# 15वें वित्त की राशि अटकी तो सरपंचों ने जनपद पंचायत में लगाया ताला

- राशि रोक दिए जाने को लेकर सरपंचों का गुस्सा सड़क पर फूट, नाराज

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**डोंगरगढ़ 12 फरवरी।** जनपद पंचायत में 15वें वित्त आयोग की राशि रोक दिए जाने को लेकर सरपंचों का गुस्सा बुधवार को सड़क पर फूट पड़ा. दर्जनों नाराज सरपंचों ने सामूहिक रूप से जनपद कार्यालय में ताला लगा दियागया, जिससे प्रशासनिक कामकाज पूरी तरह ठप्प पड़ गया और पूरे परिसर में हड़कंप मच गया। यह अभूतपूर्व विरोध ग्राम पंचायतों के ठप्प पड़े विकास कार्यों और अनेकों बार अनसुनी की गई मांगों के खिलाफ था. आक्रोशित सरपंचों का कहना था कि लंबे समय से राशि जारी नहीं होने के कारण गांवों में सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता और बुनियादी ढांचे से जुड़े कार्य पूरी तरह रुक चुके हैं. कई ग्राम पंचायतों में योजनाएं कागजों तक सीमित होकर रह गई हैं, जबकि ग्रामीण विकास ठहर सा गया है. सरपंचों ने आरोप लगाया कि प्रशासनिक स्तर पर केवल आश्वासन मिल रहे हैं, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं हुई. जनपद कार्यालय में ताला जड़ने के बाद करीब 60 से 70 सरपंच एकजुट होकर डोंगरगढ़ एसडीएम कार्यालय पहुंचे. यहां उन्होंने एसडीएम एम. भार्गव से मुलाकात कर अपनी मांगें रखीं. फिलहाल एसडीएम कार्यालय में सरपंचों और प्रशासन के बीच अहम बैठक जारी थी, जिसमें गतिरोध तोड़ने और समाधान निकालने पर चर्चा हो रही थी. स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम कार्यालय परिसर में पुलिस बल तैनात किया गया था, हालांकि प्रदर्शन अब तक शांतिपूर्ण बना हुआ था.

सरपंचों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि जल्द 15वें वित्त की राशि जारी नहीं की गई तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे और जनपद स्तर पर सभी शासकीय कार्यों का बहिष्कार कर सकते है. अब सबकी नजर इस बैठक पर टिकी थी कि क्या प्रशासन सरपंचों की नाराजगी शांत कर पाएगा कि और कोई पैंतरा अपनाकर शांत करने में कामयाबी हासिल की जायेगी जो यक्ष सवाल बनकर खड़ा हुआ है।

#### शिवधाम पर्वत में दो एकड़ चट्टानों के बीच विराजमान है शिवलिंग

# जटाशंकर मंदिर देव स्थल में 15 फरवरी को महाशिवरात्रि महोत्सव

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ 12 फरवरी।** नगरीय निकाय क्षेत्र के वार्ड नंबर 11 राम नगर में स्थित गज़मरा रोड बॉस डिपो के पास शिवधाम पर्वत के नाम से प्रसिद्ध श्री जटाशंकर मंदिर देव स्थल इन दिनों श्रद्धा और आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर यहां भव्य आयोजन की तैयारी की जा रही है। दो एकड़ से ज्यादा चट्टानों के बीच छोटे झाड़ के जंगल और प्राकृतिक वातावरण के बीच स्थित यह देव स्थल वर्षों से भक्तों की आस्था का प्रतीक रहा है। उपरोक्त जानकारी देते हुए हुए श्री जटाशंकर ट्रस्ट समिति के कार्यक्रम संयोजक जितेंद्र सिंह ठाकुर ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि बीते वर्ष के भांति इस वर्ष भी 15 फरवरी दिन रविवार को शिवधाम पर्वत मे महाशिवरात्रि पर्व का आयोजन किया जा रहा है , महाकाल के भक्तों के मन्नत पूरी होने से इस स्थान की धार्मिक महत्ता को और अधिक बढ़ा दिया है। ऊंची पहाड़ी पर विराजित शिव मंदिर दूर से ही भक्तों को आकर्षित करती है। श्रद्धालुओं के लिए जनसहयोग से सीढ़ियों का निर्माण किया गया महज 20 मिनट का रास्ता तैयार किया गया है, जिसके माध्यम से वे भगवान शिव के समीप पहुंचकर दर्शन कर सकते हैं।यह के शिवलिंग की अद्भुत मान्यता के बारे में मंदिर के पंडित विकास चौधरी ने बताया कि छोटे झाड़ के जंगल में स्थित एक कोने में भगवान शिव स्वयंभू रूप में प्रगट है । स्थानीय जनश्रुति के अनुसार आसपास के कई पेड़ समय के साथ नष्ट हो गए, किंतु यह फिर भी सदस्यों के जागरूकता के चलते पेड़ आज भी हरा-भरा और सुरक्षित है।हजारों के तादाद में पारिजात पौधा है जिसे भक्तजन भगवान की दिव्य उपस्थिति का प्रतीक मानते हैं।यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर पूजा-अर्चना करते हैं और अपनी मनोकामनाओं के पूर्ण होने की कामना करते हैं। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि बाबा महाकाल अपने भक्तों को कभी निराश नहीं करते और सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना पूर्ण होती है। ट्रस्ट के सचिव भागवत नामदेव ने बताया कि दिन में

महाशिवरात्रि पर्व के बाद इसी दिन रात में विशेष पूजा-अर्चना किया जाता है जो रात 9 समाप्त हो जाती है 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिर परिसर में रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप, भजन-कीर्तन भी किया जाता है सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है श्री जटाशंकर मंदिर ट्रस्ट समिति के फाउंडर मेंबर श्रीमती सुषमा कोठारी ने बताया कि महाकाल के भक्तों के सहयोग से भोजन प्रसाद वितरण भी किया जाता है और जो माता बहन उपहवास रहते है उनके लिए अलग से व्यवस्था किया जाता है भक्तों की सुविधा हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।श्रद्धालु दिनभर भगवान शिव का गुणगान करते सीढ़ियों से चढ़ते जाते है और। मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सजावट और फूलों से सजाया जाएगा।पहाड़ी पाठ देव स्थल केवल महाशिवरात्रि ही नहीं, बल्कि नवरात्रि पर्व पर भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहता है। शारदीय और चैत्र नवरात्रि के दौरान नौ दिनों तक यहां भक्त माता भक्ति में लीन रहते हैं। जिससे यह स्थल एक समग्र धार्मिक धाम का स्वरूप ले चुका है। छोटे झाड़ के जंगल, शांत वातावरण और प्राकृतिक सौंदर्य के बीच स्थित यह मंदिर श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति और ऊर्जा प्रदान करता है।

समिति के पदाधिकारीशिवधाम पर्वत उत्थान में पदाधिकारियों के अलावा शिव भक्तों का सहयोग रहता है 15 फरवरी दिन रविवार को श्री जटाशंकर मंदिर शिवधाम पर्वत में क्षेत्रवासियों एवं श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

## युवक की हत्या के आरोपी को पुलिस ने 8 घंटे के भीतर हिरासत में लिया



- शराब पिलाने की बात को लेकर लडाई झगड़ा कर, आरोपी ने हत्या की घटना को अंजाम दिया
- टंगिया से गर्दन पर प्राण घातक वार कर सोनू गायकवाडं की हत्या की गई

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा 12 फरवरी।** 10 फरवरी को प्रातः सूचना मिली कि मेहता नगर बस्ती में एक युवक का शव मिला है। सूचना पर शहर थाना पुलिस बल द्वारा तत्काल घटनास्थल पहुंच निरीक्षण किया गया, जिसमें युवक का शव सोनू गायकवाड ग्राम पेंडरी-भटभेरा थाना सुहेला निवासी का होना पाया गया । मृतक सोनू गायकवाड करीबन 06 माह पूर्व से मेहता नगर में आकर रोजी मजदूरी का काम करता था। प्रारंभिक जांच एवं प्रथम दृष्टया किसी अज्ञात आरोपी द्वारा धारदार वजनी हथियार से युवक के गर्दन आदि में वारकर उसे गंभीर चोंट पहुंचाकर उसकी हत्या करना प्रतीत हो रहा था धारा 103(1) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। शहर थाना पुलिस घटनास्थल के आसपास तथा मोहल्ले में रहने वाले एवं मृतक के जान पहचान वाले लोगों से विस्तृत पूछताछ किया गया, जिसके आधार पर आरोपी लक्की भारद्वाज को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर पता चला कि घटना वाले दिन को आरोपी द्वारा शराब पिलाने की बात को लेकर मृतक सोनू गायकवाड से झगड़ा विवाद किया गया तथा इस दौरान आवेश में आकर आरोपी द्वारा लोहे के टंगिया से उसके गले आदि में प्राण घातक वार करते हुए उसकी हत्या कर दिया गया। घटना पश्चात आरोपी द्वारा टंगिया को को टेउराम कॉलोनी के पीछे झाड़ी में छुपा दिया गया था तथा इसके बाद आरोपी फरार हो गया था। प्रकरण में आरोपी को 11 फरवरी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## राजस्व शिविर में मिले 263 आवेदन,194 का मौक़े पर ही निराकरण,100 स्वामित्व कार्ड वितरित



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 12 फरवरी।** कलेक्टर दीपक सोनी के. निर्देशानुसार बुधवार को क्लस्टर पंचायतों में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों के आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। शिविर में कुल 263 विभिन्न समस्याओं से सम्बधित आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 194 आवेदनों का मौक़े पर ही निराकरण किया गया एवं शेष 69 आवेदनों का जल्द निराकरण के निर्देश दिये गए।

शिविर में प्राप्त आवेदनो के निराकरण के साथ ही दस्तावेजों का वितरण भी किया गया। स्वामित्व योजना अंतर्गत 100 स्वामित्व कार्ड बांटे गए। कलेक्टर श्री सोनी के निर्देश पर अपर कलेक्टर एवं एसडीएम शिविर में पहुंच कर जायजा लिये और आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिये। इसके साथ ही दास्तावेजों का वितरण भी किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील बलौदाबाजार में 53 आवेदन में से 46 का निराकरण किया गया। लवन में 96 में से 58, पलारी में 38 में स्व 15, भाटापारा में 23 में से 22, सिमगा में 26 में से 25 आवेदन, सुहेला में 10 में से 8 एवं टुण्ड्रा में 7 में से 3 आवेदन एवं सोनाखान में 18 में से 17 आवेदनों का निराकरण किया गया है।

## तरुण हथेल कार्यकारी विहिप अध्यक्ष ने देवतुल्य आचार्य गुरु विद्या सागर महाराज को भारत रत्न देने की मांग की

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 12 फरवरी।** सांसद प्रतिनिधि ,कार्यकारी विश्व हिंदू परिषद राजनन्दगांव जिला अध्यक्ष पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष तरुण हथेल ने देव तुल्य आचार्य विद्या सागर महाराज जी की अगर जीवन देखा जाय तो निःस्वार्थ सेवा भाव से भरा हुआ है जिनके अनेको धर्म के करोड़ों है उनके अनुयायीयो के दुःख मात्र दर्शन से दूर हो जाते थे और आज सिर्फसच्चे मन से याद भर करले दिन हीन दुखयारी सारे दुःख दूर हो जाते है ,वैसे तो जैन धर्म के गुरु थे गुरु जी के नाम से कई धर्मार्थ सेवा संस्थाए जनहित में पूरे भारत देश पर चल रही है जिसमें उनके बताए हुए मार्ग पर लोग चल कर मुक्ति का मार्ग पा रहे है दुःख तो सबके जीवन मे आता है अमीर हो या गरीब सबक साथ है हथेल ने कहा इन संस्थानों में लाखों लोग कार्य कर रहे हैं जिससे उनका परिवारिक जीवन यापन चलता है इन संस्थानों में गौ सेवा,शिक्षा केन्द्र,गरीब निर्धन असहाय लोगो को मदद रोजगार, बुनकर, स्वास्थ्य शिविर जैसे विभिन्न जनहित के आयोजन इन संस्थाओं में होते रहते है जिसका सीधा लाभ आमअमीर गरीब जनता को मिल रहा है हम अगर गुरु जी का जीवन देखे तो सरल भाषा मे जनकल्याण से सजा हुआ है जन्म से लेकर मुक्ति का मार्ग तक ऐसे महान संत आचार्य श्री को शत शत नमन हम सब धन्य है जो डोंगरगढ़ की इस पवन धर्मिक नगरी में हमारे गरुवार ने देह त्यागा और इस डोंगरगढ़ की धरती को युगों युगों के लिए एक अमर अमृत पहचान दे दी मै हथेल ने कहा अपने ओर से भारत सरकार के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ,केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी पूर्व मुख्यमंत्री वर्तमान विधानसभा के अध्यक्ष डॉ रमन सिंह जी इस राजनन्दगांव जिले के लोकप्रिय सांसद संतोष पांडेय जी से हमारे देवतुल्य आचार्य श्री विद्या सागर जी महाराज को भारत रत्न देने की मांग करता हूं क्यो की उनका जीवन इस देश के साथ साथ इस पूरे विश्व संसार को समर्पित था ऐसे महात्मा के लिए यह भी बहुत छोटा है लेकिन हम मानवीय जीवन मे जो कार्य कर रहे होते है उसके अनुरूप अगर हम कार्य करे तो यह सब जरुरी होता है आओ एक कदम बढ़ाए।

## महाशिवरात्रि 15 फरवरी को निकलेगी विशाल शोभा यात्रा, 108 जोड़े करेंगे रुद्राभिषेक

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा 12 फरवरी।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नगर में विशाल शोभा यात्रा ( शिव बारात ) व 108 जोड़ों के द्वारा पार्थिव शिवलिंग पूजन रुद्राभिषेक की रूपरेखा बनाने व तैयारी के संदर्भ में जय भोले कांवरिया संघ की बैठक श्याम स्नेह एजेंसी में संपन्न हुई जिसमे तय किया गया कि 15 फरवरी महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर संध्या 3 बजे महासती मंदिर से भगवान शिव की विशाल शोभा यात्रा निकलेगी जो गोविंद चौक, रामसप्ताह चौक,आजाद चौक, जयस्तंभ चौक,फौवारा चौक होते हुए नगर पालिका स्थित महाकाल मंदिर तक जायेगी जहां भगवान शंकर की महाआरती कर ठंडाई का प्रसाद वितरण किया जाएगा तदुप्रांत रात्रि 8 बजे से पद्मा रिजॉर्ट तरेंगा रोड में पंडित जितेंद्र तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में 108 जोड़ों द्वारा भगवान शंकर का पार्थिव शिवलिंग पूजन रुद्राभिषेक किया जाएगा । विदित हो की जय भोले कांवरिया संघ द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर प्रतिवर्ष जो शोभायात्रा निकाली जाती है उसमे शामिल होने नगर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों से भी शिवभक्त आते है जिनका नगर की धार्मिक,सामाजिक,व्यापारिक व राजनीतिक संस्थाओं द्वारा जगह जगह स्वागत किया जाता है । पार्थिव शिवलिंग पूजन रुद्राभिषेक में बैठने वाले जोड़ों के लिए पूजा की समस्त सामग्री की व्यवस्था संघ के द्वारा निशुल्क की जाती है इस वर्ष रुद्राभिषेक में बैठने के लिए जोड़ों के द्वारा रजिस्ट्रेशन कराया जा रहा है। उक्त आयोजन को लेकर शिवभक्तों में विशेष उत्साह दिख रहा है आयोजन समिति भी सभी तैयारियों को पूर्ण रूप देने में सक्रिय है । सम्पूर्ण आयोजन को लेकर हुई बैठक में प्रमुख रूप से संघ के वरिष्ठ सदस्य विपिन अग्रवाल, बृज किशोर अग्रवाल,मुकेश बालानी,गोपाल पुरोहित,दीपक मल,रामजी जोशी,रवि गुप्ता,प्रकाश शर्मा,धनंजय गुप्ता, विनय ठाकुर,मोनू मल दिनेश सचदेव,नंदन शर्मा सहित भागवत कथा वाचक पंडित हरगोपाल शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे।

### राजस्व शिविर में आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई

**बलौदाबाजार, 12 फरवरी।** राजस्व पखवाड़ा अंतर्गत आयोजित राजस्व शिविर में लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान होने से उन्हें लाभ मिल रहा है। बुधवार को तहसील बलौदाबाजार में आयोजित शिविर में जगदेव ध्रुव को अधिकार अभिलेख मिला वहीं रंजना शर्मा का फ़ौती नामांतरण की समस्या दूर हुई।ग्राम भरसेली निवासी जगदेव ध्रुव पिता श्री दुलेशर ध्रुव ने बताया कि उनके पास घर का पट्टा नहीं था। राजस्व शिविर में घर का पट्टा के लिए आवेदन दिया था। आवेदम देने के कुछ घण्टे बाद ही त्वरित रूप से आवेदन का समाधान हुआ। और घर का पट्टा मिल गया। इसीतरह बलौदाबाजार निवासी रंजना शर्मा ने बताया कि पति की मृत्यु के बाद फौती नामांतरण के लिए परेशान थी लेकिन राजस्व पखवाड़े में एक आवेदन पर त्वरित रूप से फौती नामांतरण हो गया। जगदेव एवं रंजमा ने राजस्व शिविर की सराहना करते हुए कहां कि प्रशासन की अच्छी पहल है जिसमें लोगों की समस्या का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। ऐसे आयोजन समय -समय पर होते रहना चाहिए। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले के सभी तहसीलों में कलस्टर ग्राम पंचायत में 11 फ़रवरी से राजस्व शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

#### कलेक्टर व आबकारी आयुक्त के मार्गदर्शन में

# आबकारी अमले ने 9800 रुपए की शराब जब्त की

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 12 फरवरी।** आबकारी आयुक्त आर संगीता के निर्देश पर कलेक्टर दीपक सोनी एवं जिला आबकारी अधिकारी मुकेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग की टीम ने 46 बल्क लीटर अवध मदिरा जब्त किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पलारी में बाल समुंद तालाब के पास विमल गुटखा के बड़े थैले में रखे 98 पाव देशी मदिरा मसाला 17.64 बल्क लीटर लावारिस रूप से रखे जब्त किया गया। देशी मदिरा मसाला का बाजार मूल्य 9,800 होना पाया गया। अज्ञात आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनिनियम की धारा 34(2) का प्रकरण कायम कर प्रकरण को विवेचना पर लिया गया एवं तेजेश्वर गहिरवारे थाना पलारी अंतर्गत निवासी टीला के कब्जे से 7.2 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला जब्त किया गया। देशी मदिरा मसाला का बाजार मूल्य 4,000 होना पाया गया। आरोपी तेजेश्वर गहिरवारे के विरूद्ध आबकारी अधिनिनियम की धारा 34(2) का प्रकरण कायम कर प्रकरण को विवेचना पर लिया गया। इसी प्रकार बलौदाबाजार वृत्त में आबकारी विभाग की टीम द्वारा ग्राम करमंदा निवासी आरोपी डागेश्वर प्रसाद वर्मा के कब्जे से 7.2 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला एवं लवन निवासी आरोपी संदीप निषाद के कब्जे से 9.00 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला कुल 16.2 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला जब्त किया गया। देशी मदिरा मसाला का बाजार मूल्य 9,000 होना पाया गया। आरोपीयों के विरूद्ध आबकारी अधिनिनियम की धारा 34(2) का प्रकरण कायम कर प्रकरण को विवेचना पर लिया गया। सिमगा में आबकारी विभाग की टीम द्वारा आरोपी संतु कटेर ग्राम साराडीह थाना सहेला के कब्जे से 5.4 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला जप्त किया गया ।

देशी मदिरा मसाला का बाजार मूल्य 3,000 होना पाया गया। आरोपी संतु कटेर के विरूद्ध आबकारी अधिनिनियम की धारा 34(2) का प्रकरण कायम कर प्रकरण को विवेचना पर लिया गया। कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश कुमार सिंह, आबकारी उपनिरीक्षक पी. माधव राव, मनराखन नेताम, आबकारी मुख्य आरक्षक राधागिरी गोस्वामी नगर सैनिक राजकुमारी पैंकरा, दुर्गेश्वरी कुर्रे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।





## बार बार झूठ बोलने से झूठ सच नहीं हो जाता

राजनीति में कई राजनीतिक दल व नेता भले मानते हों कि वह झूठ कहने पर खबरों में बने रहते हैं और उनकी चर्चा होती है लेकिन झूठ की पोल तो एक दिन खुलती है,जनता को एक दिन समझ आ जाता है कि सच्चा कौन हौ और झूठा कौन है। चुनाव में जनता सच्चे को चुनती है और झूठे को नकार देती है। पिछले कई चुनावों में जनता ऐसा कर चुकी है, इसके बाद देश के कई राजनीतिक दलों व उनके नेताओं का यह वहम बना हुआ है कि जनता को वह धोखा दे सकते हैं, वह झूठ कहकर जनता को गुमराह कर सकते हैं। हर बार वो झूठ कहते हैं और हर बार उऩकी झूठ की पोल खुल जाती है और उसका उनको राजनीतिक नुकसान भी उठाना पड़ा है इसके बाद भी देश का विपक्ष व कई राजनीतिक दल इससे कोई सबक नहीं ले रहे हैं। कई राजनीतिक दल व उनके नेता कई बार झूठ कह चुके हैं,जनता अच्छे से जानती है कि इस देश में कौन सा राजनीतिक दल व उसके नेता झूठ की राजनीति करते हैं और सोचते हैं कि वह जनता को धोखा दे सकते हैं, वह मानते हैं कि वह बार बार झूठ कहते रहेंगे और जनता को झूठ का पता नही चलेगा ऐसा न तो पहले हुआ और न ही आगे होने वाला है। इसके बाद कई राजनीतिक दल संसद में रोज झूठ बोल रहे हैं कि लोकसभा अध्यक्ष राहुल गांधी को बोलने नहीं दे रहे हैं, वह महिला सांसदों पर आरोप लगाकर संसद की गरिमा गिरा रहे हैं।उनको निष्पक्ष होना चाहिए वह सरकार के दवाब में फैसले कर रहे हैं।वह राहुल गांधी से बोलने देने का वादा कर वादे से मुकर गए।कुल मिलाकर विपक्ष हमेशा की तरह झूठ की राजनीति कर रहा है और स्पीकर रोक रहे हैं तो उन पर हमला किया जा रहा है कि वह निष्पक्ष नहीं है। कुल मिलाकर बात इतनी है कि राहुल गांधी संसद में नियमो का पालन नहीं करते है, इस बार भी वह नियम विपरीत सेना अधिकारी नरवणे की किताब की कुछ लाइन संसद में पढ़ना चाहते थे,तोकि संसद में वह कह सकें कि पीएम मोदी डरपोक नेता हैं।यह नियम के विपरीत था इसलिए स्पीकर ओम बिरला ने अनुमति नहीं दी तो राहुल गांधी बोलने पर अड़े रहे। कांग्रेस व विपक्ष ने कई दिनों तक इस बात पर हल्ला किया कि संसद में राहुल गांधी को बोलने नहीं दिया जा रहा है, यह कोई नहीं बता रहा हैकि उनको बोलने क्यों नहीं दिया जा रहा है। वह नियम के खिलाफ बोलना चाहते हैं इसलिए बोलने नहीं दिया जा रहा है। राहुल गांधी को स्पीकर ने बोलने नहीं दिया तो बदले में विपक्ष ने योजना बनाई कि वह भी पीएम को लोकसभा नहीं बोलने देगे। इसके लिए कांग्रेस की महिला सांसदों को उपयोग करने की योजना थी। पीएम मोदी आते तो उनके सामने ऐसा कुछ किया जाता कि वह बोल नहीं पाते। कांग्रेस की यह योजना स्पीकर ओम बिरला की सजगता से सफल नहीं हुई। बिरला ने संसद में कुछ अप्रत्याशित न हो इसके लिए पीएम मोदी को संसद आने से मना कर दिया और पीएम मोदी उस दिन संसद नही आए तो कांग्रेस जो कुछ करना चाहती थी वह नहीं कर पाई। राहुल गांधी ने भी कहा था कि मुझे नहीं लगता कि पीएम मोदी संसद आएंगे, महिला सांसदों ने पीएम आसन को घेराव किया,उनके आने के रास्ते में खड़ी रही। इससे साफ हो जाता है कि वह कुछ करने वाली तो थी।गलत विपक्ष व कांग्रेस के सांसद करने वाले थे, नही कर पाए और उल्टा पीएम मोदी को कह रहे हैं कि वह सच्चाई का सामना नहीं करना चाहते इसलिए संसद नहीं आए। बिरला ने संसद में अप्रत्याशित कुछ न हो इसे रोका तो कांग्रेस की महिला सांसद उन पर आरोप लगा रही है कि उन्होंने महिला सांसदों पर आरोप लगाकर संसद की गरिमा कम की है। कांग्रेस व उसके सांसद अपने आचार विचार से गलत साबित होते रहते हैं और वह देश की जनता को गुमराह करने के लिए हमेशा खुद को सही साबित करने का प्रयास करते हैं लेकिन सही होते नहीं इसलिए झूठे ही साबित होते हैं। खुद को सही साबित करने के लिए और स्पीकर को गलत साबित करने के लिए अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है। इससे पहले विपक्ष २०१८ और २०२३ में अविश्वास प्रस्ताव ला चुका है और पारित नहीं करा सका है। वह अपनी भड़ास निकालने के लि ऐसा करता है, इस बार भी वह अपनी भड़ास निकालने के लिए अविश्वास प्रस्ताव ला रहा है। इससे वह सच्चा तो साबित नहीं होने वाला है क्योंकि वह हमेशा झूठ की राजनीति करता है और जनता उसे इसी वजह से चुनाव में नकार देती है।झूठ बोलकर राजनीति में कोई सच्चा नहीं बन सकता और कांग्रेस ही करने का प्रयास कर रही है और मुंह की खा रही है।

### विश्लेषण

# जीवन के लिए खतरा हैं लिव-इन रिलेशनशिप

**मनोज कुमार अग्रवाल**



हाल ही में एक ऐसा मामला सामने आया है जिस में शार्ट फिल्मों में काम दिलाने के बहाने सनी युवतियों को शिकार बनाता था। इसके बाद उन्हें देह व्यापार के दलदल में धकेल देता था। पुलिस ने सनी के साथ उसकी मां रंजना और मां के प्रेमी प्रदीप को गिरफ्तार कर लिया है। इस वारदात के मूल में लिवइन जिम्मेदार है। आगरा के थाना खंदौली के यमुना एक्सप्रेसवे टोल प्लाजा के पास शुक्रवार को कंबल में लपेटकर फेंके गए महोबा की सोनाली के शव के मामले में पुलिस ने महिला के साथ लिव इन में रहने वाले प्रेमी सनी, उसकी मां रंजना और मां के प्रेमी प्रदीप को जेल भेजा है। मामले में मृतका की बहन भारती ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पूछताछ में सामने आया है कि सनी शार्ट फिल्मों में काम दिलाने के बहाने युवतियों को जाल में फंसाकर देहव्यापार करवाता था। दूसरी युवती से दोस्ती का विरोध करने पर उसने सोनाली की हत्या कर दी थी।दूसरा मामला मध्यप्रदेश में इंदौर के सुगनीदेवी कॉलेज परिसर में गंभीर हालत में मिली युवती की इलाज के दौरान मौत हो गई। युवती को राहगीरों ने घायल अवस्था में एमवाय अस्पताल पहुंचाया था। उसके हाथों और शरीर पर कई टैटू बने हुए थे, वहीं शरीर पर ब्लेड से काटने के निशान भी पाए गए थे। शुरुआती जांच में डॉक्टरों को उसके साथ ज्यादती की आशंका हुई, जिसके चलते सैंपल भी लिए गए थे। पुलिस जांच में सामने आया कि युवती पर हमला उसके लिव-इन पार्टनर ने किया था। आरोपी ने हत्या की नीयत से पत्थर से वार किया था। देर रात इलाज के दौरान युवती ने दम तोड़ दिया। 'लिव-इन रिलेशनशिप' या ' सहमति संबंध' एक ऐसी व्यवस्था है, जिसमें स्त्री-पुरुष बिना विवाह किए पति-पत्नी की भांति रहने के साथ-साथ आपस में शारीरिक संबंध भी बना लेते हैं व कई तो बच्चे भी पैदा कर लेते हैं।

आपसी सहमति से कायम ऐसे संबंध पश्चिमी देशों में आम बात है। उनकी देखा-देखी भारत जैसे देशों में भी यह बुराई फैलने लगी है, जिसके दुखद परिणाम निकलने लगे हैं। लिव-इन रिलेशन में रहने वाले अपने पार्टनर की हत्या करने से भी संकोच नहीं करते पिछले दिनों में लगातार ऐसी वारदातों की झड़ी लगी हुई है। आपको ऐसी कुछ और वारदातों से अवगत कराते हैं 27 नवम्बर, 2025 को 'दिल्ली' के 'छावला' इलाके में 'वीरेंद्र सिंह' नामक व्यक्ति को जब उसकी लिव-इन पार्टनर ने शराब पीने से रोका तो 'वीरेंद्र सिंह' ने गुस्से में आकर उसका गला दबा दिया जिससे उसकी मौत हो गई।30 नवम्बर, 2025 को 'चेन्नई' (तमिलनाडु) में अपने पति को छोड़ कर 'गोविंदराज' नामक व्यक्ति के साथ लिव-इन में रहने वाली 'प्रियंका' नामक युवती ने किसी बात पर विवाद के चलते 'गोविंदराज' को मार डाला।

8 दिसम्बर, 2025 को लखनऊ (उत्तर प्रदेश) में 'रत्ना' नामक विधवा ने अपनी 18 और 14 वर्षीय 2 बेटियों की सहायता से अपने लिव-इन प्रेमी 'सूर्य प्रताप सिंह' की गला काट कर हत्या कर दी और पुलिस को बताया कि वह उसकी बड़ी बेटी पर बुरी नजर रखता था।



4 जनवरी, 2026 को 'ग्रेटर नोएडा' (उत्तर प्रदेश) में दक्षिण कोरिया के एक नागरिक की चाकू से गोद कर हत्या कर देने के आरोप में उसकी मणिपुर निवासी लिव-इन पार्टनर को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार मृतक शराब पीने का आदी था और अक्सर युवती से मारपीट करता था जिसका अंजाम इस दुखद घटना के रूप में निकला। 8 जनवरी, 2026 को 'झांसी' (उत्तर प्रदेश) में 'प्रीति' नामक महिला के साथ लिव-इन में रह रहे रिटायर्ड रेलवे कर्मचारी 'राम सिंह' को 'प्रीति' की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।12 जनवरी, 2026 को 'गाजियाबाद' (उत्तर प्रदेश) में 'आरती' नामक महिला की हत्या के आरोप में उसके लिव-इन पार्टनर 'प्रवीण कुमार' को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार दोनों में शराब पीने के बाद किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया जिस पर 'प्रवीण कुमार' ने 'आरती' की पसलियों और छाती पर ताबड़तोड़ वार करके उसे मार डाला।18 जनवरी, 2026 को 'बिजनौर' (उत्तर प्रदेश) के 'चांदपुर' में'शीतल' नामक एक महिला ने अपने लिव-इन पार्टनर 'हरिओम सिंह' की हत्या कर दी। पुलिस द्वारा पूछताछ के दौरान 'शीतल' ने बताया कि रिलेशन के दौरान जब उसे गर्भ ठहरा तो 'हरिओम सिंह' ने उसका गर्भपात करवा दिया और शादी के लिए बार-बार कहने पर भी वह मान नहीं रहा था। इस कारण वह नाराज होकर 15 जनवरी को अपने घर चली गई थी।घटना के दिन वह 'चांदपुर' लौटी। दोनों ने पहले शराब पी। फिर दोनों के बीच झगड़ा हुआ और शीतल ने शादी के लिए दोबारा दबाव बनाया तो 'हरिओम' ने खुद को फांसी लगाने की धमकी देते हुए घर के बैड पर खड़े होकर अपने गले में फंदा डाल लिया। यह देख गुस्से में आई 'शीतल' ने उसके पैरों में यह कहते हुए लात मार दी कि मैं ही तुझे मार देती हूं।

इससे वह फांसी पर झूल गया और दम घुटने से उसकी मौत हो गई। इसके बाद वह मोहल्ले के कुछ लोगों के साथ शव को खुद ही अपने साथ लेकर अस्पताल पहुंची और आत्महत्या की कहानी गढ़ दी लेकिन अंततः उसका भेद खुल गया और 'शीतल' पकड़ी गई। उच्च प्राचीन भारतीय संस्कृति को देखते हुए निःसंकोच यह बात कही जा सकती है कि लिव-इन रिलेशन किसी भी दृष्टि से भारतीय परिवारों के अनुकूल नहीं है। यह एक ऐसी बुराई है जिसका परिणाम दुखद ही निकलता है। अतः इस तरह के रिश्ते बनाने से बचना ही बेहतर है।आए दिन हो रही वारदातों से पता चलता है कि लिव-इन रिलेशनशिप की बुनियाद बेहद खोखले आपसी स्वार्थ और कपट पर टिकी हुई है और भारतीय समाज में अपराध को जन्म दे रही है।

## राशिफल

मेष राशि :- आज का दिन अपने इरादों को फौलादी बनाने और स्पष्ट विजन के साथ काम करने का है। आपके लग्न स्वामी मंगलदेव आज आपको रुकी हुई समस्याओं को खत्म करने का जबरदस्त साहस दे रहे हैं। आज जल्दबाजी में कोई भी रिएक्शन देने के बजाय 'वेट एंड वॉच' की नीति अपनाना आपके लिए बहुत फायदेमंद रहेगा।

वृषभ राशि :- आज का दिन धैर्य और भावनात्मक स्थिरता के साथ अपनी साख मजबूत करने का है। आपके राशि स्वामी शुक्रदेव आज आपको रिश्तों और जिम्मेदारियों के बीच एक खूबसूरत संतुलन बनाने की प्रेरणा दे रहे हैं। आज आप सतही आकर्षण के बजाय रिश्तों की गहराई पर ध्यान देंगे। अच्छी बात यह है कि आपकी मैच्योरिटी और शांत व्यवहार आज घर और ऑफिस के माहौल को खुशनुमा बना देगा।

मिथुन राशि :- आज का दिन अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित करने और फोकस के साथ लक्ष्य हासिल करने का है। आपके स्वामी बुधदेव आज आपकी बुद्धि को बहुत ही विश्लेषणात्मक बना रहे हैं। आज आप बातों के बजाय काम को ज्यादा अहमियत देंगे। सकारात्मक पक्ष यह है कि आज आपकी एकाग्रता बहुत शानदार रहेगी, जिससे पेंडिंग काम तेजी से निपटेंगे।

कर्क राशि :- आज का दिन अपनी कल्पनाओं और इन्टूशन को हकीकत में बदलने का है। चंद्रदेव आज आपकी संवेदनाओं को बढ़ा रहे हैं, जिससे आपकी रचनात्मक क्षमता निखर कर सामने आएगी। आज आप अपनी भावनाओं को बहुत ही प्रभावशाली ढंग से व्यक्त कर पाएंगे। पॉजिटिव बात यह है कि आपकी 'इमोशनल इंटेलिजेंस' आज आपको सही रास्ते पर ले जाएगी।

सिंह राशि :- आज का दिन अपनी आंतरिक शक्ति को पहचानने और व्यक्तिगत शांति को प्राथमिकता देने का है। आपके राशि स्वामी सूर्यदेव आज आपको आत्मविश्वास और सहानुभूति का एक संतुलित मिश्रण दे रहे हैं। आज आप अपनी पारिवारिक खुशियों और भावनात्मक सुरक्षा पर ध्यान देंगे। सकारात्मक पक्ष यह है कि आपकी मैच्योरिटी आज घर में चल रहे किसी पुराने विवाद को खत्म कर देगी।

कन्या राशि :- आज का दिन स्पष्ट संवाद और अपनी योजनाओं को जमीन पर उतारने का है। बुधदेव की कृपा से आज आपकी तर्कशक्ति और बारीकियों को पकड़ने की कला कमाल की रहेगी। आप जटिल डेटा या जानकारी को बहुत आसानी से समझ पाएंगे। अच्छी बात यह है कि आपकी बुद्धिमत्ता और स्पष्ट बातचीत आज आपको हर मीटिंग या चर्चा में आगे रखेगी। आपकी रिसर्च और मेहनत आज एक ठोस आधार तैयार करेगी।

तुला राशि :- आज का दिन अपनी प्राथमिकताओं को तय करने और आर्थिक स्थिरता पर ध्यान देने का है। चंद्रदेव आज आपको प्रैक्टिकल और संतुलित निर्णय लेने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। आज आप दिखावे से दूर रहकर अपनी वास्तविक प्रगति पर फोकस करेंगे। पॉजिटिव बात यह है कि आपकी निर्णय लेने की क्षमता आज बहुत ही ठोस और परिपक्व रहेगी।

वृश्चिक राशि :- आज का दिन अपनी व्यक्तिगत शक्ति को सही दिशा देने और आत्मविश्वास के साथ नेतृत्व करने का है। चंद्रदेव आपकी ही राशि में गोचर कर रहे हैं, जिससे आपकी इन्टूशन और आकर्षण बहुत बढ़ जाएगा। आज आप जो भी कार्य हाथ में लेंगे, उसे पूरी शिद्दत से पूरा करेंगे। सकारात्मक पक्ष यह है कि आपकी दृढ़ इच्छाशक्ति आज आपको नामुमकिन काम भी मुमकिन बनाने में मदद करेगी।

धनु राशि :- आज का दिन आत्म-चिंतन और शांति से अपनी ऊर्जा को रिचार्ज करने का है। गुरुदेव की कृपा से आपकी अंतरात्मा आज बहुत प्रबल रहेगी, जो आपको सही और गलत के बीच फर्क समझाएगी। आज आप सामाजिक शोर से दूर रहकर खुद के साथ समय बिताना पसंद करेंगे। अच्छी बात यह है कि आपकी यह शांत सोच आपको किसी बड़े गलत निर्णय से बचा लेगी।

मकर राशि :- आज का दिन अपने सामाजिक नेटवर्क को मजबूत करने और लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहने का है। शनिदेव और चंद्रदेव की ऊर्जा आज आपको बहुत ही अनुशासित और प्रैक्टिकल बनाएगी। आप अपनी प्रोग्रेस को लेकर आज बहुत ही सीरियस रहेंगे। पॉजिटिव पक्ष यह है कि आपकी मेहनत और रिलायबिलिटी आज आपको सम्मान दिलाएगी। महत्वपूर्ण लोगों के साथ आपके संपर्क भविष्य में बड़े अवसर प्रदान कर सकते हैं।

कुंभ राशि :- आज का दिन अपनी जिम्मेदारियों को निभाने और करियर में नई ऊंचाई छूने का है। शनिदेव आपके लग्न में और चंद्रदेव कर्म भाव में होने से आपको एक प्रभावशाली और गंभीर व्यक्तित्व दे रहे हैं। आज आप अपनी प्रतिष्ठा और काम को लेकर रत्ती भर भी समझौता नहीं करेंगे। सकारात्मक बात यह है कि आपकी एकाग्रता और संकल्प आज आपको कार्यक्षेत्र में बड़ी सफलता और सम्मान दिलाएंगे। आप कठिन कार्यों को भी बहुत मैच्योरिटी से हैंडल करेंगे।

मीन राशि ;- आज का दिन ज्ञान की वृद्धि, नए विजन और खुद के सुधार का है। गुरुदेव की कृपा से आपकी बुद्धि आज बहुत ही व्यापक रहेगी, जिससे आप स्थितियों को एक बड़े परिप्रेक्ष्य में देख पाएंगे। आज आप कुछ नया सीखने या किसी आध्यात्मिक यात्रा की योजना बना सकते हैं। अच्छी बात यह है कि आपकी अंतरात्मा आज बहुत सटीक संकेत देगी, जो आपको सही फैसले लेने में मदद करेगी। आप भावनात्मक रूप से बहुत संतुलित महसूस करेंगे। सावधानी बरतें कि पुरानी बातों को लेकर ओवरथिंकिंग न करें।

### सू- दोकू क्र.314

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें ९वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.313 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

### शब्द सामर्थ्य -314

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**
1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 12ए | ■ | 13 | | 14 | ■ | 15 |
| | ■ | 16 | | | ■ | 17 | | |
| 18 | 19 | | ■ | 20 | 21 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 22 | | | ■ | 23 | | | ■ | 24 |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 313 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | ■ | सिं | हा | स | न | ■ |
| ख | ■ | म | ज | दू | र | ■ | का | म |
| वा | द | क | ■ | र | ■ | सं | ब | ल |
| ड़ | ■ | ल | ज्जा | ■ | म | स्का | ■ | य |
| ■ | बा | ■ | ■ | बि | हा | र | ■ | ■ |
| सु | धा | क | र | ■ | न | ■ | ■ | औ |
| रं | ■ | म | ■ | कि | ता | ब | ■ | स |
| ग | ■ | अ | र | सा | ■ | हु | ज्ज | त |
| ■ | श | क्ल | ■ | न | मि | त | ■ | न |

### चर्चित मुद्दा

# कब कटेगी सांसदों और विधायकों की पेंशन?

**डॉ. सत्यवान सौरभ**



सरकार जब भी आर्थिक अनुशासन, बजट संतुलन या खर्च घटाने की बात करती है, तो सबसे पहले निशाने पर सामाजिक पेंशन योजनाएँ आ जाती हैं। विशेष रूप से बुढ़ापा पेंशन को लेकर बार-बार समीक्षा, कटौती और पात्रता की शर्तें सख्त करने की चर्चाएँ सामने आती रही हैं। हालिया बयानबाजी ने एक बार फिर यह मूल सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर आर्थिक सुधारों का भार हमेशा समाज के सबसे कमजोर वर्ग—बुजुर्गों, किसानों और मजदूर परिवारों—पर ही क्यों डाला जाता है? बुढ़ापा पेंशन कोई सरकारी कृपा या रियायत नहीं है। यह उस सामाजिक अनुबंध का हिस्सा है, जिसमें राज्य यह स्वीकार करता है कि जिन नागरिकों ने अपनी पूरी उम्र देश की अर्थव्यवस्था को चलाने में लगा दी, उन्हें बुढ़ापे में न्यूनतम सम्मान और सुरक्षा मिलनी चाहिए। खेतों में पसीना बहाने वाले किसान, ईंट-भट्टों और फैक्ट्रियों में काम करने वाले मजदूर, असंगठित क्षेत्र के कर्मचारी—इनमें से अधिकांश के पास न तो कोई पेंशन फंड होता है और न ही स्थायी बचत। ऐसे में बुढ़ापा पेंशन उनके लिए दवा, राशन और रोज़मर्रा की ज़रूरतों का आधार बनती है। इसके बावजूद जब भी सरकारी खजाने पर दबाव की बात आती है, तो सबसे आसान रास्ता बुजुर्गों की पेंशन पर कैंची चलाना मान लिया जाता है। कभी फसल का बहाना, कभी ज़मीन का रकबा, कभी पारिवारिक आय और कभी बैंक खाते की तकनीकी खामियाँ—इन सब कारणों से हजारों पात्र बुजुर्ग पेंशन से वंचित कर दिए जाते हैं। यह प्रक्रिया प्रशासनिक कम और अमानवीय अधिक प्रतीत होती है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि फसल, ज़मीन और आमदनी की ये सख्त कसौटियाँ केवल आम नागरिकों पर ही क्यों लागू होती हैं? क्या यही मानक विधायकों और सांसदों की पेंशन पर भी लागू होते हैं? क्या कभी यह जाँच की जाती है कि जनप्रतिनिधियों की वास्तविक आर्थिक स्थिति क्या है और उन्हें पेंशन की आवश्यकता है भी या नहीं? वास्तविकता यह है कि जनप्रतिनिधियों को मिलने वाली पेंशन और सुविधाएं उस वर्ग को प्राप्त होती हैं जो पहले से आर्थिक रूप से अपेक्षाकृत सुरक्षित है। कई विधायक और सांसद एक से अधिक बार निर्वाचित होने के बाद कई-कई पेंशन के हकदार बन जाते हैं।

इसके अलावा उन्हें वेतन, भत्ते, सरकारी आवास, वाहन, सुरक्षा और अन्य विशेष सुविधाएँ भी मिलती हैं। इसके बावजूद इन पेंशनों पर न तो कोई स्पष्ट सीमा तय है और न ही इस पर गंभीर सार्वजनिक बहस होती है। यह स्थिति लोकतांत्रिक मूल्यों के भी खिलाफ है। लोकतंत्र का मूल सिद्धांत समानता है—नीति और कानून सबके लिए समान होने चाहिए। यदि आम नागरिक से उसकी मामूली आय का हिसाब माँगा जा सकता है, तो जनप्रतिनिधियों से क्यों नहीं? यदि बुज़ुर्ग किसान की दो बीघा ज़मीन के आधार पर उसकी पेंशन रोकी जा सकती है, तो करोड़ों की संपत्ति वाले नेताओं की पेंशन पर सवाल क्यों नहीं उठते?सरकार अक्सर यह तर्क देती है कि सामाजिक योजनाओं में अपात्र लोग शामिल हो जाते हैं, इसलिए सख्ती आवश्यक है। यह तर्क आंशिक रूप से सही हो सकता है, लेकिन इसका समाधान यह नहीं हो सकता कि जरूरतमंदों को ही व्यवस्था से बाहर कर दिया जाए। अपात्रता की आड़ में पात्र लोगों को दंडित करना किसी भी तरह से न्यायसंगत नहीं कहा जा सकता। यदि सरकार वास्तव में पेंशन व्यवस्था को पारदर्शी और टिकाऊ बनाना चाहती है, तो उसे सबसे पहले उन क्षेत्रों पर ध्यान देना चाहिए जहाँ खर्च और सुविधाएं सबसे अधिक हैं। विधायकों और सांसदों की पेंशन पर स्पष्ट सीमा तय करना, बार-बार चुनाव जीतने पर अलग-अलग पेंशन देने की व्यवस्था समाप्त करना और एक समान पेंशन नीति लागू करना इस दिशा में एक ठोस कदम हो सकता है।यह भी समझना ज़रूरी है कि सामाजिक पेंशन पर किया गया खर्च कोई बोझ नहीं, बल्कि निवेश है। बुजुर्गों के हाथ में थोड़ी-सी आर्थिक सुरक्षा न केवल उन्हें सम्मानजनक जीवन देती है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी गति देती है। यह राशि सीधे बाज़ार में जाती है—दवा की दुकानों, किराना स्टोरों और स्थानीय सेवाओं में खर्च होती है। इसके विपरीत, पेंशन बंद होने का सामाजिक और आर्थिक प्रभाव कहीं अधिक नकारात्मक होता है।लोकतंत्र में नीतियों का उद्देश्य कमजोर को मजबूत बनाना होना चाहिए, न कि मजबूर को और कमजोर करना। जब बुजुर्गों से उनकी आखिरी आर्थिक सहायता भी छीन ली जाती है, तो यह केवल आर्थिक निर्णय नहीं रह जाता, बल्कि एक गंभीर नैतिक प्रश्न बन जाता है। क्या एक सभ्य समाज अपने बुजुर्गों को इस तरह असहाय छोड़ सकता है? अंततः सवाल केवल पेंशन का नहीं, बल्कि नीति की प्राथमिकताओं का है। क्या सरकार का ध्यान सबसे कमजोर नागरिकों पर है या सबसे सुविधासंपन्न वर्ग पर? जब तक इस सवाल का ईमानदार जवाब नहीं दिया जाएगा, तब तक पेंशन पर कटौती का मुद्दा एक आर्थिक बहस से अधिक, सामाजिक अन्याय का प्रतीक बना रहेगा।

# भारत में पीली के साथ-साथ मिलती है नीली हल्दी, जानिए इस दुर्लभ मसाले के फायदे

नीली हल्दी एक दुर्लभ मसाला है, जो भारत में हाल ही में लोकप्रिय हुआ है। यह न केवल खाने का रंग बदलता है, बल्कि इसमें कई औषधीय गुण भी होते हैं। नीली हल्दी को इसका नीला रंग इसके प्रकंदों में मौजूद प्राकृतिक वर्णक पदार्थों से मिलता है। यह खास तौर से उत्तर-पूर्वी भारत में उगाई जाती है और इसे आप बिना चिंता के खान-पान में शामिल कर सकते हैं। आइए इस दुर्लभ मसाले के मुख्य लाभों पर नजर डालते हैं।

**सूजन को कम करने में है कारगर**-नीली हल्दी में एक खास तत्व पाया जाता है, जो सूजन को कम करने में मदद करता है। यह तत्व जोड़ों के दर्द, हड्डियों की समस्याओं और अन्य सूजन संबंधी बीमारियों के इलाज में भी सहायक हो सकता है। इसके अलावा इस खास हल्दी का सेवन चोट या संक्रमण के कारण होने वाली सूजन को भी कम कर सकता है। नियमित रूप से इसका उपयोग करने से शरीर की सूजन कम होती है और दर्द में भी राहत मिलती है।

**त्वचा के लिए है लाभकारी**-नीली हल्दी त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होती है। इसमें मौजूद गुण त्वचा को साफ-सुथरा और चमकदार बनाते हैं। यह मुंहासे, दाग-धब्बे और झुर्रियों को कम करने में सहायता कर सकती है। इसके अलावा यह त्वचा की नमी बनाए रखती है और उसे मुलायम बनाती है। नियमित रूप से नीली हल्दी का उपयोग करने से त्वचा की रंगत भी सुधरती है और त्वचा की देखभाल करना भी आसान हो जाता है। इसे चेहरे पर पैक के रूप में लगाएं।

**पाचन तंत्र को सुधारने में है मददगार**-नीली हल्दी पाचन तंत्र को सुधारने में भी सहायक होती है। इसमें मौजूद गुण पेट की समस्याओं को दूर करते हैं और पाचन क्रिया को सुधारते हैं। यह कब्ज, गैस और पेट दर्द जैसी समस्याओं से राहत दिलाने में मदद करती है। इसके अलावा नीली हल्दी का सेवन करने से पेट की सफाई होती है और उसे स्वस्थ बनाए रखने में मदद मिलती है। इसे चाय या दूध में मिलाकर पीना फायदेमंद हो सकता है।

**रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में है सहायक**-नीली हल्दी शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में भी मददगार साबित होती है। इसमें मौजूद तत्व शरीर को संक्रमण से लडऩे में सक्षम बनाते हैं और प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करते हैं। नियमित रूप से इसका सेवन करने से आप सर्दी-खांसी और बुखार आदि जैसी सामान्य समस्याओं से बच सकते हैं। यह मसाला आपके शरीर को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और आपको बीमारियों से दूर रखता है।

**कैंसर का जोखिम कम करने में है सहायक**-नीली हल्दी कैंसर के खतरे को कम करने में भी मदद कर सकती है। इसमें मौजूद गुण शरीर में हानिकारक तत्वों को खत्म करते हैं, जो कैंसर का कारण बन सकते हैं।

# ऐतिहासिक दलपत सागर का हो रहा कायाकल्प

■ युद्धस्तर पर चल रही सफाई मुहिम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 12 फरवरी।** तरुण छत्तीसगढ़ मृण्मय बारोई/ महापौर संजय पांडे के नेतृत्व में नगर निगम ने इस 400 साल पुराने जलाशय को उसके मूल स्वरूप में लौटाने का संकल्प लिया गया है, और यह अभियान अब युद्ध स्तर पर चल रहा है। दलपत सागर के उन्नयन को लेकर पूर्व सरकार के कार्यकाल भी विवादित रहा। अब नई नगर सरकार के अस्तित्व में आने पर तरुण छत्तीसगढ़ ने इस मसले पर महापौर संजय पांडेय से साक्षात्कार लिया। जिसमें उन्होंने बिना लाग लपेट दलपत सागर के कायाकल्प को सर्व प्राथमिक कहा। साथ ही सामुदायिक सहभागिता से इसे अंजाम तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता जताई।

### ऐतिहासिक महत्व और वर्तमान चुनौती!

छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा जलाशय माने जाने वाला दलपत सागर रियासत काल में राजा दलपत देव द्वारा खोदवाया गया था। लगभग 385 एकड़ में फैला यह सरोवर कभी अपनी स्वच्छता और सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध था। प्राकृतिक रूप से इसमें गंगामुंडा जैसे अन्य जलाशयों का अतिरिक्त बारिश का पानी आता था, और शेष पानी धरमपुरा होते हुए इंद्रावती नदी में चला जाता था, जिससे इसकी शुद्धता बनी रहती थी। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में शहर के गंदे पानी (ड्रेनेज) के सीधे मिलने से जलकुंभी ने पूरे सरोवर को ढक लिया था, जिससे इसका सौंदर्य और पर्यावरणीय महत्व खतरे में पड़ गया।

### महापौर की पहल और प्रगति!

महापौर संजय पांडे ने पदभार संभालते ही दलपत सागर के सौंदर्यीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। नगर निगम की ओर से दो ब्रीड हार्वेस्टर मशीनों के माध्यम से जलकुंभी की सफाई लगातार की जा रही है। अब तक सरोवर के एक तिहाई से अधिक हिस्से से जलकुंभी हटाई जा चुकी है। महापौर ने बताया कि सफाई का कार्य तेजी से जारी है, और आने वाले कुछ महीनों में इसे पूरी तरह जलकुंभी मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। निगम ने श्रमदान अभियान चलाकर उसमें आम जनता के सहभागिता की अपील की। जिस पर जनता ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। वन मंत्री केदार कश्यप, महापौर और स्थानीय नागरिकों ने संयुक्त रूप से सफाई अभियान में हाथ बंटाया। हाल ही में दीपोत्सव जैसे कार्यक्रमों के जरिए भी स्वच्छता को जन-आंदोलन का रूप दिया जा रहा है।

### गंदे पानी को रोकने का प्रयास!

महापौर पांडे के अनुसार, सबसे बड़ी चुनौती गंदे पानी को सरोवर में जाने से रोकना है। शहर के सात नालों में से पांच को पहले ही बंद कर दिया गया है, और उनका पानी रिसाइक्लिंग वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में भेजा जा रहा है। शेष दो नालों के लिए बस्तर कलेक्टर से चर्चा चल रही है, जल्द ही इनका भी समाधान हो जाएगा।

अमृत योजना के तहत इंद्रावती नदी से पाइपलाइन बिछाई गई है। बरसात में बाढ़ के दौरान 80 हॉर्स पावर के मोटर से नदी का पानी सरोवर में भरा जाएगा, ताकि हलञ्ज नियमों के अनुसार पानी खाली न करना पड़े और नया पानी आ सके।

### विशेषज्ञों की सलाह और बड़ी योजना!

महापौर ने तरुण छत्तीसगढ़ को अपने साक्षात्कार में आगे कहा कि सूरत, अहमदाबाद और हैदराबाद के हुसैन सागर जैसे मॉडल का अध्ययन करवाया गया है। वहीं हॉर्टिकल्चर विभाग के विशेषज्ञों से सलाह ली जा रही है। 'पोंड मैन ऑफइंडिया' राजेंद्र सिंह रामवीर तंवर तथा रिवर मेन राजेंद्र सिंह जैसे जल विशेषज्ञों से भी दलपत के सफाई कार्य को लेकर अवगत चर्चा हुई है। इन सबके आधार पर एक व्यापक योजना तैयार की जा रही है। जन सहयोग, सीएसआर फंड और बजट प्रावधान से कार्य तेज हो रहा है। महापौर, आयुक्त और सभापति स्तर पर निरंतर मॉनिटरिंग हो रही है। जल्द ही दलपत सागर न केवल स्वच्छ और सुंदर बनेगा, बल्कि जगदलपुर की शान और पर्यटन का प्रमुख केंद्र भी बनेगा। जहां चाह वहां राह–यह मुहावरा सच साबित हो रहा है, क्योंकि महापौर की दृढ़ इच्छाशक्ति से यह ऐतिहासिक धरोहर फिर से जीवंत होकर अपने मूल स्वरूप की ओर लौट रहा है।

## एक नजर

### ग्राम पंचायत मेड़ो में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर 13 फरवरी को

**कांकेर,12 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिले के आम नागरिकों की आवश्यकताओं, शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आगामी 13 फरवरी शुक्रवार को दुर्गूकोंदल विकासखण्ड के स्कूल ग्राउण्ड मेड़ो में जनसमस्या निवारण शिविर लगाई जाएगी, जिसमें ग्राम पंचायत मेड़ो, चाहचाड़, हाहालद्दी, सिंहारी, खुटगांव, दोड़दे, साधुमिचगांव, पड़गाल, भुसकी, पलाचूर, दुर्गूकोंदल और भुरकागुदुम इत्यादि ग्राम पंचायतों के ग्रामीण शामिल होंगे। शिविर में शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने के लिए ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया जाएगा, साथ ही योजनाओं का लाभ उठाने में कोई कठिनाई आ रही हो तो उसका समाधान भी शिविर में मौके पर किया जाएगा। कलेक्टर ने जनसमस्या निवारण शिविर में सभी जिला, ब्लॉक स्तरीय एवं क्लस्टर स्तर के अधिकारी-कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### युवाओं के लिए जगदलपुर में संभाग स्तरीय रोजगार मेला 16-17 फरवरी को

**जगदलपुर, 12 फरवरी।** युवाओं को निजी क्षेत्र में कैरियर बनाने के बेहतर अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बस्तर संभाग में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 16 और 17 फरवरी को जगदलपुर के आड़ावाल स्थित लाईवलीहुड कॉलेज में यह दो दिवसीय रोजगार मेला आयोजित होगा, जिसमें सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक युवाओं को सीधे रोजगार के अवसरों से जुड़ने का मौका मिलेगा। इस मेले में विशेष रूप से बस्तर जिले के विभिन्न शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं बस्तर, बकावण्ड, भानपुरी, जगदलपुर, लोहण्डीगुड़ा, दरभा, तोकापाल, बास्तानार एवं नगरनार से उत्तीर्ण हो चुके प्रशिक्षार्थी भी शामिल होंगे। इच्छुक उम्मीदवार अपने समस्त शैक्षणिक एवं तकनीकी दस्तावेजों के साथ नियत समय पर कार्यक्रम स्थल पर अनिवार्य रूप से उपस्थित हो सकते हैं। जिन अभ्यर्थियों का पंजीयन अब तक नहीं हो पाया है, ऐसे प्रशिक्षार्थी अपने निकटतम औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में संपर्क कर अपना पंजीयन करा सकते हैं अथवा विभाग की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कराकर इस संभाग स्तरीय मेले का लाभ उठा सकते हैं।

### यात्री सुरक्षा के लिए 35 बस कंडक्टरों को दिया प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण

**दंतेवाड़ा, 12 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** परिवहन आयुक्त एवं कलेक्टर के निर्देशानुसार यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा में 35 बस कंडक्टरों को प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान कंडक्टरों को सीपीआर (श्वसन मार्ग, श्वास, परिसंचरण), रक्तस्राव नियंत्रण, फ्रैक्चर को स्थिर करना, जलने का उपचार एवं दम घुटने जैसी आपात स्थितियों में तत्काल जीवन रक्षक सहायता देने की व्यावहारिक जानकारी दी गई। साथ ही घटनास्थल की सुरक्षा, आपातकालीन आकलन, चिकित्सा आपदाओं से निपटने तथा बुनियादी संक्रमण रोकथाम पर विशेष जोर दिया गया, ताकि दुर्घटना की स्थिति में समय रहते सहायता देकर जान बचाई जा सके और स्थिति को बिगड़ने से रोका जा सके। प्रशिक्षण के साथ बस कंडक्टरों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

### रोजगार मेले के लिए युवा ई-रोजगार पोर्ट पर कराएं अपना पंजीयन

**दंतेवाड़ा, 12 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रदेश के युवाओं को निजी क्षेत्र में अधिकाधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 16 एवं 17 फरवरी 2026 को लाईवलीहुड कॉलेज आड़ावाल, जगदलपुर (जिला,बस्तर) में संभाग स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा विभिन्न तकनीकी एवं गैर-तकनीकी पदों पर चयन हेतु साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। रोजगार मेले में शामिल होने के इच्छुक अभ्यर्थी ई-रोजगार पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। जिला दंतेवाड़ा अंतर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, दंतेवाड़ा के प्रशिक्षणरत एवं उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों सहित अन्य इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे अधिकाधिक संख्या में पंजीयन कर इस अवसर का लाभ उठाएं।

डीएमएफ जिला होने के बावजूद दंतेवाड़ा जिला अस्पताल बदहाल

# मरीजों के स्वास्थ्य अधिकारों पर कुठाराघात एवं लापरवाही बर्दाश्त नहीं : मनीष ठाकुर

■ अस्पताल की डायलेसिस एवं लैब यूनिट को निजी हाथों में सौंपने का प्रयास दुर्भाग्यपूर्ण आज भी जिला अस्पताल बना हुआ है रेफर सेंटर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**दंतेवाड़ा 12 फरवरी।** हर किसी को बेहतर स्वास्थ्य मिले ये उसका मौलिक एवं मानवीय अधिकार है, जिसे संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार का हिस्सा माना गया है। क्षेत्र के नागरिकों एवं ग्रामीण इलाकों से आने वाले आदिवासी भाई बहनों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना किसी भी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या अधिकारों पर कुठाराघात बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उक्त बातें जिला कांग्रेस कमेटी दंतेवाड़ा के युवा मिडिया प्रभारी मनिष ठाकुर ने दंतेवाड़ा जिला अस्पताल की दिनों दिन बदहाल होती स्वास्थ्य व्यवस्था पर चिंता जाहिर करते कहा है।

श्री ठाकुर ने भाजपा सरकार एवं दंतेवाड़ा जिला प्रशासन तथा स्वास्थ्य प्रशासन पर आरोप लगाते कहा है कि आज समय कहां से कहां पहुंच गया मगर हमारा दंतेवाड़ा जिला का सरकारी अस्पताल आज भी रेंफर सेंटर ही बना हुआ है। इस आधुनिक युग में जब हर चीज एडवांस होता चला जा रहा है वहीं दंतेवाड़ा जिले में आज भी दुरस्थ अंचलों से मरीजों को खाट पर ढोकर अस्पताल लाने का दृश्य दिखाई पड़ता है जो पूरे सिस्टम पर सवालिया निशान लगाता है और बेहद शर्मनाक भी है। स्वास्थ्य मंत्री पर कटाक्ष करते कहा कि दंतेवाड़ा से खनिज एवं न्यास निधि डीएमएफ से करोड़ों रूपए प्राप्त होने के बाद भी जिला अस्पताल बदहाल स्थिति में क्यों पड़ा हआ है? अस्पतालों की दुदर्शा को ठीक करना छोड़ उल्टा डायलेसिस, लैब यूनिट एवं रेडियोलॉजिस्ट सेवाओं को सीआईडीएमएस के माध्यम से निजि कंपनियों को सौंपने की तैयारी अंदरखाने चल रही है जो अत्यंत ही चिंतनीय एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसे संवेदनशील विभागों का निजिकरण गरीबों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को महंगा और जटिल बना देगा। श्री ठाकुर ने कहा कि वर्ष 2016-17 से डीएफएफ फंड से संचालित डायलेसिस यूनिट एवं वर्षो से संचालित जिला अस्पताल की लैब जहां विभिन्न प्रकार के जांचें निःशुल्क की जाती है उसे भी अब बेचने की तैयारी हो रही है जिसकी जितनी भर्त्सना की जाए कम है। जिला अस्पताल में 90 परसेंट लोग ईलाज करवाने ग्रामीण इलाकों से गरीब आदिवासी तबके के लोग आते हैं। प्राईवेट अस्पतालों में महंगी इलाज वे करा नहीं सकते इसलिए सरकारी अस्पतालों में वे ईलाज के लिए आते हैं ऐसे में डायलेसिस एवं लैब यूनिट को निजि हाथों में सौंपने से संचालक मरीजों से जांच के नाम पर मनमानी रकम वसूली करेंगे। गरीब आदिवासी भाई बहन इतने रूपए कहां से दे पाएंगे। सरकार गरीब आदिवासियों की हितैषी होने का दंभ भरती है मगर असल में भाजपा की सरकार यहां के संसाधनों के साथ साथ अस्पताल की व्यवस्था को भी निजि हाथों में सौंप देना चाहती है जो बर्दाश्त के बाहर है। अगर इस प्रकार की मंशा स्वास्थ्य मंत्री ने पाल रखा है तो उसे छोड़ दे अन्यथा कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरकर इसका पुरजोर विरोध करेगी और भाजपा का असल चाल, चरित्र व चेहरा जनता के सामने लाकर रख देगी।

मिडिया प्रभारी मनिष ठाकुर ने आगे कहा कि दंतेवाड़ा जिला डीएमएफ जिला है यहां रूपयों की कोई कमी नहीं है पहले डीएमफ के राशि से अस्पताल की व्यवस्था संचालित होती थी मगर किंतु पिछले करीब 6 माह से जिला अस्पताल में डीएमएफ की राशि को रोक दिया गया है। राशि के अभाव में अस्पताल की व्यवस्था बुरी तरीके से चरमरा गई है। फंड नहीं दिए जाने से कई आवश्यक दवाएं एवं मेडिकल सामाग्रियों की भारी कमी हो गई है जिसका सीधा असर गरीब आदिवासी मरीजों पर पड़ रहा है। मरीजों को बाहर से महंगी दवाईयां खरीदनी पड़ रही है। अस्पताल में जांच के नाम पर भी खानापूर्ति ही की जाती है ज्यादातर जांचें लोग मजबूरी में बाहर प्राईवेट लैबों में जाकर करवाने को मजबूर होते हैं। महंगी महंगी मशीनें तो अस्पताल में लगी पड़ी है मगर मेंटनेंस एवं टेक्निशियनों के अभाव में जाचें नहीं हो रही इसका कोई लाभ मरीजों को नहीं मिल रहा। थायराइड समेत कई प्रकार की जाचें आज भी लोग प्राईवेट लैब में ही जाकर करवाते हैं। डॉक्टर जो पर्ची मरीजों की लिखता है उसमें से आधी दवाईयां तो अस्पताल में मिलती ही नहीं मेडिकल से ही खरीदना पड़ता है।

अब मरता क्या न करता की तर्ज पर मरीज मजबूर होकर बाहर मेडिकल से दवाईयां लेने को मजबूर होता है। यह स्थिति सरकार की संवेदनशीनता को दर्शाती है। सरकारं अगर डीएमएफ की राशि बंद नहीं करती तो अस्पताल की स्थिति इतनी ज्यादा खराब नहीं होती। अंत में मिडिया प्रभारी मनीष ठाकुर ने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी दंतेवाड़ा गरीब, आदिवासी एवं आम नागरिकों के स्वास्थ्य अधिकारों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगी। सरकार ने शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो पार्टी जनहित में लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन के लिए बाध्य होगी जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने कहा

## आयोग प्रकरणों और न्यायालयीन मामलों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 12 फरवरी।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में आज संयुक्त जिला कार्यालय के डंकनी सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री की घोषणाओं के अनुरूप जिले में संचालित समस्त निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को फील्ड में चल रहे निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण करने, गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने आयोगों से प्राप्त लंबित पत्रों की जानकारी लेते हुए राज्य महिला आयोग, राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग, राष्ट्रीय जनजाति आयोग एवं राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग से संबंधित प्रकरणों की बारी-बारी से समीक्षा की तथा इनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने को कहा।

बैठक में माननीय उच्च न्यायालय में लंबित, निराकृत एवं पारित आदेशों की साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट की प्रस्तुतीकरण करने के साथ-साथ वर्तमान स्थिति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी न्यायालयीन प्रकरणों का समय-सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा प्रत्येक प्रकरण का गहन अध्ययन कर पालन प्रतिवेदन समय पर प्रस्तुत किया जाए। इसके अलावा कलेक्टर ने आगामी जनगणना के तहत 23 एवं 24 फरवरी को आयोजित प्रशिक्षण में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गंभीरता से भाग लेने, दिए गए दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करने तथा जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक सम्पादित करने की ताकीद दी।

इसके अलावा कलेक्टर श्री ध्रुव ने नक्सल पीड़ित एवं आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किए जाने की विभागवार सेचुरेशन समीक्षा की गई। साथ ही नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत निर्माण कार्य, मॉडल स्कूल, मॉडल आंगनबाड़ी एवं पीएचई से जुड़े कार्यों की प्रगति पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। इसके अलावा उनके द्वारा विभागों से प्राप्त भूमि आबंटन के लंबित प्रकरणों के शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए गए। साथ ही एनसीईएआर, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, स्वच्छ भारत मिशन, बैंक खाता, मनरेगा जॉब कार्ड एवं पीएम आवास योजना में शेष गैप को शीघ्र भरने पर जोर दिया गया। बैठक में बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की प्रगति एवं देयकों के भुगतान की स्थिति की भी विस्तार से समीक्षा की गई। और अत्यंत जर्जर शासकीय भवनों (विशेषकर स्कूल भवन) को अयोग्य घोषित कर डिस्मेंटल की कार्यवाही शीघ्र करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही उन्होंने ने सीपी जीआरएमएस, मुख्यमंत्री जनदर्शन, सचिवालय, जन शिकायत पीजीएन,ई-समाधान,कलेक्टर जनदर्शन, सम्पर्क के माध्यम से प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए गए। कलेक्टर द्वारा बैठक में ग्राम मुलेर में सड़क एवं पुलिया निर्माण, मुलेर-नहाड़ी सड़क निर्माण कार्य, दूरस्थ एवं अंदरूनी क्षेत्रों में अधिकारियों के नियमित भ्रमण, तथा बसों में आग के खतरे की रोकथाम एवं सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों पर भी विशेष चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त पेंडिंग रिस्पॉन्स एनालिसिस, दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना, शिक्षकों की उपस्थिति, पीएमएमवीवाई में मिसमैच्ड एडब्ल्यूसी कोड एवं इंडिकेटिव टार्गेट, एचसीएम स्टेटस 2025, एफआरएस स्टेटस, टीएचआर स्टेटस, कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न निवारण अधिनियम 2013 अंतर्गत सी-बोक्स पोर्टल पर ऑनबोर्डिंग, कृषि धन-धान्य योजना तथा अकांक्षी जिला, अकांक्षी विकासखंड कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री ध्रुव ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि प्रत्येक बिंदु पर ठोस प्रगति सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर अद्यतन एवं हस्ताक्षरित प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा सहित सभी विभाग के विभागीय प्रमुख उपस्थित थे।

# नेशनल लोक अदालत 14 मार्च को,सफल संचालन के लिए जिला स्तरीय बैठक आयोजित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर, 12 फरवरी।** आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल संचालन एवं व्यापक तैयारी को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री संजीव कुमार टामक द्वारा जिला न्यायालय कांकेर के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में जिला स्तरीय बैठक ली गई। उक्त बैठक में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर तथा पुलिस अधीक्षक श्री निखिल अशोक कुमार राखेचा उपस्थित रहे।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा उक्त बैठक में डिस्ट्रिक्ट कोर्ट मैनेजमेंट




सिस्टम कमेटी के अंतर्गत विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई तथा नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए आवश्यक प्रशासनिक, तकनीकी एवं विधिक व्यवस्थाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण, संबंधित विभागों के समन्वय, सुरक्षा व्यवस्था, तकनीकी सहयोग एवं जनसामान्य को सूचना-प्रसार सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर समयबद्ध एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा नेशनल लोक अदालत का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न कराने निर्देशित किया गया। इस अवसर पर प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश कांकेर श्रीमती विभा पांडे, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री भास्कर मिश्र तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती शांति प्रभु जैन सहित कार्यपालन अभियंता, कोर्ट मैनेजर एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

### कलेक्टर कार्यालय में जनदर्शन अब प्रत्येक सोमवार को

**कांकेर, 12 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर कार्यालय में अब प्रत्येक सोमवार को दोपहर 12 बजे से दोपहर 02 बजे तक जनदर्शन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिले की आम जनता कलेक्टर के समक्ष अपनी समस्या, शिकायत व मांग से संबंधी आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। इससे पहले यह जनदर्शन प्रत्येक मंगलवार को आयोजित की जाती थी, जिसमें संशोधन किया गया है। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

## मधुमक्खी पालन से ग्रामीणों को आजीविका का मिला नया जरिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 12 फरवरी।** जिला प्रशासन दंतेवाड़ा के कुशल मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना के अंतर्गत ग्रामीणों की आजीविका सुदृढ़ करने हेतु मधुमक्खी पालन एवं शहद उत्पादन योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना के तहत चयनित किसानों को 6 नग मधुमक्खी बक्से मधुमक्खियों सहित, आवश्यक उपकरण तथा तीन दिवसीय वैज्ञानिक मधुमक्खी पालन का निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। योजना में तकनीकी सहयोग हंबल बी संस्था द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है। परियोजना की अधिकांश राशि जिला खनिज न्यास निधि (डीएमएफ) से वहन की जा रही है, जबकि हितग्राहियों में स्वामित्व की भावना विकसित करने हेतु नाममात्र का अंशदान लिया जा रहा है, जो भविष्य में उनके हित में सुरक्षित रहेगा।

योजना का आरंभिक क्रियान्वयन गीदम विकासखंड में किया जा रहा है। प्रथम चरण में बिंजाम, सियानार, समलूर, झोड़ियाबाड़म, बड़े कारली, कारली, घोटपाल, कासौली एवं कुतुलनार ग्रामों को शामिल किया गया है, जहाँ कुल 100 किसानों को वैज्ञानिक एवं तकनीकी मधुमक्खी पालन व्यवसाय से जोड़ा जाएगा। तकनीकी मधुमक्खी पालन के माध्यम से हितग्राहियों को शहद उत्पादन से प्रतिवर्ष लगभग 25,000 रूपये से 30,000 रूपये तक की अतिरिक्त आय प्राप्त होने का अनुमान है। परियोजना के अंतर्गत उत्पादित शहद का संग्रहण एवं विपणन सहयोगी संस्था के माध्यम से किया जाएगा, जिससे किसानों को विक्रय की चिंता नहीं होगी।

ज्ञातव्य है कि मधुमक्खी पालन कम लागत, पर्यावरण-अनुकूल एवं सतत आजीविका गतिविधि है। इससे न केवल शहद, मोम, पराग एवं रॉयल जेली जैसे उत्पाद प्राप्त होते हैं, बल्कि परागण के माध्यम से फसलों की उपज में 20,30 प्रतिशत तक वृद्धि होती है। यह गतिविधि महिला स्व सहायता समूहों, पशु सखियों एवं छोटे कृषकों के लिए विशेष रूप से उपयोगी सिद्ध होगी तथा जैव विविधता संरक्षण और प्राकृतिक खेती को भी बढ़ावा देगी।

कुआकोडा में केरिपुब की 111वीं वाहिनी ने सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत

# मेडिकल कैंप लगाकर बीमार ग्रामीणों का किया स्वास्थ्य परीक्षण, दवाइयां भी दी

■ आसपास गांव के सैकड़ों आदिवासी ग्रामीणों को दैनिक उपयोगी की वस्तुएं भी की वितरित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 12 फरवरी।** बुधवार को दंतेवाड़ा जिले के सीआरपीएफ कैंप ए/111 बटालियन कुआकोंडा में नागरिक मिलन कार्यक्रम एवं मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। नागरिक मिलन कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण आदिवासी भाई बहनों को चिकित्सा सहायता प्रदान करना तथा ग्रामीणों के साथ बेहतर सकारात्मक माहौल स्थापित करते हुए संबंधों को मजबूत करना था। सीआरपीएफ कैंपों में पूर्व में भी इस तरह के मिलन कार्यक्रम आयोजित होते रहे हैं।




कुआकोंडा के सीआरपीएफ कैंप में आयोजित सिविक एक्शन कार्यक्रम में नकुलनार, हितावर, श्यामगिरी कुआकोंडा समेत आसपास गांवों के करीब 500 से अधिक ग्रामीण महिला पुरूष सहित बच्चों ने सक्रीय रूप से सहभागिता निभाते कैंप पहुंचे थे। कार्यक्रम के दौरान बटालियन के जवानों ने ग्रामीणों को दवाइयां वितरित की और यूनिट के डॉक्टरों ने मलेरिया, टाइफाइड, समेत अन्य रोगों से पीडित लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाइयां भी दी और स्वास्थ्य संबंधी कई टिप्स भी दिए। कैंप में उपस्थित ग्रामीणों को सीआरपीएफ जवानों ने कई प्रकार के दैनिक उपयोग के सामान वितरित किए वहीं बच्चों को भी पठन पाठन एवं खेल सामग्री बांटा। बंदूक पकड़कर जंगल जंगल भटकने वाले जवानों के इस रूप को देखकर ग्रामीण हैरान व अविभूत हो उठे। उन्हें इस बात का अंदाजा नहीं था कि जो जवान नक्सलियों को मार गिराते हैं उन जवानों के हृदय इतने भावुकता से भरे होंगे कि वे गरीब आदिवासियों को उनकी जरूरतों का सामान देंगे और भोजन भी कराएंगे। कंपनी कमांडर ने इस मिलन कार्यक्रम के दौरान कहा कि सीआरपीएफ की तैनाती आप लोगों की सुरक्षा के लिए सरकार ने की है। फोर्स से डरने एवं भयभीत होने की आवश्यकता नहीं। आपकी सुरक्षा के साथ साथ आपकी समस्या को हल करना एवं गांव का विकास करना भी हमारा काम है। ग्रामीणों से कहा कि आपको जब भी कोई समस्या हो आप निःसंकोच हमारे कैंप मे आकर अपनी समस्या बता सकते हैं। हर संभव हमारे लोग उसका निदान करेंगे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित ग्रामीणों एवं बच्चों को नाश्ता एवं सामुहिक भोज भी करवाया गया। जवानों के साथ बैठकर भोजन कर ग्रामीण काफी प्रसन्न हुए और इस सहृदयता के लिए ग्रामीणों ने जवानों की खुलेमन से भूरि भूरि प्रशंसा भी की। कार्यक्रम में मुख्यरूप से गोपाल यादव कमांडेंट, विवेक कुमार सिंह द्वितीय कमान अधिकारी, डॉ0 विनोद कुमार सिंह एसएमओ, ओसी ए/111 , इंस्पेक्टर अजीत और एसओ/अन्य रैंक के जवान उपस्थित थे।

## एक नजर

### दिव्यांगों के चिन्हांकन व पेंशन सत्यापन के लिए विशेष शिविरों का आयोजन

**रायगढ़, 12 फरवरी।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के प्रावधानों एवं भारत सरकार की यूडीआईडी कार्ड परियोजना के तहत जिले के सभी 21 प्रकार के दिव्यांगजनों के चिन्हांकन मूल्यांकन एवं शत.प्रतिशत प्रमाणीकरण के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का वार्षिक सत्यापन भी इन शिविरों में किया जाएगा।समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 फरवरी को जनपद पंचायत धरमजयग? के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कार्यालय में शिविर का आयोजन किया गया। इसी तरह 12 फरवरी को जनपद पंचायत लैलूंगा मेंए 14 फरवरी को जनपद पंचायत घरघोड़ा में तथा 16 फरवरी को जतन केंद्रए जिला पंचायत के सामने रायगढ़ में शिविर आयोजित होगा। 16 फरवरी को आयोजित शिविर में नगर पालिक निगम रायगढ नगर पंचायत किरो?ीमल नगरए नगर पालिका खरसिया एवं नगर पंचायत पुसौर शामिल होंगे। सभी शिविर प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित किए जाएंगे।

### जल जीवन मिशन कार्यों में तेजी लाने कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**रायगढ़, 12 फरवरी।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने आज जिले के भेलवाटिकरा.सम्बलपुरी समूह जल प्रदाय योजना का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन कार्यों का बारीकी से अवलोकन करते हुए प्रगतिए गुणवत्ता एवं निर्धारित समय.सीमा की विस्तृत समीक्षा की गई।कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित विभागीय उपअभियंता एवं ठेकेदार को निर्देश देते हुए कहा कि योजना के अंतर्गत शेष समस्त कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप 31 मार्च 2026 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए। निरीक्षण के दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की कार्यपालन अभियंता श्रीमती प्रतिभा नवरतन उपस्थित थी। कलेक्टर ने निरीक्षण करते हुए कहा कि कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता या गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निर्माण सामग्री पाइपलाइन बिछानेए टंकी निर्माण एवं अन्य तकनीकी कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश भी दिए गए।कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि जल जीवन मिशन शासन की प्राथमिकता वाली योजना हैए जिसका मुख्य उद्देश्य प्रत्येक ग्रामीण परिवार को सुरक्षित एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है। यह योजना ग्रामीण जीवन स्तर में सुधारए महिलाओं एवं बालिकाओं के श्रम में कमी तथा जनस्वास्थ्य संवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

### जिला अस्पताल में कूल्हे की टीबी का सफल उपचार, मरीजों को मिल रहा नया जीवन

**रायगढ़, 12 फरवरी।** कूल्हे में लगातार दर्द और चलने में परेशानी से जूझ रहे मरीजों के लिए रायग? जिला अस्पताल राहत का केंद्र बन रहा है। यहां कूल्हे की टीबी से पी?ित मरीजों का नियमित उपचार और सर्जरी की जा रही हैए जिससे वे फिर से सामान्य जीवन की ओर लौट रहे हैं।

इलाज से लौटी चलने की क्षमता-तहसील तमनार के ग्राम.जरेकेला निवासी 33 वर्षीय गुलाब रामए जो पेशे से मिस्त्री हैंए चार माह पूर्व गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल लाए गए थे। कूल्हे की टीबी से पी?ित होने के कारण वे चलने में पूरी तरह असमर्थ थेए जिससे उनकी आजीविका भी प्रभावित हो रही थी। जिला अस्पताल में डॉग्राजकुमार गुप्ताए डॉण् दिनेश पटेलए डॉण् विमल नायकए डॉण् सिद्धार्थ सिंह एवं फिजियोथैरेपिस्ट की टीम द्वारा निरंतर उपचार किया गयाए जिसके परिणामस्वरूप आज गुलाब राम पुनः चलने में सक्षम हो गए हैं। इसी प्रकार जिले के लोईंग क्षेत्र के कछार निवासी 22 वर्षीय एमएण् अंतिम वर्ष की छात्रा डिम्पल पटेल भी कूल्हे की टीबी से ग्रसित होकर अस्पताल आई थीं। उन्हें चलने में अत्यधिक कठिनाई हो रही थी। लगभग 20 दिनों के उपचार और दो सफल ऑपरेशन के बाद उनकी स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और वे अब अस्पताल से डिस्चार्ज हो चुकी हैं।

### राजिम कुंभ कल्प में गुरुवार को मुख्य मंच पर 'सुनील सोनी नाइट'

**राजिम।** राजिम कुंभ कल्प मेला के 12वें दिन 12 फरवरी गुरुवार को मुख्य मंच पर छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय गायक सुनील सोनी की प्रस्तुति होगी। अपनी मधुर आवाज और छत्तीसगढ़ी लोकगीतों के लिए प्रसिद्ध सुनील सोनी के गीतों में छत्तीसगढ़ की माटी की महक, लोकसंस्कृति की झलक और भावनाओं की गहराई साफ झलकती है।इसके अलावा अन्य कार्यक्रमों में रायपुर की शिल्पा सिंह कत्थक नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति देंगी, वहीं बेमेतरा के संतोष कुमार घोरबंधे अपनी टीम के साथ लोक कला मंच पर झमाझम लोकनृत्य की छटा बिखेरेंगे।कार्यक्रम संयोजक पुरुषोत्तम चंद्राकर ने बताया कि मुख्य मंच के साथ-साथ स्थानीय मंच पर भी विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी।

इनमें पीपरछेड़ी (गरियाबंद) के चंदन कुमार द्वारा आदिवासी नृत्य, भाठागांव (रायपुर) की अनिता साहू का जगराता, राजिम की रानी मिरी का पंथी नृत्य, नवापारा के परमेंद्र कुमार का शिव भजन, दरबा की हेमा साहू की जस झांकी, कुटेना के रिखी राम की झांकी, रायपुर की गायत्री धीवर का सुगम गायन, तेंदुबाय (गरियाबंद) के ओम कुमार का भुजिया नृत्य, पोंड-तोरला के दाऊराम भारती का सतनाम भजन, आमोदी (आरंग) के प्रवीण कुमार का जगराता तथा चारामा की विद्या दुर्गासी का बारहमासी गीत शामिल हैं।

इसी प्रकार राजीव लोचन मंदिर के समीप पुराने महोत्सव स्थल पर भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला चलेगी, जिसमें राजिम के भूपेंद्र कुमार सोनकर की भजन संध्या, धनसुली के ओमप्रकाश का रामायण पाठ, रिको पलौद के राजेश बंजारे का सतनाम भजन, डूमरपाली के वेद प्रकाश साहू का मानसगान और अभनपुर के उधोराम साहू सेवा मंडली की प्रस्तुति होगी।

राज्य शासन की मंशा अनुरूप हर माह उचित मूल्य दुकानों में होगा आयोजन

# कलेक्टर ने ग्राउंड स्तर पर पहुंचकर चावल उत्सव का जायजा लिया

**रायगढ़, 12 फरवरी।** राज्य शासन के निर्देशानुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत संचालित उचित मूल्य दुकानों में प्रतिमाह आयोजित किए जाने वाले 'चावल उत्सव' का कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने जिले में निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिले के खरसिया विकासखंड के ग्राम चपले स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान के समक्ष आयोजित चावल उत्सव में पहुंचकर कलेक्टर ने लाभार्थियों से सीधे संवाद किया और वितरण प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उत्सव में अधिक से अधिक हितग्राहियों सह लाभार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए तथा वितरण व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी और सुचारु रहे।



निरीक्षण के दौरान खाद्य विभाग के अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 664 शासकीय एवं समूह द्वारा संचालित उचित मूल्य दुकानों में प्रतिमाह चावल उत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, निगरानी समिति के सदस्यों तथा हितग्राहियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है, ताकि राशन वितरण की प्रक्रिया सामाजिक निगरानी के दायरे में पारदर्शी रूप से संपन्न हो। निरीक्षण के दौरान खरसिया एसडीएम श्री प्रवीण तिवारी, जिला खाद्य अधिकारी श्री चितरंजन सिंह, जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

राज्य शासन द्वारा जारी विस्तृत दिशा-निर्देशों के अनुसार जिन ग्राम पंचायतों में साप्ताहिक हाट-बाजार लगते हैं, वहां प्रत्येक माह 6 तारीख के बाद लगने वाले प्रथम हाट-बाजार के दिन चावल उत्सव आयोजित किया जाएगा, जबकि अन्य सभी उचित मूल्य दुकानों में प्रत्येक माह की 7 तारीख को उत्सव आयोजित होगा। कलेक्टर ने खाद्य विभाग को निर्देशित किया है कि उत्सव से पूर्व संबंधित दुकान में माह का संपूर्ण आबंटित राशन भंडारित होना सुनिश्चित किया जाए।

उत्सव के समुचित क्रियान्वयन के लिए प्रत्येक दुकान के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा, जो खाद्य, सहकारिता, राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास अथवा अन्य शासकीय विभाग का कर्मचारी हो सकता है। नोडल अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि खाद्य विभाग द्वारा जारी आबंटन के अनुरूप चावल उत्सव के दिन पर्याप्त राशन सामग्री उपलब्ध रहे। साथ ही उत्सव प्रारंभ होने से पूर्व एवं समाप्ति के पश्चात दुकान का निरीक्षण कर स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया जाएगा।चावल उत्सव के दिन निगरानी समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य, कलेक्टर द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी, अन्य विभागों के संबंधित कर्मचारी, क्षेत्र की मितानिन एवं स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। निगरानी समिति के सदस्यों को पूर्व सूचना देकर उनके समक्ष हितग्राहियों को राशन वितरण कराया जाएगा। उचित मूल्य दुकान उस दिन पूर्ण समय खुली रहेगी तथा उत्सव का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि जिला स्तर पर चावल उत्सव की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। निर्धारित तिथि पर आयोजन हुआ या नहीं, नोडल अधिकारी एवं निगरानी समिति की उपस्थिति, कुल राशन कार्डधारियों में से कितने हितग्राही पहुंचे, कुल आबंटन में से कितनी सामग्री का वितरण हुआ तथा निरीक्षण के दौरान किसी प्रकार की अनियमितता पाई गई या नहीं, इन सभी बिंदुओं की प्रतिमाह समीक्षा की जाएगी।

## राजिम कुंभ कल्प में हनुमत महायज्ञ का कलश यात्रा के साथ हुआ शुभारंभ

**राजिम,12 फरवरी।** राजिम कुंभ कल्प मेला के संत समागम स्थल पर बुधवार को वैदिक मंत्रोच्चार और भक्ति भाव के बीच हनुमत महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। यज्ञ प्रारंभ होने के पहले श्री पटेश्वर सेवा संस्थान के बालयोगी श्री राम बालकदास जी के नेतृत्व में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों साधु-संतों एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।



कलश यात्रा के पश्चात विधि-विधान से यज्ञशाला में कलश स्थापना की गई। इस अवसर पर श्रद्धालु राम भजन गाते हुए भक्ति रस में डूबे हुए थे। पूरा संत समागम स्थल ''जय श्रीराम, हनुमान जयकारों'' और वैदिक मंत्रों से गूंज उठा। यह महायज्ञ 11 से 15 फरवरी तक प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक संपन्न होगा।

आयोजनकर्ता राम बालक दास जी महाराज ने बताया कि आयोजन के दौरान श्री हनुमत सहस्त्रनाम एवं हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया जाएगा। साथ ही प्रतिदिन रात्रि में स्थानीय कलाकारों द्वारा श्रद्धाभाव से सुंदरकांड का पाठ प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने यज्ञ के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऋषि-मुनियों द्वारा निर्धारित यज्ञ परंपरा प्रकृति की रक्षा, पर्यावरण की पवित्रता तथा अन्न-धन की समृद्धि के लिए अत्यंत आवश्यक है। यज्ञ के माध्यम से समस्त प्रदेश की सुख-शांति और खुशहाली की कामना की जा रही है।

उन्होंने कहा कि हनुमान जी का गदा धारण करना, भगवान शंकर का त्रिशूल, प्रभु श्रीराम का धनुष-बाण और मां भगवती खप्पर खड़ग धारण करना केवल प्रतीक नहीं, बल्कि धर्म और संस्कृति की रक्षा का संदेश है। यह हमारे हिंदू वीरों का सिंगार है। एक हाथ में शास्त्र और दूसरे में शस्त्र हो, तभी धर्म सुरक्षित और संस्कार जीवित रहेंगे ।



### कलेक्टर पगडंडियों से होकर किसानों के खेत तक पहुंचे

**रायगढ़, 12 फरवरी।** जिले में फसल विविधीकरण और तिलहन क्षेत्र विस्तार को गति देने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने आज विकासखंड खरसिया के ग्राम नावापारा पूर्व का दौरा किया। मैदानी हकीकत जानने के लिए कलेक्टर पगडंडियों से होते हुए पैदल किसानों के खेत तक पहुंचे और सरसों फसल प्रदर्शन का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। खेत में खड़ी फसल देखकर उन्होंने किसानों से संवाद किया और उत्पादन बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की।जिला खनिज संस्थान न्यास मद अंतर्गत जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में खरीफ 2025 में मूंगफली 510 हेक्टेयर एवं तिल 520 हेक्टेयर क्षेत्र में तथा रबी 2025.26 में सरसों 700 हेक्टेयर एवं सूर्यमुखी 200 हेक्टेयर क्षेत्र में प्रदर्शन कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

इन योजनाओं के तहत किसानों को निःशुल्क बीज एवं आवश्यक आदान सामग्री वितरित की गई हैए जिससे जिले में तिलहन उत्पादन को बढ़ावा मिल रहा है।

### समय कीमती है व्यर्थ जाने से बचाएं : संतोष सोनकर



**राजिम।** राजिम कुंभ कल्प मेला के 10वें दिन स्थानीय नदी मंच में छत्तीसगढ़ की लोककला एवं लोक संस्कृति जीवंत हो उठा। कार्यक्रम में चौबेबांधा के बिसहत राम साहू ने मानस गान प्रस्तुत किया। टीकाकार संतोष कुमार सोनकर ने सुंदरकांड के प्रसंग पर कहा कि समय बहुत कीमती है इसे व्यर्थ जाने से बचाएं।

राजिम के शिखा गोस्वामी ने महाभारत कथा, उमरदा के हुमन चंद्राकर रामायण, राजिम के नामदास लहरे ने सतनाम भजन तथा पारागांव के आर्यन ने सुगम गायन प्रस्तुत किया। रूआबांधा के रेणु साहू पंडवानी, रायपुर पूर्वी यादव की जगराता के भजनों पर लोग झूमने को मजबूर हो गये। उन्होंने देवी मां का जयकारा लगाते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की। मलपुरी दुर्ग के हेमीन वर्मा ने सुवा नृत्य पर विराह गीत प्रस्तुत किया।

## समाचार संक्षेप

### संत समागम परिसर के मां भैरवी धाम पंडाल में संपन्न हुआ गुरुपूजन, देशभर से पहुंचे शिष्य



**राजिम,12 फरवरी।** राजिम कुंभ कल्प मेला के संत समागम क्षेत्र में स्थापित मां भैरवी धाम पंडाल में मंगलवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ गुरु पूजन का आयोजन किया गया। तंत्रोक्त साधना केंद्र के रूप में प्रसिद्ध सुमिरन माई के इस पंडाल में देशभर से लगभग 80 शिष्य पहुंच चुके हैं, जबकि 120 अन्य शिष्यों के आने की सूचना है। पंजाब, उत्तराखंड, असम, गुजरात सहित विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने माई के सानिध्य में आध्यात्मिक साधना का संकल्प लिया।आयोजन के दौरान माई एवं शिष्यों का परिचय हुआ। इसके पश्चात भैरवी धाम खैरा (राजनांदगांव) से लाई गई माई की पावन चरण पादुका का विधि-विधान से पूजन-अर्चना किया गया। पूजा में देव अस्त्र एवं कुलदेवी को विशेष स्थान दिया गया। पंडित रघुनाथ प्रसाद पांडे, सोनू, अवि एवं ऋषिक ने बताया कि सुमिरन माई 15 फरवरी तक राजिम कुंभ में उपस्थित रहेंगी। इस अवधि में श्रद्धालु गुरु दक्षिणा अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त कर सकेंगे।पंडाल परिसर में पारंपरिक वाद्य यंत्रों की मधुर ध्वनि के बीच नर्तक दल द्वारा प्रस्तुत राउत नाचा ने वातावरण को आकर्षक बना दिया। राजिम कुंभ कल्प में 10 फरवरी से संत समागम का शुभारंभ हुआ है। इसके बाद संत समागम स्थल पर चारों ओर संतवाणी की गूंज और यज्ञ कुंड में दी जा रही आहुतियों से पूरा माहौल धर्ममय और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत दिखाई दे रहा। आसपास समेत प्रदेश एवं देश के कोने-कोने से श्रद्धालु राजिम कुंभ पहुंचकर आध्यात्मिक ऊर्जा का लाभ ले रहे हैं।

### स्वाति मिश्रा के भजनों से भक्तिमय हुआ राजिम कुंभ कल्प



**राजिम,12 फरवरी।** राजिम कुंभ कल्प मेला 2026 के दसवें दिन मुख्य मंच भक्ति रस से सराबोर हो उठा, जब सुप्रसिद्ध भजन गायिका स्वाति मिश्रा ने अपनी सुमधुर आवाज से हजारों श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रस्तुति शुरू होते ही पूरा पंडाल तालियों और ÷हर-हर महादेव और जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा।

कार्यक्रम की शुरुआत उन्होंने भक्ति गीत से की, जिसके बाद एक से बढ़कर एक लोकप्रिय भजनों की प्रस्तुति दी। राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी की गूंज पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। इसके साथ ही बरसाने की छोरी राधा गोरी-गोरी, मेरे चौखट पे चलकर आज चारों धाम आए हैं तथा राधा गोरी से ब्रज की छोरी से मैया करा मेरो ब्याह÷ जैसे भजनों पर दर्शकों के साथ जनप्रतिनिधि झूमते दिखाई दिए। राजिम विधायक रोहित साहू ने तालियों से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।मेरे घर राम आए हैं, भक्ति में रंगी रे, शिव कैलाशी और जय-जय भोलेनाथ जैसे भजनों ने वातावरण को पूर्णतः भक्तिमय बना दिया। दर्शक दीर्घा में बैठे लोग हाथ उठाकर भजनों के साथ सुर मिलाते नजर आए।

### नंदीगण संग विराजित परमात्मा शिव की झांकी बनी आस्था का केंद्र

**राजिम,12 फरवरी।** राजिम कुंभ कल्प के पावन अवसर पर कुलेश्वर मंदिर के समीप स्थित संत समागम स्थल में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, नवापारा द्वारा स्थापित परमात्मा शिव के कर्तव्य को दर्शाती भव्य झांकी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में भक्तगण झांकी के दर्शन कर आध्यात्मिक संदेश ग्रहण कर रहे हैं।झांकी में दर्शाया गया है कि वर्तमान समय में जब समाज में अत्याचार, भ्रष्टाचार, असत्य और हिंसा का विस्तार हो रहा है, तब परमात्मा शिव साधारण मानव तन का आधार लेकर मानव आत्माओं के कल्याण हेतु अवतरित होते हैं। सेवा केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन ने बताया कि गीता के वचनों के अनुरूप धर्म की पुनर्स्थापना के लिए परमात्मा का अवतरण होता है ।

# नौकरी लगाने के नाम पर लाखों की ठगी मामले में हुई पांचवी शिकायत, अभी कई पीड़ित और आएंगे सामने

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़,12 फरवरी।** नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। देवेंद्र कुमार गोरले और उसके कथित सहयोगी भाजपा नेता जयप्रकाश यादव पर दर्ज शिकायतों की कड़ी में दो और शिकायतकर्ताओ के सामने आने से पूरे डोंगरगढ़ क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं मास्टरमाइंड जय प्रकाश यादव के खिलाफ भिलाई कोसानाला थाना में शिकायत पर 420 की मामला के तहत अपराध पंजीबद्ध हुए जाने से और भी शिकायते सामने आएगी। वहीं बुधवार को धीरज कुमार साहू पिता रामकुमार साहू वार्ड नंबर 1 डोंगरगढ़ व शिव टेंभुरकर निवासी मुसराकला के द्वारा पुलिस थाने में देवेंद्र कुमार गोरले व जय प्रकाश यादव के खिलाफ नौकरी का झांसा देकर लाखों रु की ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है, जिसमें धीरज साहू के द्वारा आरोप लगाया गया है कि देवेन्द्र कुमार गोरले पिता स्व. प्रेमलाल गोरले निवासी गौतम नगर डोंगरगढ़ के द्वारा अपने साथी जयप्रकाश यादव के माध्यम से कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर शासकीय कार्यालय में नौकरी का प्रलोभन व झांसे में लेते हुए देवेन्द्र कुमार गोरले की बातों पर विश्वास कर उनके द्वारा दिए गये आश्वासन पर 07 अप्रैल 2023 को 2 लाख रू नगदी हाथो में दिया जिसमें से पचास हजार रू लौटाया गया है। वहीं पांचवे शिकायतकर्ता शिव टेंभुरकर के शिकायत में उल्लेख है कि मेरा ससुराल वार्ड नं. 14 डोंगरगढ़ में है और मैं अपने गांव मुसरा से वार्ड नं 14 डोंगरगढ़ जाने के रास्ते बुढ़ादेव पहाड़ी के नीचे से गुजरता रहता हूं। इस रास्ते में ही देवेन्द्र कुमार गोरले का घर है। अक्सर उन्हे देखकर उनके पत्रकार होने के कारण मेरे द्वारा नमस्कार किया जाता था। धीरे धीरे परिचय बढ़ने पर उनके घर के सामने रुककर उनसे बातचीत आरम्भ होने पर एक दिन मेरे द्वारा अपने रोजगार से संबंधित संकट संबंधी बात कही गयी जिस पर देवेन्द्र कुमार गोरले ने कहा कि उसका मंत्री लेवल तक पंहुच है शासकीय नौकरी लगवाना कोई बड़ी बात नही है। और मै विश्वास दिलाता हूं कि गांरटी के साथ तुम्हारी नौकरी लग जायेगी। उसकी इन बातों से मैं प्रभावित हो गया। उसने कहा कि इसके लिये ऊपर लेवलं तक पहुंच बनाना पड़ता है और इस पंहुच को बनाने में मुझे बहुत समय लगा है मैं बहुत से लोगों की नौकरी लगवा चुका हूं। मुझ पर विश्वास कर धैर्य रखते हुये तय किये गये राशि का आधा पैसा एडवांस देना होगा। उसके आश्वासन पर मेरे हां बोलने के एक हफ्ते बाद देवेन्द्र कुमार गोरले का फोन आया कि आपको शासकीय नौकरी लगाने की बात 5 लाख रुपए में तय हो गयी है। अपना रिज्यूम और पैसा तुरंत जमा कर दो। इसके पश्चात मैने आनन फानन में पैसे की व्यवस्था कर 10 जून 2023 को 2 लाख रु.नगद देवेन्द्र कुमार गोरले को उनके घर जाकर उनके हाथ में दे दिया। उन्होंने मुझे खाद्य विभाग सहायक ग्रेड 3 के पोस्ट पर नौकरी लगवाने का आश्वासन दिया। इसके पश्चात 4 अक्टूबर 2023 को 10 हजार रु. फोन पे से, 28 नवम्बर 2023 को 30 हजार रु. फोन पे और 23 जुलाई 2024 को 10 हजार रु. फोन पे से देवेन्द्र कुमार गोरले को दिया गया है। गौरतलब है कि इससे पहले भी तीन पीड़ितों ने डोंगरगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, जिनसे नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपये लिए गए थे। पांचों मामलों का पैटर्न एक जैसा होने से यह स्पष्ट होता जा रहा है कि यह कोई एकल घटना नहीं, बल्कि संगठित तरीके से चलाया जा रहा ठगी का नेटवर्क है। सूत्रों के अनुसार, नौकरी के नाम पर ठगी का यह खेल लंबे समय से चल रहा था और अब तक सामने आए मामलों के अलावा और भी कई पीड़ित हैं, जो कोर्ट-कचहरी और सामाजिक दबाव के डर से सामने नहीं आ रहे हैं। जानकारों का मानना है कि आने वाले दिनों में और भी पीड़ित सामने आ सकते हैं, जिससे ठगी की रकम और बढ़ने की आशंका है। डोंगरगढ़ क्षेत्र में नौकरी दिलाने के नाम पर कुल 56 लाख रुपये की ठगी की जानकारी सामने आने के बाद पुलिस प्रशासन पर भी दबाव बढ़ गया है। अब यह देखना अहम होगा कि जांच के दौरान इस पूरे नेटवर्क की कितनी गहराई तक परतें खुलती हैं और क्या अन्य प्रभावशाली नाम भी जांच के दायरे में आते हैं।इस संबंध में पुलिस का कहना है कि प्राप्त शिकायतों के आधार पर मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जांच के बाद दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।फिलहाल, नौकरी का सपना दिखाकर लोगों की मेहनत की कमाई हड़पने वाले इस गिरोह ने पूरे क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल बना दिया है, और अब सबकी निगाहें पुलिस की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

## राजिम भक्तिन माता भोग भंडारा में विधायक-कलेक्टर ने किया प्रसाद वितरण

**राजिम।** राजिम कुंभ कल्प मेला के पावन अवसर पर राजिम भक्तिन माता भोग भंडारा में आज श्रद्धा, सेवा और सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम देखने को मिला। भोग भंडारा में कसडोल विधायक संदीप साहू, गरियाबंद कलेक्टर भगवान दास, जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर, एसडीएम विशाल महाराणा, तहसीलदार मयंक अग्रवाल एवं नायब तहसीलदार तारेंद्र ठाकुर सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी गरिमामयी उपस्थिति रही।



अतिथियों ने राजिम भक्तिन माता की पूजा अर्चना कर भंडारे का शुभारंभ किया। अतिथियों ने स्वयं अपने हाथों से हजारों श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया तथा स्वयं बैठकर प्रसाद ग्रहण कर सेवा भावना का संदेश दिया।भोग भंडारा नगर के समाजसेवी श्रवण यादव द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें नगर पंचायत राजिम परिवार द्वारा स्व. मोनिका साहू की स्मृति में विशेष सहयोग प्रदान किया गया। आयोजन में डॉ. विश्वनाथ साहू सहित समिति के अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। साहू समाज एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों और दानदाताओं ने भी बढ़-चढ़कर सहयोग किया।भोग भंडारे में विशेष आकर्षण रहा 'पुलियारम प्रसाद', जिसे पहली बार दक्षिण भारतीय परंपरा के अनुसार भगवान कुलेश्वर महादेव को अर्पित कर श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। इस अवसर पर विधायक एवं कलेक्टर ने भंडारे की उत्कृष्ट व्यवस्था की सराहना करते हुए सामाजिक संस्थाओं से मेला क्षेत्र में निःशुल्क भोजन व्यवस्था के विस्तार का आह्वान किया। मेले में राजिम भक्तिन माता भोग भंडारा प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं को निःशुल्क, स्वादिष्ट एवं भरपेट भोजन कराकर सेवा, समर्पण और मानवता की मिसाल प्रस्तुत कर रहा है।भोग भंडारे में प्रतिदिन भोग भंडारे के प्रभारी लाला साहू, महामंत्री रामकुमार साहू, उपाध्यक्ष आलोक साहू, संगठन मंत्री बलराम साहू, डिगेश्वर साहू, डॉ ओंकार साहू, सुरेंद्र साहू सहित समिति के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य पूरे समर्पण भाव से सेवा कार्य में लगे रहे।

### राजिम कुंभ कल्प में संस्कृति, पर्यटन एवं धर्मस्व विभाग का स्टॉल बना आकर्षण का केंद्र

**राजिम,12 फरवरी।** राजिम कुंभ कल्प मेला में विभिन्न शासकीय विभागों के स्टॉल मेलार्थियों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। इन्हीं में पर्यटन, संस्कृति, पुरातत्व एवं धर्मस्व विभाग द्वारा लगाया गया स्टॉल विशेष रूप से भीड़ खींच रहा है।

जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक जानकारी प्राप्त करते नजर आ रहे हैं।स्टॉल में विशाल एलईडी स्क्रीन के माध्यम से छत्तीसगढ़ के प्रमुख दर्शनीय स्थलों को प्रदर्शित किया जा रहा है।

**एक नजर**

### तुलसी मड़ई मेले में शांति भंग कर उपद्रव करने वाले असामाजिक तत्व जेल भेजे गए



**तिल्दा-नेवरा 12 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** तिल्दा नेवरा पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर मड़ई मेलों में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने तथा असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में ग्राम तुलसी में आयोजित मड़ई मेले के दौरान उपद्रव करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कदम उठाया गया। दिनांक 08.02.2026 को ग्राम तुलसी मड़ई मेले में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा जबरन विवाद उत्पन्न करने, लड़ाई-झगड़ा करने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही तिल्दा नेवरा पुलिस मौके पर पहुंची और अनावेदकों को समझाइश देने का पूरा प्रयास किया, किन्तु वे अत्यधिक उग्र होकर मारपीट पर आमादा हो गए। स्थिति को नियंत्रित करते हुए पुलिस ने दोनों आरोपियों को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय तिल्दा नेवरा में पेश किया। जहां अनुविभागीय दंडाधिकारी महोदय द्वारा दोनों असामाजिक तत्वों को जेल भेजने का वारंट जारी किया गया।

### पशु चिकित्सा अधिकारी निलंबित

**रायपुर, 12 फरवरी।** दुर्ग संभायुक्त श्री सत्यनारायण राठौर ने पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ एवं विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारी, मोहला डॉ. चन्द्रशेखर अम्बुलकर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्यवाही शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने तथा बिना सूचना समीक्षा बैठकों एवं मुख्यालय से गायब रहने के कारण की गई है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय उप संचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं, जिला राजनांदगांव निर्धारित किया गया है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्के घर का सपना पूरा हुआ

**रायपुर, 12 फरवरी।** दुर्ग जिले के धमधा विकासखंड के ग्राम बिरझापुर निवासी श्री राजकुमार के लिए पक्का घर एक सपना था। मिट्टी की दीवारों और खपरैल की छत वाला उनका कच्चा मकान बरसात के दिनों में गंभीर चिंता का कारण बन जाता था। सीमित आय के कारण बड़ी मुश्किल से जीवन यापन हो पा रहा था। आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण न पक्का घर बनाने की बात सोचना भी दिवास्वप्न था। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की जानकारी मिलने पर उन्होंने आवेदन किया और चयनित होने की सूचना ने उनके जीवन में नई आशा का संचार किया। शासन से प्राप्त सहायता राशि एवं ग्राम पंचायत के मार्गदर्शन में उन्होंने आवास निर्माण प्रारंभ किया। प्रथम किश्त से नींव, द्वितीय से दीवारें तथा तृतीय किश्त से मकान पूर्ण आकार में तैयार हुआ। महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत 90 दिवस की मजदूरी राशि 21,870 रुपये प्राप्त होने से निर्माण कार्य में सहयोग मिला। इसके अतिरिक्त उनके परिवार को उज्ज्वला योजना से गैस कनेक्शन, विद्युत कनेक्शन तथा नल-जल योजना से घर तक स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध हुई। आज उनका परिवार पक्के एवं सुरक्षित आवास में निवास कर रहा है। श्री राजकुमार ने इसके लिए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री प्रति आभार व्यक्त किया है।

### रैंप योजना अंतर्गत बुनकर केन्द्र लखोली में 32 महिला उद्यमियों को मिला सेक्टर स्पेसिफिक प्रशिक्षण

**रायपुर, 12 फरवरी।** केन्द्र सरकार की रैंप योजना अंतर्गत बुनकर केन्द्र लखोली में हथकरघा क्षेत्र से जुड़ी 32 महिला उद्यमियों के लिए तीन दिवसीय सेक्टर स्पेसिफिक्र प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार तथा राज्य शासन की उद्यमिता प्रोत्साहन पहल के तहत सीएसआईडीसी रायपुर के मार्गदर्शन में चॉइस कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रशिक्षण संपन्न कराया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य स्थानीय संसाधनों पर आधारित उद्योगों को बढ़ावा देना, स्वरोजगार के अवसर सृजित करना तथा प्रतिभागियों को तकनीकी एवं व्यवहारिक दक्षता प्रदान करना था।

# जनभागीदारी, छात्र सहभागिता एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाली समितियां सम्मानित

**वन अग्नि सुरक्षा हेतु अर्जुनी परिक्षेत्र में कार्यशाला का आयोजन**

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 12 फरवरी।** अर्जुनी वन परिक्षेत्र अंतर्गत वनाग्नि से सुरक्षा हेतु एक व्यापक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आगामी अग्नि सीज़न 2026 के दौरान वनों को आग से सुरक्षित रखने हेतु ग्रामीणों, वन प्रबंधन समितियों एवं वन अमले की सहभागिता को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।कार्यशाला में वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील ने ग्रामीणों एवं वन प्रबंधन समिति के सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि वनाग्नि की किसी भी घटना की जानकारी तत्काल वन विभाग तक पहुंचाएं तथा आग की रोकथाम में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि यदि समय पर सामूहिक प्रयास किए जाएं तो ÷शून्य वनाग्नि घटना÷ का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर वनों में आग लगने के प्रमुख कारणों एवं उनसे होने वाले पर्यावरणीय, वन्यजीव एवं मानवीय दुष्प्रभावों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

जनजागरूकता को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से गिरौदपुरी विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा वनाग्नि विषय पर प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने कविता पाठ एवं चित्रकला के माध्यम से वनाग्नि से होने वाले नुकसान को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को जागरूक किया। छात्रों की इस सहभागिता को सभी ने सराहा।

कार्यशाला में उपस्थित वन प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा भी वनाग्नि के कारणों, अनुभवों एवं स्थानीय स्तर पर अपनाए गए उपायों को साझा किया गया। पिछले पाँच वर्षों के आँकड़ों के आधार पर अर्जुनी, थरगाँव, महराजी एवं खोसड़ा वन प्रबंधन समितियों को उनके उत्कृष्ट कार्य, सतर्कता एवं सक्रिय सहभागिता के लिए सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। इन समितियों के प्रयासों को अन्य क्षेत्रों के लिए प्रेरणास्त्रोत के रूप में प्रस्तुत किया गया। कार्यशाला में प्रशिक्षु सहायक वन संरक्षक गुलशन कुमार साहू, प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल डब्बू साहू, सुश्री मीनाक्षी साहू, सुश्री रूपेश्वरी दीवान सहित अन्य वन अधिकारी-कर्मचारी, ग्राम पंचायतों के सरपंच, वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य, गिरौदपुरी एवं अर्जुनी विद्यालय के छात्र-छात्राएँ तथा शिक्षकगण उपस्थित थे।

**महतारी वंदन योजना महिलाओं के लिए आर्थिक स्थिरता का मजबूत आधार**

# ग्रीसलता साहू ने सिलाई काम कर बढ़ाया आत्मनिर्भरता की ओर कदम



**रायपुर, 12 फरवरी।** छत्तीसगढ़ शासन की महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित महतारी वंदन योजना प्रदेश की महिलाओं के जीवन में आत्मनिर्भरता और आर्थिक स्थिरता का मजबूत आधार बनकर उभर रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मार्गदर्शन में लागू इस योजना से कोंडागांव जिले के माकड़ी विकासखंड अंतर्गत ग्राम बड़गांव निवासी श्रीमती ग्रीसलता साहू को आर्थिक संबल मिला है।

श्रीमती ग्रीसलता साहू ने महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रतिमाह प्राप्त होने वाली सहायता राशि का रचनात्मक उपयोग करते हुए घर पर ही कपड़ा सिलाई का कार्य प्रारंभ किया। उन्होंने योजना की राशि को बचत कर सिलाई मशीन खरीदी और छोटे स्तर पर स्वरोजगार की शुरुआत की, जिससे आज उन्हें नियमित आय प्राप्त हो रही है। सिलाई कार्य से अर्जित अतिरिक्त आमदनी से परिवार की आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इससे बच्चों के बेहतर पालन-पोषण के साथ-साथ घरेलू जरूरतों की पूर्ति सहज हुई है और पति पर पड़ने वाला आर्थिक दबाव भी कम हुआ है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित महतारी वंदन योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने तथा महिला सशक्तिकरण को सुदृढ़ करने की दिशा में एक प्रभावी और दूरदर्शी पहल सिद्ध हो रही है, जो प्रदेशभर के परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है।

### मछली पालन और खेतों की सिंचाई का आधार बनेगी आजीविका डबरी

**रायपुर, 12 फरवरी।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का उद्देश्य ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण करना है, जिससे वे आत्मनिर्भर बनकर आर्थिक गतिविधियों का संचालन कर सकें और अपने परिवार के भरण पोषण के साथ गांव की अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बना सकें। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए जनपद पंचायत पंडरिया के ग्राम पंचायत लोखान अंतर्गत ग्राम कमराखोल में विशेष पिछड़ी जनजाति के दिव्यांग हितग्राही श्री अंधरू बैगा के लिए मनरेगा के तहत निर्मित की जा रही आजीविका डबरी उनके सुनहरे भविष्य की मजबूत नींव साबित होगी। ग्राम सभा में मनरेगा अंतर्गत प्रस्तावित कार्यों की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को आजीविका डबरी निर्माण के लिए प्रेरित किया गया। इसके लाभों से प्रभावित होकर श्री अंधरू बैगा ने अपने लिए डबरी निर्माण की मांग रखी। वे पूर्व से मनरेगा के तहत पंजीकृत होकर कार्य कर रहे हैं।

## भाजपा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को पुण्यतिथि पर किया नमन



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ 12 फरवरी।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनको छाया चित्र में पुष्प अर्पित करके नमन किया । इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय हम केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि एक विचारधारा थे – एकात्म मानववाद के प्रणेता, जिन्होंने अंत्योदय का मंत्र दिया – ÷समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचे। उनका जीवन सादगी, समर्पण और राष्ट्रसेवा का अद्भुत उदाहरण है उन्होंने संगठन को परिवार माना और राष्ट्र को सर्वोपरि रखा। आइए, उनकी पुण्यतिथि पर हम संकल्प लें कि समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए कार्य करेंगे और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष राम जी भारती वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेंद्रर सिंह बन्नोवाना सुनील जैन प्रकाश चौडडिया लक्ष्मी नारायण अग्रवाल शहर भाजपा अध्यक्ष जसमीत सिंह बनोवाना नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा शहर महामंत्री विनय बंसल विनीत यादव महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता दरगढ़, पार्षद अमित जैन, सरफराज नवाज ,भागवत नामदेव ,आकाश राजपूत, हिमांशु सेन सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

### धर्मनगरी में 14 फरवरी को मनाया जाएगा मातृ-पितृ पूजन दिवस



**डोंगरगढ़ 12 फरवरी।** परम पूज्य संत श्री आशारामजी बापू की पावन प्रेरणा से विश्व में एक विशाल महापर्व मातृ-पितृ पूजन दिवस प्रतिवर्ष 14 फरवरी को मनाया जाता है। इसी क्रम में सर्व हिन्दू समाज डोंगरगढ़ के द्वारा सनातन धर्म-संस्कृति की रक्षार्थ महिमावान माता पिता के प्रति सद्भावना जगाने, बच्चों को संस्कारवान बनाने और युवाओं को सद्मार्ग दिखाने के उद्देश्य से? 14 फरवरी शनिवार को प्रातः 11 बजे महावीर मंदिर प्रांगण में भव्य मातृ-पितृ पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए सर्व हिंदू समाज के बाल मुकुंद तराने, योग वेदांत समिति के नम्मू साहू, भगवती वर्मा ने सभी सनातन धर्मप्रेमी बंधुओं से माता पिता बच्चों सहित अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

## झूलेलाल चौक नहरपारा में सड़क डामरीकरण का भूमिपूजन

**रायपुर 12 फरवरी।** रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न वार्डो में जनप्रतिनिधि वार्ड पार्षदो की अनुशंसा से शीघ्र वार्डो के विभिन्न प्रमुख मार्गो में 15 वें वित्त आयोग मद अंतर्गत ढाई करोड रू. की स्वीकृत लागत से सड़क डामरीकरण के नये विकास कार्य करवाकर विभिन्न प्रमुख मार्गो को यातायात सुगम व सुव्यवस्थित बनाया जायेगा।



नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे और सभापति श्री सूर्यकांत राठौड़ ने निगम वित्त विभाग अध्यक्ष श्री महेन्द्र खोडियार, निगम राजस्व विभाग अध्यक्ष श्री अवतार भारती बागल, शहीद हेमूकालाणी वार्ड क्रमांक 28 की पार्षद श्रीमती कृतिका जैन, श्रीमती पुष्पा रोहित साहू, श्री कैलाश बेहरा, पूर्व पार्षद श्री भावेश पिथालिया, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि श्री सुभाष अग्रवाल, महिलाओं, गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, नवयुवकों, आमजनों सहित नगर निगम जोन 2 जोन कमिश्नर श्री संतोष पाण्डेय, नगर निगम अधीक्षण अभियंता श्री इमरान खान, जोन 2 कार्यपालन अभियंता श्री पी.डी घृतलहरे एवं अन्य संबंधित अभियंताओं की उपस्थिति में नगर निगम जोन 2 क्षेत्र अंतर्गत नहर पारा झूलेलाल चौक में रोड टारींग मशीन के समक्ष श्रीफल फोड़कर एवं कुदाल चलाकर सडक डामरीकरण के नये विकास कार्यो को भूमिपूजन करते हुए शुभारंभ किया। महापौर श्रीमती मीनल चौबे और सभापति श्री सूर्यकांत राठौड ने नगर निगम जोन 2 जोन कमिश्नर और अधीक्षण अभियंता को तत्काल संबंधित स्वीकृत मार्गो में सडक डामरीकरण के नये विकास कार्य प्रारंभ करवाकर शीघ्र सतत मॉनिटरिंग कर गुणवत्ता युक्त तरीके से जनहित में जनउपयोग हेतु प्राथमिकता से पूर्ण करवाना सुनिश्चित करने निर्देशित किया। अधिकारियों को सडक डामरीकरण के नये विकास कार्य करवाने के दौरान सड़क की ढाल का विशेष ध्यान रखने महापौर और सभापति ने निर्देशित किया ताकि सड़क किनारे निकास सुगमता से कायम हो सके और लंबे समय तक नये सड़क डामरीकरण कार्यो का वांछित लाभ नागरिको को प्राप्त हो सके।

### मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े गृह ग्राम बीरपुर में नवनिर्मित शिव मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुई



**रायपुर, 12 फरवरी।** मंत्री एवं भटगांव विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने अपने गृह ग्राम बीरपुर में नवनिर्मित शिव मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में सहभागिता कर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के अंतर्गत प्रातः राम मंदिर, पासंग नाला से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कलश यात्रा शिव मंदिर परिसर तक पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधानपूर्वक प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई। कार्यक्रम के दौरान भंडारे का आयोजन किया गया, वहीं रात्रि में भजन-कीर्तन के माध्यम से भक्तिमय वातावरण बना रहा। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में आपसी सौहार्द, एकता और आध्यात्मिक चेतना को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने ग्रामवासियों को इस सफल एवं भव्य आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि नवनिर्मित शिव मंदिर ग्राम बीरपुर में आस्था और सांस्कृतिक चेतना का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। कार्यक्रम में विधायक श्री भूलन सिंह मरावी, पूर्व गृह मंत्री श्री रामसेवक पैकरा, श्री बाबूलाल अग्रवाल, श्री अनिल सिंह मेजर, श्री भीमसेन अग्रवाल, श्री अजय गोयल सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### दिव्यांग सशक्तिकरण की मिसाल: शासन की स्वरोजगार योजना से श्री हेमंत साहू बने आत्मनिर्भर

**रायपुर,१२ फरवरी।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दिव्यांगजनों के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए संचालित जनकल्याणकारी योजनाएँ जमीनी स्तर पर सकारात्मक और प्रभावी परिणाम दे रही हैं। इसी कड़ी में जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के विकासखंड मोहला अंतर्गत ग्राम कौड़ीकसा निवासी अस्थिबाधित दिव्यांग श्री हेमंत कुमार साहू की कहानी एक प्रेरणास्पद उदाहरण के रूप में सामने आई है। शासन की स्वरोजगार मूलक ऋण योजना का लाभ लेकर उन्होंने आत्मनिर्भरता की सशक्त पहचान स्थापित की है। पूर्व में श्री हेमंत साहू के पास आजीविका का कोई स्थायी साधन उपलब्ध नहीं था। सीमित संसाधनों एवं पारिवारिक दायित्वों के कारण जीवनयापन में निरंतर कठिनाइयाँ उत्पन्न हो रही थीं। इसी दौरान समाज कल्याण विभाग के माध्यम से उन्हें दिव्यांगजनों के लिए संचालित स्वरोजगार ऋण योजना की जानकारी प्राप्त हुई। योजना के अंतर्गत आवेदन उपरांत शासन द्वारा उन्हें 95 हजार रुपए की ऋण सहायता प्रदान की गई।

## नवीन आंगनबाड़ी भवन: शिक्षा, पोषण और सुरक्षा का संगम

**रायपुर, 12 फरवरी।** मुंगेली जिले के ग्रामीण अंचलों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अभिशरण से 100 नवीन आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। इनमें से 31 भवन पूर्ण हो चुके हैं तथा 69 भवनों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। शेष भवनों को 15 मार्च तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इन नवीन भवनों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में 6 वर्ष तक के बच्चों को बेहतर प्रारंभिक शिक्षा, पोषण आहार एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध हो रहा है। आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों को शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं भी प्रदान की जाती हैं, जिससे उनके समग्र विकास को सुदृढ़ आधार मिल रहा है। बच्चों में सीखने की रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से भवनों की दीवारों पर हिंदी एवं अंग्रेजी वर्णमाला, जीव-जंतु तथा अन्य शैक्षणिक विषयों से संबंधित आकर्षक चित्रों की पेंटिंग कराई गई है। इन चित्रों के माध्यम से बच्चों को खेल-खेल में सीखने का अवसर मिल रहा है, जिससे उनके मानसिक विकास में सकारात्मक प्रभाव देखा जा रहा है।




बेहतर अधोसंरचना के कारण आंगनबाड़ी गतिविधियों के संचालन में सुविधा हुई है तथा बच्चों की नियमित उपस्थिति में भी वृद्धि दर्ज की गई है। कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार का कहना है कि मनरेगा एवं महिला-बाल विकास विभाग के समन्वित प्रयासों से निर्मित ये भवन ग्रामीण बच्चों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। नवनिर्मित आंगनबाड़ी केन्द्रों में आकर्षक शैक्षणिक वातावरण से बच्चों एवं अभिभावकों में उत्साह एवं विश्वास का वातावरण निर्मित हुआ है। यह पहल ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा, पोषण और सुरक्षा को नया आयाब दे रही है।

### // आम सूचना //

मैं पुरुषोत्तम जुमनानी मे. नरदहा लाईम स्टोन क्वारी निवासी लाखेनगर चौक रायपुर तहसील व जिला रायपुर। आम जनता को सूचित करता हूं कि ग्राम नरदहा, तहसील आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.) के खसरा नं. 1981, 1983/1, 1982/2, 1988/2, कुल रकबा 2.79 हे. पर चूना पत्थर, पत्थरं उत्खनन (गौण खनिज) खदान उत्खनन क्षमता 60,000 टन प्रति वर्ष के लिए राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण छ.ग. के द्वारा जारी पत्र क्रमांक EC24BO108CG5859821N/ एस.ई.आई.ए.ए. छ.ग./माईन/2563 नया रायपुर अटल नगर दिनांक 22.01.2026 के माध्यम से प्राप्त हो चुका है। पर्यावरणीय स्वीकृति पत्र में दी गई शर्तों के पालनार्थ उक्त सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है।

**नरदहा लाईम स्टोन क्वारी**
**मे. पुरुषोत्तम जुमनानी**

### //शपथ-पत्र//

मैं आर्श बरडिया पिता सुयश कुमार बरडिया, म.नं. 15/152 मागड़ा पारा, एम.जी. रोड रायपुर (छ.ग.) का निवासी हूं।

मेरा आधार नं. 4787 8578 6869 में मेरे पिता का नाम SUYASH KUMAR BARDIA दर्ज है, जो कि सत्य एवं सही है।

मेरे कक्षा दसवीं की अंकसूची में मेरे पिता का नाम SUYASH BARDIA दर्ज है।

उपरोक्त दर्शाये गये दोनों नाम अर्थात् SUYASH KUMAR BARDIA एवं SUYASH BARDIA दोनों मेरे पिता के ही नाम अर्थात् दो नाम का एक ही व्यक्ति है।

मेरे द्वारा दी गई जानकारी सत्य एवं सही है।

उपरोक्त कथनों के समर्थन में यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

**आर्श बरडिया**
**शपथकर्ता**

### //शपथ-पत्र//

मैं परी बरडिया पिता सुयश कुमार बरडिया, म.नं. 15/152 मागड़ा पारा, एम.जी. रोड रायपुर (छ.ग.) की निवासी हूं।

मेरा आधार नं. 7962 1918 0521 में मेरे पिता का नाम SUYASH KUMAR BARDIA दर्ज है, जो कि सत्य एवं सही है।

मेरे कक्षा दसवीं की अंकसूची में मेरे पिता का नाम SUYASH BARDIA दर्ज है।

उपरोक्त दर्शाये गये दोनों नाम अर्थात् SUYASH KUMAR BARDIA एवं SUYASH BARDIA दोनों मेरे पिता के ही नाम अर्थात् दो नाम का एक ही व्यक्ति है।

मेरे द्वारा दी गई जानकारी सत्य एवं सही है।

उपरोक्त कथनों के समर्थन में यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

**परी बरडिया**
**शपथकर्ती**

**न्यायालय तहसीलदार भाटापारा**
**जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./अ-6/ वर्ष 2025-26
ग्राम-सेन्दरी प.ह.नं. 42

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक आवेदक रतनलाल कुर्रे पिता हीरालाल कुर्रे जाति सतनामी निवासी ग्राम सेन्दरी तहसील भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. के द्वारा ग्राम सुरखी प.ह.नं. 09 रा.नि.मं. पटपर तहसील भाटापारा में स्थित भू-स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 145 रकबा 0.0200 हे. लगान 0.06 रूपये भूमि पटवारी अभिलेख में दाउलाल वल्द दुलार के नाम पर शामिल सरीक दर्ज है। खातेदार दाउलाल पिता दुलार की मृत्यु दिनांक 01.10.2012 को मुकाम ग्राम सेन्दरी, तहसील भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में हो चुका है। जो वारिसान पुत्र कोई नहीं पुत्री कोई नहीं एवं मृतक के पत्नि भगवंतिन कुर्रे फौत दिनांक 03.02.2014 को मुकाम ग्राम सेंदरी तहसील भाटापारा में हो चुका है। इसके अलावा अन्य कोई वारिसान नहीं है। उसके पिता हीरालाल वल्द मोहन की मृत्यु दिनांक 11.11.1975 को मुकाम ग्राम सेन्दरी तहसील भाटापारा में हो चुका है। जो वारिसान पुत्र रतनलाल, पुत्री पुसैया बाई निःसंतान फौत, पुषनबाई निःसंतान फौत, एवं मृतक के पत्नि देवमति कुर्रे फौत। इसके अलावा अन्य कोई वारिसान नहीं है। आवेदक द्वारा मृत खातेदारों के नाम को विलोपित कर उनके विधिक वारिसानों के नाम पर फौती नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त सबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचााराधीन है तथा दिनांक 25/02/26 को सुनवाई हेतु नियत है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना है तो सुनवाई हेतु नियत दिनांक 25/02/26 तक स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से नियत समय व स्थान में दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त/दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 11/02/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार**
**भाटापारा**

## एक नजर

### शिव परिवार की स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा की गई



**रायपुर, 12 फरवरी।** पुरानी बस्ती रायपुर स्थित श्री राम जानकी गोपीनाथ मंदिर के नवनिर्मित शिवालय में शिव परिवार स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह कार्यक्रम फाल्गुन कृष्ण नवमी तदनुसार 11 फरवरी को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विधिवत हवन -पूजन के कार्यक्रम संपन्न होने के पश्चात भगवान शिव की आरती की गई एवं ओम जय शिव ओंकारा भोले जय शिव ओंकारा ब्रह्मा विष्णु सदाशिव अर्धांगी धारा स्तुति की गई। कार्यक्रम की समाप्ति के उपरांत सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया तथा भोग -भंडारे का भी आयोजन हुआ जिसमें सभी श्रद्धालु भक्तों ने मंदिर परिसर में प्रसाद प्राप्त किया। इस पूरे कार्यक्रम में महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज, पूर्व कैबिनेट मंत्री सत्यनारायण शर्मा, अजय तिवारी, महेंद्र अग्रवाल, सुरेश शुक्ला, चंद्रकांत यदु, आलोक पांडे, निर्मल दास वैष्णव सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण सम्मिलित हुए।

### दावा-आपत्ति का निराकरण किए बिना नतीजों की घोषणा

**रायपुर, 12 फरवरी।** छत्तीसगढ़ कहार भोई समाज के चुनाव में अनियमितता पर प्रत्याशी भुवन अवसरिया, पुष्कर कहार, शिव भोई, प्रशांत नायक, योगेश कश्यप और अनेक राज के अध्यक्षों द्वारा दावा-आपत्ति दर्ज कराकर चुनाव अधिकारी से चुनाव में गड़बड़ी की जांच की मांग की गई है। समाधान तक परिणाम पर रोक लगाई जाए। चुनाव अधिकारी द्वारा दावा-आपत्ति का निराकरण किये बिना परिणामों की घोषणा कर दी गई है। यह जानकारी प्रशांत नायक ने दी है।

### विश्व रेडियो दिवस 13 को

**रायपुर, 12 फरवरी।** प्रसार भारती एवं यूनेस्को के संयुक्त तत्वावधान में 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस का भव्य आयोजन रायपुर में किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय महत्व का यह कार्यक्रम सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, प्रसार भारती और आकाशवाणी महानिदेशालय के सहयोग से आकाशवाणी रायपुर द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। उनके साथ यूनेस्को के प्रतिनिधि, प्रसार भारती एवं आकाशवाणी के वरिष्ठ अधिकारी तथा विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ भी कार्यक्रम में भाग लेंगे। वर्ष 2026 के विश्व रेडियो दिवस की थीम रेडियो और कृत्रिम बुद्धिमत्ता निर्धारित की गई है।

# फिल्मी स्टाइल में भागे हत्या के विचाराधीन दो कैदी

## कोर्ट परिसर में पुलिस को दिया चकमा, शहर में नाकाबंदी

**रायपुर, 12 फरवरी।** राजधानी रायपुर में पुलिस अभिरक्षा से कैदियों के भागने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। रायपुर सेंट्रल जेल में बंद दो विचाराधीन कैदी, जिन्हें कोर्ट में पेशी के लिए लाया गया था, पुलिसकर्मियों को चकमा देकर रफूचक्कर हो गए। इस घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है और राजधानी के मार्गों पर नाकाबंदी कर दी गई है।

**पेशी से पहले ही गायब हुए :** मिली जानकारी के अनुसार, फरार हुए कैदियों की पहचान राजेश मारकण्डेय और तुलाराम मारकण्डेय के रूप में हुई है। दोनों कैदी हत्या के प्रयास और अन्य गंभीर धाराओं के तहत जेल में बंद थे। गुरुवार को उन्हें नियमित पेशी के लिए कोर्ट लाया गया था। बताया जा रहा है कि कैदी उस समय कोर्ट मुहर्रिर की अभिरक्षा में थे, तभी मौका पाकर दोनों वहां से फरार हो गए।

**पुलिसकर्मियों के उड़े होश:** कोर्ट परिसर जैसे भीड़भाड़ वाले इलाके से कैदियों के गायब होने की खबर मिलते ही सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों ने अपने स्तर पर कोर्ट परिसर और आसपास के इलाकों में तलाश की, लेकिन जब सफलता नहीं मिली तो उच्च अधिकारियों और जेल प्रबंधन को इसकी सूचना दी गई।

### जांच में जुटी पुलिस

घटना की गंभीरता को देखते हुए सिविल लाइन्स पुलिस ने दोनों कैदियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। वहीं इस लापरवाही को लेकर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों पर भी गाज गिर सकती है।

## चौपहिया वाहन की रफ्तार पर विराम नहीं, दुपहिया वाहन चालकों को हो रही परेशानी

**रायपुर, 12 फरवरी।** पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू होने के बाद भी चोपहिया वाहनों की रफ्तार में विराम नहीं होने के कारण इन दिनों दुर्घटनाओं में इजाफा हुआ है। शहर के भीड़ भरे रास्तों से फूल रफ्तार से आड़ी टेढ़ी गाड़ी चलाने वाले चौपहिया वाहन चालकों पर ट्रैफिक पुलिस का कोई नियंत्रण नहीं है। 50 -60 पार करने वाले अधेड़ एवं बुजूर्गों को दोपहिया वाहन चलाने में काफी परेशानी अनुभव होती है। कुछ वाहन चालक तो इतने बदतमीज होते है कि जान बूझकर अधेड़ एवं बुजूर्गों को देखकर ठीक उनके वाहन के पास से जान बूझकर फूल रफ्तार गाड़ी चलाते है जिसकी वजह से आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। बुधवार देर रात को इसी तरह की घटना मोवा एफसीआई गोडाउन रोड पर देखने को मिली जब एक इनोवा कार एक बुजूर्ग को स्कूटर चलाते समय टक्कर मारकर फूल स्पीड से मोवा ओव्हरब्रीज की तरफ जाते दिखी जबकि बुजूर्ग किनारे वाहन चला रहे थे। इसी तरह की घटनाएं शहर के पाश इलाकों एवं मालवीय रोड सदर बाजार एमजी रोड एवं पुरानी बस्ती क्षेत्र में आए दिन दिखाई देती है। स्कार्पियों कार ब्लेक कलर की सिविल लाइन क्षेत्र में आज सुबह ही पोस्ट मास्टर जनरल के निवास के पास एक बुजूर्ग को जान बूझकर किनारे से टक्कर मारते हुए निकली जबकि मोटरसाइकिल सवार बुजूर्ग किनारे गाड़ी चला रहे थे।

# 20 लाख का अवैध गुटखा जब्त



**रायपुर, 12 फरवरी।** राजधानी रायपुर में अवैध रूप से गुटखा भंडारण पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। खमतराई क्षेत्र में की गई छापामार कार्रवाई में 160 बोरी सितार गुटखा और 300 बोरी तंबाखू जब्त किया गया, जिसकी कीमत 20 लाख रुपए बताई जा रही है। राजधानी में इस बड़ी कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, खमतराई इलाके में लंबे समय से अवैध रूप से गुटखा का भंडारण किया जा रहा था। दामों में बढ़ोतरी के बीच कालाबाजारी की आशंका पर पुलिस ने दबिश दी। कार्रवाई के दौरान मौके से 160 बोरी सितार गुटखा और 300 बोरी तंबाखू बरामद की गई। यह पूरी कार्रवाई रायपुर नार्थ के डीसीपी मयंक गुर्जर के नेतृत्व में की गई। स्थानीय पुलिस और फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारी मामले की जांच में जुटे हैं। जब्त सामग्री को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। रायपुर नार्थ डीसीपी मयंक गुर्जर ने बताया कि रायपुर क्राइम ब्रांच और स्थानीय थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने गुटखा भंडारण की सूचना पर बड़ी कार्रवाई की है. जानकारी के मुताबिक खमतराई थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में स्टोरेज रूम में सितार गुटखा और तंबाकू का भंडारण किया जा रहा था, जिसकी सूचना पर टीम ने छापेमार कार्रवाई कर 160 बोरी सितार और 300 बोरी तंबाकू कुल मशरूका 20 लाख रुपए जब्त किया गया है। संबंधित विभागों को भी सूचना दी गई है, ताकि पूरे मामले की जांच आगे बढ़ सके।

## छत्तीसगढ़ के पूर्व डीजीपी विश्वरंजन वेंटिलेटर पर

**रायपुर, 12 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) विश्वरंजन की तबीयत गंभीर बनी हुई है। उन्हें पिछले महीने पटना स्थित मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि उन्हें कार्डियक की समस्या हुई थी।



बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले उनकी हालत में सुधार के बाद उन्हें वेंटिलेटर से हटा लिया गया था, लेकिन मंगलवार को स्वास्थ्य अचानक बिगड़ने पर दोबारा वेंटिलेटर पर रखा गया है। फिलहाल उनकी स्थिति क्रिटिकल बताई जा रही है और डॉक्टरों की टीम लगातार निगरानी कर रही है।

**छत्तीसगढ़ के छठवें डीजीपी रहे विश्वरंजन:** बता दें कि विश्वरंजन छत्तीसगढ़ के छठवें डीजीपी रहे हैं। वर्ष 2007 में ओपी राठौर के असामयिक निधन के बाद तत्कालीन रमन सिंह सरकार ने उन्हें छत्तीसगढ़ पुलिस का प्रमुख नियुक्त किया था। वे लगभग चार वर्ष तक डीजीपी पद पर रहे।

**आईबी में रहा लंबा कार्यकाल:** 1973 बैच के आईपीएस अधिकारी विश्वरंजन को छत्तीसगढ़ सरकार ने डेपुटेशन से बुलाकर जुलाई 2007 में डीजीपी बनाया था। मध्यप्रदेश के विभाजन के बाद उन्हें छत्तीसगढ़ कैडर मिला था, हालांकि 2007 से पहले वे कभी छत्तीसगढ़ में पदस्थ नहीं रहे। वे लंबे समय तक इंटेलिजेंस ब्यूरो (ढ्क्क) में प्रतिनियुक्ति पर रहे और एडिशनल डायरेक्टर पद तक पहुंचे थे।

# भाठागांव की सड़क में गड्ढे के विरोध में उपवास करेंगे कन्हैया

**रायपुर, 12 फरवरी।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने कहा कि रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले भाठागांव के निवासी आज अभिशप्त जीवन जीने को मजबूर हैं। क्षेत्र की बदहाल सड़कों और कछुआ गति से चल रहे निर्माण कार्य के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए उन्होंने सरकार और प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि 16 फरवरी तक सड़कों की हालत नहीं सुधरी तो 17 फरवरी मंगलवार को उन्हीं गड्ढों में बैठकर एक दिन अन्य जल त्याग कर उपवास करेंगे।

कन्हैया अग्रवाल ने बताया कि जिस सड़क के निर्माण के लिए एक साल की समय सीमा तय की गई थी, उसे शुरू हुए 11 महीने बीत चुके हैं। इसके बावजूद धरातल पर मात्र 10 से 15 प्रतिशत कार्य ही पूरा हो पाया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि 'ट्रिपल इंजन' सरकार की इस सौगात से आज जन-जन प्रताड़ित है।

उन्होंने कहा कि सड़कों पर उड़ती धूल और गहरे गड्ढों के कारण क्षेत्र के निवासी, व्यवसायी और राहगीर भारी मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। धूल की वजह से लोगों को सांस और फेफड़ों से संबंधित बीमारियां हो रही हैं, वहीं गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। बदहाली का सीधा असर स्थानीय व्यापार पर पड़ रहा है, जिससे व्यापारियों की आर्थिक स्थिति चरमरा गई है।



**'ट्रिपल इंजन' सरकार की सुस्ती से व्यापार ठप और बीमारियां बढ़ी**

प्रशासनिक उदासीनता पर कड़ा प्रहार करते हुए कन्हैया अग्रवाल ने घोषणा की यदि 16 फरवरी (सोमवार) तक भाटागांव की सड़कों के गड्ढों को तत्काल नहीं भरा गया, तो 17 फरवरी (मंगलवार) को मैं अन्न-जल त्याग कर उन्हीं गड्ढों के बीच बैठकर एक दिवसीय उपवास करूंगा। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यह उपवास मात्र शुरुआत है। यदि इसके बाद भी निर्माण कार्य में तेजी नहीं लाई गई, तो क्षेत्र की जनता के साथ मिलकर एक बड़ा जन-आंदोलन छेड़ा जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। भाटा गांव की बदहाली के लिए उन्होंने क्षेत्र के लंबे समय तक विधायक रहे सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सुनील सोनी की उदासीनता को जिम्मेदार बताते हुए कहा कि क्षेत्र के नागरिकों को नर्क जैसी जिंदगी जीने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

## धान की फसल में स्टेम बोरर और लीफ फोल्डर पर टकाई है प्रभावी

**रायपुर, 12 फरवरी।** धान की फसल के लिए एक नया कीटनाशक टकाई को गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड ने लांच किया है। आईएसके जापान द्वारा विकसित साइक्लेप्रिन तकनीक से संचालित टकाई धान की फसल में प्रमुख कीट स्टेम बोरर पर प्रभावी है और लीफफोल्डर को भी नियंत्रित करता है।

गोदरेज एग्रोवेट के एमडी एवं सीईओ, सुनील कटारिया तथा जनरल मैनेजर मार्केटिंग अनिल कुमार चौबे ने पत्रवार्ता में बताया कि जब इसे 15-30 दिन बाद रोपाई (डीएटी पर 160 मिली की मात्रा में तथा पुनः 40-60 डीएटी के दौरान प्रयोग किया जाता है, तो यह धान की फसल को लंबे समय तक व्यापक सुरक्षा प्रदान करता है। कंपनी मक्का, मिर्च, पत्तागोभी, सोयाबीन, चना और गन्ना फसलों के लिए भी टकाई के लेबल अनुमोदन की प्रक्रिया में है।

तना छेदक के प्रकोप से गंभीर स्थिति में 30% से 40% तक उत्पादन हानि हो सकती है, जबकि लीफ फोल्डर के प्रकोप से 20% से 30% तक उपज प्रभावित होती है। ये कीट अक्सर फसत के शुरुआती और मध्य विकास चरणों में हमला करते हैं, जब इनकी पहचान और समय पर नियंत्रण करना चुनौतीपूर्ण होता है। इसी कारण, विश्व में धान का सबसे बड़ा उत्पादक होने के बावजूद (150.18 मिलियन टन उत्पादन), भारत की प्रति हेक्टेयर उपज लगभग 2.9 टन है, जो वैश्विक सर्वोत्तम औसत 5 टन प्रति हेक्टेयर से काफी कम है। उन्होंने ने कहा, गोदरेज एग्रोवेट में हमारा प्रयास किसानों को ऐसी फसत सुरक्षा समाधान देना है जो पर्यावरण और बाज़ार से जुड़ी चुनौतियों का सामना करने में मदद करें। आज टकाई का लॉन्च हमारी उस रणनीति के अनुरूप है, जिसके तहत हम अपने अनुसंधान कौशल और मजबूत जमीनी पहुंच का उपयोग करते हुए प्रमुख फसलों के लिए अपना पोर्टफोलियो मजबूत कर रहे हैं।

## छग में भी लाया जा सकता है यूसीसी गृहमंत्री विजय शर्मा ने दिए संकेत

**रायपुर, 12 फरवरी।** गृहमंत्री विजय शर्मा ने अपने बयान में कहा कि, यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू होना चाहिए और इसे हमारे प्रदेश में भी लाया जा सकता है। गृहमंत्री शर्मा ने आगे कहा कि, डॉ. सलीम राज ठीक कह रहे हैं, समझकर कह रहे हैं। गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि, देश में रहने वाले हर व्यक्ति पर समान कानून लागू हो। यह अभी भी है, जो संशोधन होने चाहिए वह आवश्यक है।



छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने समान कानून को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि देश मुस्लिम या ईसाई रीति-रिवाजों से नहीं, बल्कि एक कानून और संविधान से चलेगा।डॉ. सलीम राज द्वारा दिए गए बयान पर अब प्रदेश के डिप्टी सीएम पर गृहमंत्री विजय शर्मा का बयान सामने आया है।

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि, डॉ. सलीम राज ने अपने बयान में कहा कि देश मुस्लिम या ईसाई रीति-रिवाजों से नहीं, बल्कि एक कानून और संविधान से चलेगा। उन्होंने कहा कि भारत में दो तरह के कानून नहीं होने चाहिए और मुस्लिम रीति-रिवाजों के आधार पर अलग कानून की कोई ज़रूरत नहीं है। इसके अलावा उन्होंने वंदे मातरम के गायन का समय बढ़ाए जाने के फैसले को भी स्वागतयोग्य बताया। उन्होंने कहा कि देश में अब मुगल या बाबर का शासन नहीं है। उन्होंने दावा किया कि तुष्टिकरण की राजनीति को खत्म किया गया है और अब समानता की दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं।

# राजधानी में बढ़ी पुलिस की रात्रिकालीन गश्त





रायपुर, 12 फरवरी। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में कमिश्नरी लागू होने के बाद पुलिसिंग टाइट दिखाई दे रही है। और सुरक्षा सुनिश्चित करने पूरे सिस्टम में आयी कसावट लाई जा रही है। सेंट्रल ज़ोन अंतर्गत सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के बैजनाथ पारा और उसके आसपास में पुलिस टीम पूरे दल बल के साथ गश्त पर निकले, इस दौरान कुछ लोग दुकानों का शटर गिराकर उसकी आड़ में अवैध गतिविधियों का संचालन कर रहे थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पूछताछ की गई एवं तत्काल घेराबंदी कर 6 आरोपियों को मौके से पकड़ा गया। कानून से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध पूरे सेंट्रल ज़ोन क्षेत्र में सघन निगरानी कर, पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है।

## बस्तर पण्डुम और ओलंपिक से बस्तर को वैश्विक पहचान मिली : किरण देव

**रायपुर, 12 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने बस्तर संभाग को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने कहा कि बस्तर में आज विकास की बयार चल रही है। बस्तर अंचल की सोच अब तेजी से बदल रही है। बस्तर अंचल की कलाकृति, समृद्ध जनजातीय संस्कृति, सरल जीवन, प्राकृतिक सौंदर्यता आज दुनिया में सबसे ज्यादा लोकप्रिय हुआ है। बस्तर पंडुम एवं बस्तर ओलंपिक जैसे आयोजन में देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने इस भव्य आयोजन में शामिल होकर बस्तर की संस्कृति को अलौकिक बताया, वहीं केन्द्रीय गृह अमित शाह बस्तर को एक विकसित अंचल बनाने के लिए कार्य कर रहें है।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने कहा कि आज बदले हुए बस्तर की झलक हाल ही में आयोजित बस्तर पंडुम महोत्सव में देखने को मिली जिसकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया के माध्यम से खुले दिल से सराहना की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संदेश में कहा कि बस्तर पंडुम ने बस्तर की संस्कृति, परंपरा और जनजातीय विरासत को राष्ट्रीय मंच पर मजबूती से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि जब बस्तर का नाम सुनते ही माओवाद और हिंसा की छवि सामने आती थी लेकिन आज यह क्षेत्र विकास शांति और स्थानीय लोगों के बढ़ते आत्मविश्वास के लिए जाना जा रहा है। बस्तर की पहचान अब केवल संघर्ष की नहीं बल्कि सांस्कृतिक संभावनाओं की भूमि के रूप में उभर रही है। आने वाला समय बस्तर के लिए शांति, प्रगति और समृद्धि लेकर आएगा।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने कहा कि बस्तर की चित्रकूट, तीरथगढ़ एवं मां दंतेश्वरी मंदिर सैलानियों को अत्यधिक प्रिय है। बस्तर के पर्यटन गांवों को वैश्विक पहचान और ईको-टूरिज्म के तौर पर नया रूप दिया जा रहा है। यहां की आदिवासी विरासत, जलप्रपात, गुफाएं और होम-स्टे नीति से न केवल सैलानियों के लिए आकर्षण बढ़ा है, बल्कि स्थानीय लोगों को भी रोज़गार के नए अवसर मिले हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर जिले के छोटे से गांव धुड़मारास ने देश और दुनिया में अपनी अनोखी पहचान बनाई है। बस्तर जिले के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में स्थित धुड़मारास गांव को संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन द्वारा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव के उन्नयन कार्यक्रम के लिए चयनित किया गया है। संयुक्त राष्ट्र के पर्यटन ग्राम उन्नयन कार्यक्रम के लिए 60 देशों से चयनित 20 गांवों में भारत के छत्तीसगढ़ राज्य के धुड़मारास ने भी अपनी जगह बनाई है।

## 13 फरवरी को थैलेसीमिया और सिकलसेल की निशुल्क जांच



**रायपुर, 12 फरवरी।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के फाफाडीह में 13 फरवरी 2026 को थैलेसीमिया और सिकलसेल की निशुल्क जांच की जाएगी। यह पहल काश फाउंडेशन ने की है। फाउंडेशन की अध्यक्ष सुरेश काजल सचदेव ने बताया कि थैलेसीमिया एवं सिकलसेल जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित बच्चों के लिए 13 फरवरी 2026 को सचदेव धर्मशाला हाल रमन मंदिर मार्ग फाफाडीह रायपुर में निःशुल्क एचएलए जांच एवं परामर्श जागरूकता शिविर आयोजित किया जा रहा है।

शिविर का मुख्य उद्देश्य दूर-दराज़ एवं ग्रामीण अंचलों के जरूरतमंद बच्चों तक जांच और परामर्श की सुविधा पहुंचाना है। इसमें बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश, उड़ीसा, महाराष्ट्र से बच्चे आ रहे हैं। एचएलए टेस्ट डीकेएमएस बंगलौर संस्था की तरफ से निःशुल्क किया जा रहा।

उन्होंने बताया कि यह मुंह की लार से होता है। रिपोर्ट लगभग 4 माह में जर्मनी से आती है। नारायणा हेल्थ सिटी के डा सुनील भट जो कि अभी तक ढाई हजार बोन मैरो ट्रांसप्लांट कर चुके हैं, इन बच्चों को परामर्श देंगे और टेस्ट करेंगे। ल्यूकेमिया, अपलास्टिक, एनीमिया, कैंसर और सिकलसेल के बच्चे भी निःशुल्क दिखा सकते। फाउंडेशन ने आमजन से अपील की है कि अधिक से अधिक लोग इस जानकारी को साझा करें, ताकि कोई भी जरूरतमंद बच्चा इस अवसर से वंचित न रहे।

**निरीक्षण** कांग्रेसियों ने किया जिला ग्रामीण के माना मंडल के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय का दौरा

# ग्रामीण बच्चों की शिक्षा के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : कांग्रेस

**रायपुर, 12 फरवरी।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने आज जिला ग्रामीण के माना मंडल अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान कांग्रेस ग्रामीण विधानसभा प्रत्याशी पंकज शर्मा की विशेष उपस्थिति रही। निरीक्षण में संत मां कर्मा ब्लॉक अध्यक्ष हीरेंद्र देवांगन, माना मंडल अध्यक्ष मनीष मानिक, युवा कांग्रेस ग्रामीण विधानसभा अध्यक्ष तीरथ साहू, धरमपुरा सरपंच गोपी यादव, वासुदेव कुंडू, सुजीत दास, जनपद सदस्य कृणाल सिन्हा, परमानंद साहू, पार्षद गोपाल पाल, डी. संतोष, समीर पाल, लक्की यादव, टेमरी सरपंच देवलाल साहू सहित रसैय्या एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा कि भाजपा सरकार गरीब बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता देने के बजाय इन स्कूलों को जानबूझकर कमजोर कर रही है। 2 लाख रुपये बकाया बिजली बिल से स्कूल अंधेरे में डूब सकता है। यह शिक्षा के अधिकार का हनन है। कांग्रेस राज्यव्यापी संघर्ष करेगी और तत्काल बजट बहाली, बकाया बिल भुगतान एवं सुविधाएं बहाल करने की मांग करेगी।

पंकज शर्मा ने कहा कि रायपुर ग्रामीण विधानसभा के माना मंडल का यह स्कूल पूरे छत्तीसगढ़ के आत्मानंद स्कूलों की तस्वीर है। अभिभावक देख रहे हैं कि आगे चल के बच्चे अंधेरे में पढ़ाई करने को मजबूर होंगे भाजपा 'विकसित भारत' का नारा दे रही है, लेकिन गरीबों की शिक्षा को अंधकार में धकेल रही है। हम मांग करते हैं – तुरंत बजट बढ़ाएं, 2 लाख का बकाया बिजली बिल चुकाएं और स्कूलों को पूर्व स्थिति में लाएं। कांग्रेस गरीबों की शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और यह लड़ाई जीतेगी। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण सरकार से तत्काल कार्रवाई की मांग करती है। अन्यथा राज्यव्यापी आंदोलन होगा।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26